स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

गुरुवार, 7 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 251 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

आदिवासियों को वनवासी कहना उनका अपमान ...पेज-12

आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)
सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219
9455555965, 9415133977

गाजियाबाद में देश की पहली रीजनल रैपिड रेल व आगरा में दौड़ी मेट्रो

- यूपी के 6 शहरों मेट्रो सेवा शुरू : योगी

आगरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता से आगरा मेट्रो का वर्चुअली लोकार्पण किया।श्री मोदी के झंडी दिखाते ही आगरा मेट्रो के नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। इसके प्राथमिक भूमिगत सेक्शन का निर्माण 32 महीने में होना था, लेकिन यह 23 महीने में ही बनकर तैयार हो गया। प्रधानमंत्री ने सात दिसंबर 2020 को आगरा मेट्रो का शिलान्यास किया था। इस मौके पर ताज महल मेट्रो स्टेशन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेट्रो स्टेशन के अंदर एआई से निगरानी की जाएगी। वही गाजियाबाद में देश की पहली रीजनल रैपिड रेल के सेकेंड फेज शुरू हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता से वर्चुअली इसका इनॉगरेशन किया। नमो भारत रैपिड रेड का सेकंड फेज दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ स्टेशन तक करीब 17 किलोमीटर लंबा होगा। इसके शुरू होने से रैपिड रेल अब साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ स्टेशन तक 34 किलोमीटर चलेगी। एनसीआरटीसी ने इस खंड का यात्री किराया भी तय कर दिया है। यात्रियों को साहिबाबाद से मोदीनगर नार्थ तक सामान्य श्रेणी कोच में 90 रुपये और प्रीमियम कोच में 180 रुपये किराया देना होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आज हमारे पास मेट्रो ऑपरेशनल का नेटवर्क करीब 906 किमी है। करीब 940 किमी लाइन पर काम चल रहा है। जब 940 किमी लाइन का काम पूरा हो जाएगा, तब हमारे पास विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो रूट होगा। आज हम सब पीएम मोदी के साथ जुड़े। और आज कोलकाता में भारत की पहली अंडरवॉटर मेट्रो रेल का भी उद्घाटन हुआ। ये हमारे लिए एक और बड़ा कदम है। आगरा मेट्रो यूपी की छठवीं मेट्रो है। पहले चरण में अभी छह किलोमीटर तक मेट्रो चलेगी। इसके बीच में प्राथमिकता कॉरिडोर में छह स्टेशन शामिल हैं। जिनके बीच गुरुवार से आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा मेट्रो में सफर भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने वर्चुअली शुभारंभ किया। प्रोजेक्ट की क्वालिटी के साथ ही समयबद्धता महत्व रखती है। आगरा मेट्रो ने इस मानक को बनाये रखा है...शुभकामनाएं। योगी ने कहा कि दिसंबर 2021 में आगरा मेट्रो कार्य का शुभारंभ हुआ था और दो वर्ष के अंदर ही प्रायोरिटी सेक्शन के 6 किमी का पहला कार्य पूरा कर लिया गया, जिसमें तीन एलिवेटेड और तीन भूमिगत मेट्रो स्टेशन है। इस कार्य को पूरा करने के साथ ही इसमें मेट्रो सेवा भी प्रारंभ हो चुकी है।

आगरा मेट्रो के शुरू होने के साथ ही उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसके पास सबसे अधिक शहर में मेट्रो की सुविधा है। इससे पहले लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और कानपुर में मेट्रो सेवा प्रारंभ हो चुकी है।

आज मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश के छठवें शहर आगरा में ब्रजवासियों के लिए, आगरा वासियों के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की एक बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हुई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश मेट्रो कारपोरेशन ने कानपुर मेट्रो, लखनऊ मेट्रो और आगरा मेट्रो के कार्य को जिस तत्परता के साथ किया है, उसकी सर्वत्र पर सराहना हुई है। तीन अंडरग्राउंड स्टेशन को तीन किमी क्षेत्र में, उन्हें विकसित करने में एक तय समय सीमा से पहले कार्य करके देश के अंदर सबसे पहले तीव्र गति से कार्य करने का कीर्तिमान हासिल करने वाली आगरा मेट्रो हुई है। यह अपने आप में एक उपलब्धि है।योगी ने यूपीएमआरसी को उनकी इस सेवा के लिए हृदय से धन्यवाद दिया और कहा कि पीएम मोदी के विजन को जिस प्रभावी ढंग से उत्तर प्रदेश वासियों के हित में और उत्तर प्रदेश आने वालों के हित में, पर्यटन और पर्यटकों के हित में इस कार्य को यूपीएमआरसी ने करके दिखाया है।

संक्षिप्त आवाज़

सेंसेक्स पहली बार 74 हजार के पार

मुंबई। शेयर बाजार में हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन फिर उठा-पटक दिखा हालांकि आखिरकार बाजार नई ऊंचाइयों पर बंद हुआ। बुधवार के कारोबारी सेशन के बाद पहली बार सेंसेक्स 408.86 अंकों की बढ़त के साथ 74,085.99 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 117.75 अंक उछलकर 22,474.05 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 7 पैसे की मजबूती के साथ 82.83 रुपये (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया।

कोरोना पॉजिटिव हुए राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कोरोना संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। सीएम ने बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमित होने का पता चलने पर उन्होंने खुद को आइसोलेट कर दिया है। भजनलाल शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट लिखी है। उन्होंने लिखा है, स्वास्थ्य परीक्षण करवाने पर आज मेरी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मैं सेल्फ आइसोलेशन में हूं और चिकित्सकों के परामर्श का पालन कर रहा हूं। आगामी सभी कार्यक्रमों में वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित रहूंगा।

अमेठी और वायनाड से राहुल रायबरेली से प्रियंका लड़ेंगी चुनाव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के ऐलान के बाद प्रत्याशियों का भी ऐलान हो रहा है। कांग्रेस ने औपचारिक रूप से ऐलान करते हुए बताया कि राहुल गांधी अमेठी और वायनाड से तो प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी।

नये सात ईएसआई अस्पतालों की स्वीकृति

नई दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने ओडिशा, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओडिशा में सात नये अस्पतालों के निर्माण को स्वीकृति दी है, जिन पर कुल 1128.21 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आयेगी।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्थायी समिति की 231वीं बैठक कल देर शाम श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता डावरा की अध्यक्षता में यहां हुई। इस बैठक में बीमित श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा देखभाल और नकद लाभ की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक के दौरान कुल 1128.21 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कर्नाटक के हारोहल्ली, नरसापुरा और बोम्मसंद्रा, उत्तर प्रदेश के मेरठ और बरेली, मध्य प्रदेश के पीथमपुर और ओडिशा के दुबुरी में सात नये ईएसआई अस्पतालों के निर्माण को स्वीकृति दी गयी। इन अस्पतालों का निर्माण जल्दी शुरू हो जायेगा।

शाहजहां शेख मामले में उलझी दीदी

संदेशखाली

- हाईकोर्ट ने ईडी को अवमानना केस दायर करने की दी मंजूरी

कोलकाता। शाहजहां शेख और संदेशखाली के मुद्दे पर पश्चिम बंगाल सरकार फंसती दिख रही है। दरअसल कलकत्ता हाईकोर्ट ने ईडी को बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की मंजूरी दे दी है। दरअसल पश्चिम बंगाल पुलिस ने हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद टीएमसी नेता शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपने से इनकार कर दिया था। ईडी की तरफ से डिप्टी सॉलिसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने हाईकोर्ट से बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने और उस पर जल्द सुनवाई की अनुमति मांगी, जिसकी हाईकोर्ट पीठ ने मंजूरी दे दी। कलकत्ता हाईकोर्ट की जस्टिस हरीश टंडन और हिरण्मय भट्टाचार्य की डिविजन बेंच ने ईडी को बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की मंजूरी दी। इससे पहले मंगलवार को हाईकोर्ट ने ईडी टीम पर हमले की जांच सीबीआई को सौंपने और सीबीआई को शाहजहां शेख की कस्टडी देने का निर्देश दिया था। कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई की टीम मंगलवार को भवानी भवन स्थित सीआईडी हेडक्वार्टर में करीब दो घंटे तक इंतजार करके वापस लौट गई, लेकिन बंगाल पुलिस ने शाहजहां शेख की कस्टडी सीबीआई को यह कहकर सौंपने से इनकार कर दिया कि बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम की पीठ ने ईडी टीम पर हमले की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया था। हालांकि बंगाल पुलिस ने सीबीआई को शाहजहां शेख को नहीं सौंपा, जिस पर बंगाल की सरकार घिरती नजर आ रही है।

सीबीआई को शाहजहां शेख की मिली कस्टडी : कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के 26 घंटे बाद बंगाल पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआई के हवाले कर दिया। जांच एजेंसी की एक टीम दोपहर 3:45 पर पुलिस हेडक्वॉर्टर पहुंची थी। शाम 6:30 के बाद सीबीआई को शाहजहां की कस्टडी मिली। सीबीआई अब शाहजहां को मेडिकल टेस्ट कराने ले गई है। गुरुवार से उससे पूछताछ शुरू की जाएगी। इससे पहले बंगाल पुलिस की सीआईडी ने शेख को सीबीआई के सुपुर्द करने से पहले उसका मेडिकल टेस्ट कराया था। मंगलवार को हाईकोर्ट ने 4.30 बजे बंगाल पुलिस को शाहजहां को केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपने का आदेश दिया था। पुलिस ने कहा था कि मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है। इसलिए शाहजहां को सौंप नहीं सकते। इसके बाद सीबीआई दो घंटे के इंतजार के बाद लौट गई थी।

बुधवार को हाईकोर्ट के दोबारा दखल के बाद पुलिस ने कस्टडी सौंपी।

सीएनजी के रेट आज से होंगे कम

लखनऊ। ग्रीन गैस लिमिटेड ने सीएनजी के रेट 7 मार्च से कम होंगे। लखनऊ, आगरा, उन्नाव में प्रति किलो सीएनजी के रेट में करीब दो रुपए प्रति किलो के हिसाब से कमी की गई है। 94.75 रुपए किलो बिकने वाली सीएनजी अब 92.25 रुपए किलो के हिसाब से मिलेगी। ऐसे में कुल 2.50 रुपए की कमी कर गई है। कंपनी ने रेट कम करने का फैसला इन शहरों के अलावा अयोध्या के लिए भी किया है। अयोध्या में रु 92.35 किलो सीएनजी मिलेगी यहां अभी तक रेट 94.85 किलो था। हालांकि इसमें लखनऊ और आगरा में काफी ज्यादा लोग सीएनजी गाड़ियों का इस्तेमाल करते है। ऐसे में यहां रेट बढ़ाने का असर सवारी गाड़ियों पर निश्चित तौर पर पड़ेगा। कंपनी के एजीएम मार्केटिंग प्रवीण सिंह ने बताया कि सुबह 6 बजे से घटे रेट के साथ सीएनजी की बिक्री शुरू हो गई है। इससे पहले रेट बढ़ते रहे हैं।

खत्म हुआ सैफई का खौफ : योगी

- सीएम ने 500 बेड अस्पताल का किया उद्घाटन
- पिछली सरकार नारियल फोड़कर शुभारंभ तो कर देते थे...

इटावा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सैफई पहुंचे। जहां वह सैफई मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम के मंच पर पहुंचे तो तालियां बजाकर उनका लोगों ने स्वागत किया। कुलपति प्रोफेसर/ डॉक्टर प्रभात कुमार ने अस्पताल की उपलब्धियां बताई। इस दौरान मंच पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, चिकित्सा राज्य मंत्री, स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव, सांसद राम शंकर कठेरिया, विधायक सरिता भदौरिया मौजूद रहे। सीएम योगी ने मुलायम सिंह यादव को सैफई में मेडिकल कॉलेज बनवाने के लिए याद किया। उन्होंने कहा कि उनके इस विश्विद्यालय को बनवाने की वजह से पूरे भारत के छात्र यहां आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले इटावा के नाम से लोग डरते थे। अब यहां देश के युवा तैयार हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि कुछ लोगों की कानाफूसी करने की आदत रही है। उन्होंने कहा कि अब अपना और पराया नहीं होता। अब सबके लिए काम होता है। मोदी जी के सबका विकास के उद्देश्य के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उपचार के लिए रुपये की कमी नहीं। 108 और 102 के रिस्पॉन्स टाइम को काम किया है। हर जनपद में एडवांस लाइफ सपोर्ट की चार से पांच गाड़ियां हैं। जहां पहले पूरे प्रदेश में छह-सात कार्डिक की गाड़ियां थीं। अब सभी जनपद में हैं। उत्तर प्रदेश में सरकार कोई भेदभाव नहीं करती। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार नारियल फोड़कर शुभारंभ तो कर देते थे, लेकिन बजट नहीं देते थे। मेडिकल कॉलेज को टोकन मनी के नाम पर एक लाख रुपये दिए जाते थे। सपा का बिना नाम लिए तंज कसा कि आज नियुक्ति पत्र पाने वालों के चहरे पर शिकन नहीं थी। अब इटावा और सैफई के नाम से डर नहीं लगता। 1996 का जिक्र करते हुए कहा कि वह जयपुर से आगरा रात में पहुंचे थे।

मेरठ में पकड़े गए सॉल्वर गैंग के छह सदस्य

लखनऊ। मेरठ में पुलिस के एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। कंकरखेड़ा पुलिस ने सॉल्वर गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आरोपियों के मोबाइल से पेपर लीक करने के सबूत मिले हैं। वहीं, पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसटीएफ प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व यूपी पुलिस की भर्ती परीक्षा हुई थी। लेकिन परीक्षा से एक दिन पहले सेंधमारी कर सॉल्वर गैंग ने यूपी पुलिस का पेपर लीक कर दिया था। जिसके बाद पुलिस महकमे हड़कंप मच गया था। पुलिस तभी से सेंधमारी करने वाले सभी आरोपियों की तलाश में जुटी थी। एसटीएफ मेरठ ने मंगलवार रात हाईवे से पेपर लीक करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ सभी आरोपियों को पड़कर कंकरखेड़ा थाने ले आई।

अर्थ आवाज़

हाउस ऑफ वेदा के ऑर्गेनिक फूड प्रोडक्ट्स लॉन्च

लखनऊ। प्रीमियम हैल्थ एवं वैलनेस ब्रैंड-हाउस ऑफ वेदा ने अपने कारोबार में विस्तार करते हुए अपनी ऑर्गेनिक फूड प्रोडक्ट रेंज को लखनऊ में लॉन्च किया। इस लॉन्च से लखनऊ में लगातार बढ़ती हेल्थ एंड वेलनेस मार्केट में अपनी प्रासंगिकता बढाने के लिए कंपनी निरंतर जुटी है। हाउस ऑफ वेदा आयुर्वेद से प्रेरित ब्रैंड है जो प्राचीन ज्ञान और परंपरा के अनुरूप तैयार ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज प्रस्तुत करता है। इनमें सर्टिफाइड ऑर्गेनिक हर्बल टी और इनफ्यूशंस, दालें और बीन्स, कोल्ड-प्रैस्ड ऑयल, ऑर्गेनिक और स्प्राउटेड फ्लोर्स और बहुत कुछ शामिल हैं। हाउस ऑफ वेदा इस से पहले पंजाब और दिल्ली में अपनी पहचान बना चुका है और अब लखनऊ मार्केट में ब्रांड ने काफी ऑपर्च्युनिटी के कारण अपने हेल्थ और वेलनेस प्रोडक्ट्स को यहां के सेहत को लेकर सजग ग्राहकों के लिए उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है। ग्राहकों के बदलती प्राथमिकताओं और हाई क्वालिटी वेलनेस सॉल्यूशंस की बढ़ती मांग को मद्देनजर रखते हुए, हाउस ऑफ वेदा ने स्थानीय नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने का जिम्मा उठाया है।

पीएम ने किया भारत टेक्स-24 का उद्घाटन

नयी दिल्ली। भारत टेक्स-24 टेक्सटाइल उद्योग में एक वैश्विक टेक्सटाइल महा इवेंट गत 26 को भारत मंदिर दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आधिकारिक लॉन्च किया। यह इवेंट 11 टेक्सटाइल निर्यात प्रोत्साहन परिषदों के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया, जिसे केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्रालय का समर्थन मिला। व्यापार और निवेश के बुनियादी स्तंभों पर निर्मित और पर्यावरणीय स्थायित्व पर ध्यान देते हुए 4 दिवसीय इवेंट को परंपरा और प्रौद्योगिकी का बुनियादी वायदा किया, जो नीति निर्माताओं और वैश्विक सीईओओं के साथ 3,500 से अधिक प्रदर्शकों, 50 से देशों से 3,000 खरीददारों और 100 देशों से 40,000 व्यापारिक पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। 2 मिलियन वर्ग फीट में प्रदर्शनी जो पूरे भारतीय टेक्सटाइल प्रणाली को स्थापित करने में मदद करेगा, उसकी सामर्थ्यों का प्रदर्शन करेगा और भारतीय टेक्सटाइल पारिस्थितिकी में गति प्राप्त करेगा। भारत टेक्स-24 एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय उद्योग प्लेटफ़ॉर्म है, जिसमें प्रदर्शन, ज्ञान सत्र, विषयवस्तु विचार-विमर्ष, सरकार के संवाद बैठकें, व्यापार-से-व्यापार नेटवर्क, यादनामे के समझौते, उत्पादन लॉन्च, विषयवस्तु और इंटरैक्टिव पैविलियन और अन्य गतिविधियाँ शामिल हैं।

रेड एफएम का नए आईपी द अवध कनेक्शन लॉन्च

नयी दिल्ली। रेड एफएम ने अपने नए आईपी द अवध कनेक्शन के लॉन्च की घोषणा की, जो अवधी संस्कृति, संगीत एवं व्यंजनों का प्रतीक है। कार्यक्रम का आयोजन 9 मार्च को दोपहर 12 बजे से संगीत नाटक अकादमी में किया जाएगा। भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध ब्राण्ड के रूप में द अवध कनेक्शन शहर की सदियों पुरानी संस्कृति एवं कला का प्रतीक है। अवधी प्रतिभा के विभिन्न पहलू कार्यक्रम में आकर्षण का केन्द्र होंगे। सौरव एवं गौरव के साथ कथक, सृष्टि माथुर द्वारा ठुमरी, अदनान द्वारा फ्लुट्रोनिक्स, षडज द्वारा स्टोरीटेलिंग एवं म्युज़िक परफोर्मेन्स और शिंजिनी कुलकर्णी कथक उस्ताद पंडित बिरजू महाराज की पोती द्वारा कथक। इस सांस्कृतिक आयोजन के दौरान एक्सपीरिएंस ज़ोन के बीच इंडोर एवं आउटडोर स्टेज होगी। इस ज़ोन में दर्शक स्वादिष्ट व्यंजनों, सेल्फी स्पॉट्स एवं खरीददारी का आनंद उठा सकेंगे। निशा नारायणन डायरेक्टर एवं सीओओ रेड एफएम एण्ड मैजिक एफएम ने कहा रेड एफएम स्थानीय ब्राण्ड के रूप में समावेशन और विविधता का प्रतीक है। हमने भारत की हेरिटेज को बढ़ावा देने के लिए अपने को समर्पित किया है। द अवध कनेक्शन अवध की कलात्मक परम्परा की अभिव्यक्ति है।

निवेश करना है तो टाटा एआईए प्लान्स के बारे में सोचें

मुंबई॰। टाटा एआईए ने धन जुटाने के इच्छुक निवेशकों के लिए गत वर्षों नए निवेश के अवसर पेश किए हैं। टाटा एआईए ने कई अलग थीम्स को लेकर 8 यूनिट लिंक्ड उत्पादों का प्रभावकारी सूट विकसित किया। इन उत्पादों ने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन करते हुए कई समयावधियों में अच्छे रिटर्न कमाए हैं। बेहतरीन प्रदर्शन के साथ इन फंड्स को उच्च रेटिंग भी मिला है। वैश्विक बेंचमार्क मॉर्निंगस्टार रेटिंग्स ने टाटा एआईए लाइफ के रेटेड एयूएम में से 95.25 प्रतिशत को 31 जनवरी को पांच सालों के आधार पर 4 या 5 स्टार रेटिंग दिए हैं। फंड के प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए यूनिट लिंक्ड समाधानों का एक सेट प्रस्तुत किया है, जिसे उपभोक्ता खरीद सकते हैं। इनमें फॉर्च्यून प्रो, वेल्थ प्रो, फॉर्च्यून मैक्सिमा आदि जैसे उत्पाद शामिल हैं। हाल के वर्षों में टाटा एआईए ने परम रक्षक (पीआर) सीरीज़ के तहत इन्वेस्टमेंट लिंक्ड प्लान्स नामक समाधान पेश किए हैं। अपनी तरह के अनोखे ये समाधान अपनाकर उपभोक्ता उच्च सुरक्षा कवर के साथ बाज़ार से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं, इससे उन्हें धन जुटाने के अवसरों के साथ वित्तीय सुरक्षा के दोहरे लाभ भी मिलते हैं।

नेशनल पोकर सीरीज इंडिया-24 की शानदार शुरुआत

नयी दिल्ली। नेशनल पोकर सीरीज इंडिया देश की प्रतिष्ठित और अपेक्षित पोकर सीरीज के चौथे एडिशन की शुरूआत 3 मार्च को हुई है। पहले दिन मिलीं 11800 से ज्यादा एंट्रीज के साथ नेशनल पोकर सीरीज इंडिया ने 21 दिनों का सफर शुरू किया। इसमें देश की बढ़ती पोकर कम्युनिटी का एक-दूसरे से मुकाबला होगा, हुनर का रोमांचक खेल दिखेगा और इनाम भी मिलेगा। पोकर सीरीज में पहली बार 50 करोड़ के प्राइज मिल रहे हैं। इस साल के इवेंट में जीते जाने के लिये 450 से ज्यादा मेडल्स हैं। प्लेयर्स भारत में किसी पोकर सीरीज से मिल रहा बेहतरीन अनुभव पाने के लिये तैयार हैं। सीरीज में 150 टूर्नामेंट्स होंगे, जिनकी शुरूआत 3 मार्च से हुई जो 24 मार्च को खत्म होंगे। नेशनल पोकर सीरीज इंडिया-24 को अपने पहले ही दिन देश से 11,800+ एंट्रीज मिली हैं। इसके अलावा किक-ऑफ टूर्नामेंट में ही शानदार 2,500+ एंट्रीज के साथ गत रिकॉर्ड टूट चुके हैं। गत एडिशन से 25 प्रतिशत ज्यादा हैं। दिल्ली एनसीआर के ऋत्विक खन्ना ने किक-ऑफ इवेंट में इस एडिशन का पहला गोल्ड मेडल जीतकर विजेता का ताज पहना। नेशनल पोकर सीरीज इंडिया ने अपने आप में अनोखी पोकर रियलिटी सीरीज एनपीएस कैम्प का आयोजन भी किया, ताकि प्लेयर्स सीरीज की तैयारी कर सकें।

जे. हैम्पस्टेड का एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट खुला

लखनऊ। अपनी असाधारण गुणवत्ता और विशेष सिलाई की कला के लिए प्रसिद्ध जे. हैम्पस्टेड को लखनऊ में अपने पहले एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट (ईबीओ) के लॉन्च की घोषणा की। ईबीओ क्षेत्र में प्रीमियम फैशन प्रेमियों के लिए नए क्षितिज का प्रतीक है, जो शानदार सूटिंग, शर्टिंग कपड़े, रेडीमेड परिधान और कस्टम सिलाई सेवाओं की एक श्रृंखला पेश करता है। एक समृद्ध सिलाई विरासत से प्रेरित होकर जे. हैम्पस्टेड 1995 से फैशन के क्षेत्र में सबसे आगे रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय डिजाइन और एक अभिनव रंग पैलेट प्रदान करते हैं जो मानदंडों को फिर से परिभाषित करता है। ब्रांड अपने ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए परंपरा को आधुनिकता के साथ सामंजस्यपूर्ण ढंग से जोड़ता है। सबसे प्रिय ऊनी रेशों, कश्मीरी, किड मोहायर, मेरिनो ऊन और रेशम से बने अपने बेहतर गुणवत्ता वाले कपड़ों के लिए जाना जाता है, जे. हैम्पस्टेड शैली, व्यक्तित्व और वर्ग का प्रतीक है। ब्रांड में सूती और लिनन कपड़ों का प्रीमियम संग्रह भी शामिल है, जिसमें मजबूत 25 ली से लेकर अति सूक्ष्म 150 ली तक के धागे शामिल हैं।

डी बीयर्स फॉरएवरमार्क का फॉरएवरमार्क सेटिंग कलेक्शन पेश

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डी बीयर्स फॉरएवरमार्क अपने फॉरएवरमार्क सेटिंग कलेक्शन प्रदर्शित करते हैं। डी बीयर्स अपने नेचुरल एवं एथिकल डायमंड्स के लिए पहचाने जाते हैं। डी बीयर्स की ज्वेलरी का यह अनूठा सेट महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों का सम्मान करता है, जो सौंदर्य और सशक्तिकरण का खास प्रतीक हैं। फॉरएवरमार्क सेटिंग ज्वेलरी अपनी सदाबहार अपील और प्रतिष्ठित शिल्प कौशल के लिए प्रसिद्ध है। डी बीयर्स फॉरएवरमार्क डायमंड के लुभावने आकर्षण को बढ़ाने के लिए हीरे के हर टुकड़े को बड़ी मेहनत एवं कौशल से तैयार किया है। फॉरएवरमार्क डायमंड की चमक और उसकी खास पहचान को बढ़ाने के लिए, नाजुक सेटिंग से लेकर जटिल डिटेल्स तक, ज्वेलरी के हर पहलू को बारीकी से तैयार किया है। डिटेल्स और गुणवत्ता पर सावधानीपूर्वक ध्यान देने साथ फॉरएवरमार्क सेटिंग ज्वेलरी विशेषज्ञता और चिरस्थायी गरिमा की मिसाल पेश करती है, जो इसे सदाबहार स्टाईल और शुद्धता का प्रतीक बनाता है। फॉरएवरमार्क सेटिंग कलेक्शन शाहनजफ रोड सहारागंज मॉल के सामने लखनऊ में डी बीयर्स फॉरएवरमार्क एक्सक्लूसिव स्टोर पर उपलब्ध है।

हिमालया का आरसीबी से वुमन्स टी20 लीग में करार जारी

कानपुर। वुमन्स टी20 लीग के उद्घाटन सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू (आरसीबी) के साथ अपनी साझेदारी की सफलता को देखते हुए वेलनेस ब्राण्ड हिमालया वेलनेस ने मौजूदा सत्र के लिए टीम के साथ साझेदारी जारी रखने की घोषणा की। इस लीग में सुंदरता को सकारात्मक रूप में अपनाया गया था। इस साल ञ्ड्डद्मद्गस्य्स्क्क्ष्ञ्ज कैम्पेन के साथ मैदान पर मेहनत से अर्जित उन स्पॉट्स और उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित किया। इस अनूठे कैम्पेन के माध्यम से हिमालया यह बताना चाहता है कि चेहरे के अनचाहे सपॉट्स, उपलब्धियों के उन स्पॉट्स की जगह कभी नहीं ले सकते। ऐसे में यह ब्राण्ड हिमालय डार्क स्पॉट क्लियरिंग टर्मिरिक फेस वॉश और फेस केयर रेंज लेकर आया है। हिमालया की नई पेशकश हिमालया डार्क स्पॉट क्लियरिंग टर्मिरिक फेस वॉश के लिए नए कैंपेन ञ्ड्डद्मद्गस्य्स्क्क्ष्ञ्ज में बेहद दमदार मैसेज है। क्रिकेट के मैदान पर अपनी जगह बरकरार रखने के लिए जीतोड़ मेहनत करने वाले आरसीबी खिलाड़ियों की तरह ही हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी जगह बनाने और सही स्थान पाने के लिए मुकाबला करती हैं। हिमालया डार्क स्पॉट क्लियरिंग टर्मिरिक फेस वॉश और फेस केयर रेंज आसानी से चेहरे के उन अनचाहे स्पॉट से मुकाबला करती है। टर्मिरिक फेस केयर रेंज में ऑर्गेनिक हल्दी की ताकत है।

सड़क हादसे में चार छात्रों की मौत

■ आधा दर्जन छात्र गंभीर रुप से घायल मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती ।

शाहजहांपुर। तेज़ रफ़्तार स्कूली वैन का टायर फटने से अनियंत्रित होकर खाई में पलटी चार छात्रों की मौके पर मौत, परिजनों में मचा कोहराम जलालाबाद के कांट में वरेड़ा गांव निवासी नौ छात्र छात्राओं ने जैतीपुर में बोर्ड परीक्षा देने जाने के लिए ईको किराये पर की थी। सुबह करीब पौने सात बजे कांट-जलालाबाद मार्ग स्थित जरावन क्र। श क्र बैंक के सामने गांव के पास कार का टायर फट गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराने के बाद पलट गई। उसमें सवार कांट के हरिपुर गांव निवासी प्रतिष्ठा, बरेड़ा गांव निवासी अनुराग, बरेंदा निवासी मोहिनी और जाजू नगला निवासी अनुरूप की मौत हो गई।जबकि पांच अन्य घायल हो गए।शाहजहाँपुर में जिसमें मौके पर ही 04 छात्रों की मृत्यु ओर 06 छात्रो के घायल हो जाने पर शाहजहाँपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनकी हालत गम्भीर बताई जा रही है

आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए ही होते आये है त्योहार

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। मसौली थाने में आगामी त्योहारों को सदभाव व आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक थाना क्षेत्र के कस्बा शहाबपुर में आयोजित की गई।बैठक में महाशिवरात्रि,माहे रमजान व होली त्योहार को शांति पूर्वक मनाने की अपील की गई । बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिंहा ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा की आप सभी नवयुवको से अनुरोध है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार आपत्तिजनक शब्द फोटो न शेयर करें और ना ही किसी के द्वारा भेजने पर फारवर्ड करे सभी त्यौहार आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए ही त्योहार होते आये है। इसी क्रम में सीओ रामनगर आलोक पाठक ने कहा कि त्योहार खुशी व प्रेम का प्रतीक होते हैं।

देवी स्वरूप नारी के सहयोग के बिना सृष्टि की कल्पना अधूरी : अमन गिरि

गोला गोकर्णनाथ खीरी। भारतीय जनता पार्टी के नारी शक्ति वंदन अभियान में शहर के ब्लॉक सभागार में आयोजित समारोह में मौजूद नारी शक्ति के सम्मान में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरी ने कहा देवी स्वरूप नारी के सहयोग के बिना सृष्टि की कल्पना अधूरी है। ।नारियों के सम्मान और बराबरी के दर्जा की वकालत करते हुए उन्होंने कहा देश को विकसित देश की श्रेणी में लाने के लिए इस शक्ति की भूमिका और भी बढ़ जाती है।उन्होंने नारियों में प्रेरणस्वरूप शहर की शासीबाला रावड़ा, डाक्टर चेतन वर्मा,मंजू भारद्वाज,प्रमिला गुप्ता सहित एक दर्जन महिलाओं को दुशाला उड़ाकर सम्मानित किया।समारोह को पूर्व प्रधानाचार्य के,के,शुक्ल,अवधेश मिश्र ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा खंड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मिश्र आदि ने संबोधित किया । संचालन धीरेंद्र बाजपेई ने किया।इस मौके पर सुरजन लाल वर्मा, राकेश वर्मा,धर्मेंद्र सिंह,रविंद्र कटियार, आत्मानंद शुक्ल सहित भारी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी का परिवारः सतीश शर्मा

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। भाजपा सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला मोर्चा द्वारा चलाए गए नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।जिले में सभी 25 सांगठनिक मंडलों में इस कार्यक्रम को स्वयं सहायता समूह ,एनजीओ एवम भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सुना।प्रधानमंत्री ने लाइव प्रसारण में महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर बीते दस वर्षो में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।दरियाबाद ब्लॉक सभागार में लाइव प्रसारण से पूर्व अपने संबोधन में खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी का परिवार है। विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता से बौखलाया विपक्ष प्रधानमंत्री पर अनर्गल आरोप लगा रहा है मगर देश की जनता लोकसभा चुनाव में विपक्ष को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार ने अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए है।कहा कि देश में बनाए गए चार करोड़ से अधिक पीएम आवास में लगभग तीन करोड़ आवास महिलाओं को आवंटित हुए है। सदन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण कानून बना कर प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के सम्मान को बढ़ाया है।उन्होंने शौचालय,उज्ज्वला योजना, मातृ शक्ति वंदन योजना सहित अनेकों योजनाओं पर चर्चा की।जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने नगर पालिका सभागार में,विधायक सकेंद्र प्रताप वर्मा ने ब्लॉक सभा गार फतेहपुर में,चेयरमैन जगदीश गुप्ता एवम ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह ने पूरे डलई ब्लॉक सभागार में नारी संवाद कार्यक्रम को सुना।इस अवसर पर डॉक्टर रामकुमारी मौर्य, गुरुशरण लोधी,रामेश्वरी त्रिवेदी मौजूद रहे।

लंबित मांगों के समर्थन में राज्य कर्मचारी संयुक्तत परिषद ने दिया सत्याग्रह धरना

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। इंडियन पब्लिक सर्विस एम्पलाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के आह्वान पर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में राज्य कर्मचारी संयुक्तत परिषद उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में विभिन्न जनपदों में एक दिवसीय सत्याग्रह धरना दिया गया। उपरोक्त के क्रम में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा बाराबंकी के अध्यक्ष डॉ आर पी सिंह बिसेन के नेतृत्व में गन्ना कार्यालय परिसर, बाराबंकी में धरना दिया गया। धरने को संबोधित करते हुए परिषद की संघर्ष समिति अध्यक्ष डॉ कमल कुमार सिंह ने बताया कि इप्सेफ की प्रमुख तीन मांगों जैसे पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आठवें वेतन आयोग व स्थाई राष्ट्रीय वेतन आयोग के गठन, तथा हर प्रकार की ठेकेदारी प्रथा जैसे कि संविदा, आउटसोर्सिंग, वर्क चार्ज, दैनिक वेतन भोगी कर्मी आज को समाप्त कर कार्यरत कर्मियों को उनके कार्य स्थलों पर नियमित करने इत्यादि मांगों को पूरा करने आदि को लेकर धरना दिया गया। धरने को कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा, विकास भवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तफा खां, पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के जिला मंत्री पंकज वर्मा ,परिषद के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह वर्मा, वीर प्रकाश वर्मा, प्रशांत कुमार, राजस्व निरीक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुनील शुक्ला, वीपी सिंह, , अविनाश द्विवेदी, कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेज प्रताप वर्मा एनएचएम संघ के मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र भारती, डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला, अवनीश द्विवेदी, डॉ सूर्य प्रकाश आदि ने संबोधित किया । उपस्थित कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में गगनभेदी नारे लगाए। आज के धरने में स्वास्थ्य विभाग,वन विभाग, परिवहन, सिंचाई ,राजस्व, पशुपालन सहित विभिन्न संगठनों के कर्मचारी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे। धरने के उपरान्त शाम को कर्मचारियों ने मा.प्रधानमंत्री भारत सरकार, मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, तथा मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी बाराबंकी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार सदर अभिनव सिंह को सौंपा। आज के धरने में मुख्य रूप से रमापति, वीरेंद्र कुमार वर्मा अश्विनी कुमार त्रिपाठी प्रमोद वर्मा राम समझ वर्मा अनिल कुमार वर्मा राघवेंद्र प्रताप सिंह अरविंद कुमार, प्रमोद,कौशल श्रीवास्तव, रवि प्रताप सिंह, मनोज वर्मा सहित सैकडों लोग उपस्थित थे।

डंपर ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंदा, दोनो की मौत

हैदरगढ़ बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। कोतवाली क्षेत्र के हैदरगढ़- रायबरेली मार्ग पर त्रिपुला नहर के पास आज बुधवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार पिता- पुत्र को रौंद डाला। हादसे में पिता- पुत्र की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि देखने वालों के रोंगटे खड़े हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेंज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पड़ोसी जनपद अमेठी के थाना शिवरतनगंज के टिकरी मजरे कुसम्भी गांव निवासी रामराज उम्र 57 वर्ष अपने 17 वर्षीय पुत्र नरेंद्र कुमार के साथ बाइक से हैदरगढ़ अपनी बाइक की सर्विस कराने कस्बा हैदरगढ़ आ रहे थे। कि तभी वो कस्बा से सटे त्रिपुला नहर के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे अज्ञात तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें रौंद डाला और घटना स्थल से फरार हो गया। हादसे में पिता रामराज व बेटे नरेंद्र कुमार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि शवों को देखकर लोगों के रोंगटे खडे हो गए। उधर इस हृदय विदारक घटना की खबर गांव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। गांव से हैदरगढ़ पहुंचे परिजन बाप बेटे के शवों को देखकर सभी की आंखें नम हो गई और चीख पुकार मंजर दिखा कि मौजूद लोग भी अपनी आंखों से आंसू नहीं रोक सकें। बेबस लाचार माँ अपने पति व कलेजे के टुकड़े पुत्र का शव देखकर बार-बार बेहोश हो रही थी मौजूद लोग उन्हें ढांढस से बंधा रहे थे परंतु उनके आंसू नहीं थम रहें थे। कोतवाली पुलिस ने पिता पुत्र के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेंज दिया है ।

11 मार्च को ऑफ़िसर्स क्लब में होगा पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर आगामी 11 मार्च को ऑफ़िसर्स क्लब, तहसील नवाबगंज में प्रातः दस बजे से एकदिवसीय पुष्प प्रदर्शनी लगाई जाएगी। ज़िलाधिकारी ने बताया कि गत दिनों मंडलायुक्त, अयोध्या गौरव दयाल ने मंडल के सभी जनपदों में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुष्प प्रदर्शनी लगाने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि इस पुष्प प्रदर्शनी में कलात्मक पुष्प सज्जा तथा मौसमी फूलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा तथा जनपद बाराबंकी में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु मतदाताओं में मतदान की जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। ज़िलाधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

शत प्रतिशत मतदान कराए जाने हेतु माक पोल आयोजित

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज। पीजी कॉलेज में लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 अंतर्गत मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान कराए जाने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी पवन कुमार (प्रबंध सचिव) के आदेशानुसार प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र विक्रम मिश्र के निर्देशन में बुधवार को दोपहर महाविद्यालय परिसर के कक्ष संख्या एक में मतदाता जागरूकता माक पोल का प्रहसन किया गया जिसमे बूथ वार मतदाताओं की लाइन लगवाकर क्रमवार मतदाता पहचान पत्र व पर्ची को देखकर वोटर लिस्ट पर क्रमांक एवं मतदाता नाम चेकिंग करने के बाद बैलेट पेपर देकर दाहिने हाथ की उंगली में स्याही लगाकर वोट डलवाए गए। कार्यक्रम समापन के पश्चात प्राचार्य ने उपस्थित लोगों से कहा कि 18 वर्ष से अधिक विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में बढ़ाने के लिए फॉर्म 6 के माध्यम से पंजीकरण कराने, ऑनलाइन आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। माक पोल प्रहसन को सफल बनाने में बूथ प्रभारी डॉ के पी सिंह, अमरजीत सिंह, आलोक कुमार, गरिमा श्रीवास्तव, अवधेश सिंह,बूथ निर्माण उमेश नाग, मनीष कुमार, तथा माक पोल व्यवस्थापक सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रोफेसर एच के मिश्रा, डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ रामकुमार सिंह राजेश यादव, दुर्गेश कुमार के साथ-साथ मीडिया कवरेज डॉ संजय तिवारी, विभिन्न दलीय एजेंट डॉ शैलजा दीक्षित डॉ सरोज, देवेंद्र साहू सौरभ सिंह, सुरक्षा व्यवस्था में डॉ अखिलेश वर्मा, अरविंद यादव राघवेंद्र सिंह रमेश यादव सहित अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। मतदाता लाइन में लगकर क्रम से महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुरेश कुमार सिंह, डॉ सुनीत कुमार जायसवाल सहित अन्य लोगों ने वोट डाले।

एबीवीपी ने किया प्रदर्शन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

गोला गोकर्णनाथ खीरी।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोला नगर इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा पश्चिम बंगाल के संदेश खली में महिलाओं के साथ हुए कुकर्म एवं अत्याचारों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका गया साथ ही राष्ट्रपति एल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया!! नगर मंत्री आशुतोष मिश्रा ने बताया कि विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में सत्ता रूढ़ पार्टी के नेता शेख शाहजहां एवं उनके सहयोगियों ने वहां की नाबालिग लड़कियों एवं महिलाओं का भयपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में उनके साथ यौन शोषण किया वहां की महिलाएं इनके अत्याचारों एवं कुकर्मों की अति से तंग आकर पलायन करने पर मजबूर हैं जिस राज्य की सरकार के सिंहासन पर एक महिला मुख्यमंत्री के नाते बैठी है जो कि इस संदर्भ में अपनी पार्टी के नेताओं को संरक्षण प्रदान कर रही हैं यह घोर निंदनीय है, एक और जहां महिलाओं को मां दुर्गा के समान का दर्जा दिया जाता है वहीं दूसरी ओर ममता बनर्जी के संरक्षण में उनकी पार्टी के नेता महिलाओं के साथ ऐसा कुकर्म कर रहे हैं । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज के दिन पूरे विश्व में एक विश्व व्यापी आंदोलन कर रहा है साथ यह मांग कर रहा है कि ममता बनर्जी अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें तथा पार्टी के नेताओं एवं दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए!!

इस मौके पर प्रदेश कार्यकारी सदस्य सचिन राज,जिला सहसंयोजक उदय मिश्र,नगर मंत्री आशुतोष मिश्र,तहसील सहसंयोजक अक्षत पांडे, दीपांशु,अमन,अनिकेत,हर्ष,प्रांजल,दीपक, हेमंत,आशीर्वाद,रिशु,साहिल, हर्षित,दिनेश, प्रतूष सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे!!

महिलाओं ने देखा शक्ति वंदन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

गोला गोकर्णनाथ खीरी ।नगर पालिका परिसर सभागार में मुख्य अतिथि विजय शुक्ला रिंकू चेयरमैन नगर पालिका परिषद गोला के सानिध्य में शक्ति वंदन अभियान के निमित्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समूह की बहने, आशा बहनोंएवं लाभार्थी बहनों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना गया। इस अवसर पर,गीता विश्वकर्मा नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा, सीमा सक्सेना जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा,आरती भदौरिया जिला मंत्री महिला मोर्चा, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, सीमा वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, अशोका सक्सेना, नगर महामंत्री राजेश राठौर, नगर अध्यक्ष/कार्यक्रम संयोजक शत्रोहन मिश्रा, विजय मिश्रा, धीरज बाजपेयी, विमलेश वर्मा, सुनील मिश्रा, राहुल बाल्मीकि ,रजत गुप्ता, वैजनाथ अग्निहोत्री सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रमाकांत पुत्र सुन्नर निवासी देवरिया बाबू पोस्ट लक्ष्मीगंज जनपद कुशीनगर है पालिसी संख्या 292925238 में लिपिकीय त्रुटिवश मेरा नाम श्रीकांत दर्ज हो गया है जिसे दुरुस्त किया जाना आवश्यक है क्योकि मेरा सही नाम रमाकांत ही है

रमाकांत पुत्र सुन्नर
निवासी बाबू देवरिया कुशीनगर

अच्छी शिक्षा से अच्छे समाज का होता है निर्माणः अवनीश अवस्थी

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन विद्यालय प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि अवनीश अवस्थी आईएएस मुख्य सलाहकार मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अच्छी शिक्षा से अच्छे समाज का निर्माण होता है। घर एवं विद्याल

प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत अब तक 61 हजार से अधिक छात्रों को दिया गया कौशल प्रशिक्षण

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश के छात्र- छात्राओं को पढ़ाई के दौरान ही कौशल विकास से जोड़ने के लिए योगी सरकार अपनी महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट प्रवीण चला रही है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को निःशुल्क स्किल ट्रेनिंग और नए जमाने के कोर्स के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए तैयार किया जा रहा है। ह प्रोजेक्ट 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए है जो राज्य के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ रहे हैं। इसके तहत, अब तक प्रदेश में 61 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं को कौशल विकास के विभिन्न कोर्सेज में प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। इस प्रशिक्षण के जरिए उक्त छात्र एवं छात्राएं अपने भविष्य को संवारने में जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि'प्रोजेक्ट प्रवीण' माध्यमिक शिक्षा और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के बीच हुए एक एमओयू के तहत संचालित किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य राज्य के एजुकेशन सिस्टम और पाठ्यक्रम को नया रूप देना है।

2022-23 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई शुरुआत

उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण की शुरुआत वर्ष 2022-23 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। इस दौरान प्रदेश के 150 राजकीय माध्यमिक बालक एवं बालिका विद्यालयों में 20,582 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भी इस योजना से जोड़े गए हैं, जिनमें 3,450 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इसी तरह, वर्ष 2023-24 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत कुल 315 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को शामिल किया गया है। इन संस्थानों के जरिए अब तक 61,400 विद्यार्थियों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

कौशल विकास मंत्री ने बताया कि माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के साथ प्रतिदिन उनकी रुचि के अनुसार चुने हुए ट्रेड्स में जैसे आईटी सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटीशियन, हेल्थकेयर, अपैरल, अकाउंटिंग आदि का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी पाठ्यक्रम नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर प्रमाणित व अनुमोदित है। प्रशिक्षण और मूल्यांकन के बाद छात्रों को प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है, जो संपूर्ण देश में मान्य है।

माध्यमिक स्कूल का विद्यार्थी होना अनिवार्य

प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत ट्रेनिंग करने वाले विद्यार्थियों को प्राइवेट ट्रेनिंग सेंटर द्वारा स्कूल में ही ट्रेनिंग दी जाती है। ट्रेनिंग देने वाले ट्रेनर टीओटी सर्टिफाइड ट्रेनर होते हैं। यहां टीओटी का मतलब है ट्रेनिंग ऑफ टीचर्स जो कि स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत रजिस्टर होते हैं। वहीं अगर किसी कारणवश विद्यार्थी 10वीं या 12वीं के बाद अपनी पढ़ाई को बीच में छोड़ते हैं तो वे प्रोजेक्ट प्रवीण के प्रशिक्षण से जुड़े सर्टिफिकेट के द्वारा नौकरी या रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से आवेदन करने वाले छात्र-छात्रा को सरकारी माध्यमिक स्कूल का विद्यार्थी होना चाहिए।

इंदिरा के मुकाबले विपक्ष को मिली शर्मनाक हार

पांचवें आम चुनाव : सन् 1971

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पांचवे लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस फिर बहुमत के साथ लौटी। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस (ओ) को इस चुनाव में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। इस लोकसभा के कार्यकाल में में भारत सोवियत समझौता,सिक्किम का भारत में विलय,भारत पाक युद्ध और बंगलादेश की आजादी,सांसदों की पेंशन योजना आरंभ,जून 1975 में आपालकाल की घोषणा,दो बार लोकसभा का कार्यकाल एक-एक साल बढ़ाने,संविधान के 42वें संविधान संशोधन जैसे प्रमुख घटनाएं रही।

आजादी के बाद के तीन चुनाव जहां नेहरू के नाम रहे वहीं चौथे चुनाव में इंदिरा की शि सयत एक गूंगी गुड़िया के जैसी थी। लेकिन 5वें चुनाव में परिस्थितियां बदल चुकी थीं। 1971 का आम चुनाव पूरी तरह से इंदिरा गांधी के नाम रहा। ये चुनाव इंदिरा के लिए ताकत दिखाने का भी एक मौका था। उन्होंने लोगों के सामने गरीबी हटाओ का नारा दिया और मतदाताओं ने भी इंदिरा को सिर आंखों पर बिठाया। 1971 का लोकसभा चुनाव सिर्फ और सिर्फ इंदिरा गांधी के नाम था। पहली बार इंदिरा गांधी अपने बल पर सत्ता में आईं। गरीबी हटाओ के नारे के साथ इंदिरा बिना शर्त कांग्रेस की सर्वेसर्वा बन गईं। 1971 में पहली बार लोकसभा चुनाव विधानसभा के चुनावों से पहले कराए गए। इसकी एक खास वजह थी। इंदिरा गांधी जब से प्रधानमंत्री बनी थीं कांग्रेस में फूट की सुगबुगाहट शुरू हो गई थी। इंदिरा गांधी पार्टी पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती थीं। लेकिन कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को ये मंजूर नहीं था। राष्ट्रपति के मुद्दे पर भी पार्टी और इंदिरा के बीच मतभेद पैदा हो चुका था। पार्टी के आधिकारिक प्रत्याशी नीलम संजीवा रेड्डी थे जबकि इंदिरा गांधी ने वीवी गिरी को अपना समर्थन दिया। आखिरकार वीवी गिरी की ही जीत हुई। इतना ही नहीं जनता में भी धीरे-धीरे इंदिरा अपनी छाप छोड़ रही थीं। हरित क्रांति के अच्छे नतीजे मिल रहे थे। खाद्य समस्या लगभग खत्म हो रही थी। ऐसे में कांग्रेस के सीनियर नेता पार्टी और खासतौर से इंदिरा गांधी पर अपना नियंत्रण रखना चाहते थे। लेकिन इंदिरा इन सभी नेताओं से छुटकारा चाहती थीं।

उन्होंने मोरारजी देसाई को भी बेदखल कर दिया। इसके बाद कांग्रेस पार्टी दो फ ाड़ हो गई। इंदिरा गांधी ने इंदिरा कांग्रेस पार्टी बनाकर चुनाव में उतरने का फैसला किया। 1971 के चुनाव से पहले कांग्रेस के भीतर ही गुटबाजी शुरू हो चुकी थी। लेकिन चुनाव में इंदिरा की मुहिम रंग लाई और जनता ने उन्हें भारी बहुमत से जिताया। 1971 का चुनाव दो नारों की वजह से याद किया जाता है। चुनावी रैलियों में या तो गरीबी हटाओ या फिर इंदिरा हटाओ जैसे जुमले सुनने को मिलते थे। इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया। लेकिन विरोधियों ने इंदिरा हटाओ की मुहिम चलाई। इस पर इंदिरा गांधी अपनी रैलियों में ये कहना नहीं भूलती थीं कि वो कहते हैं इंदिरा हटाओ और हम कहते हैं गरीबी हटाओ। दरअसल चुनाव से पहले इंदिरा को पार्टी के भीतर उठ रहे विरोध के अलावा एक और मुश्किल का सामना करना पड़ा। उन्होंने बैंकों का राष्ट्रीयकरण करना शुरू कर दिया था। प्रीवि पर्स को खत्म कर दिया। सरकार के इन कामों पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। इस चुनौती का सामना करते हुए इंदिरा ने समय से चौदह महीने पहले संसद भंग कर दी और जनता के बीच जाने का फैसला कर लिया। चुनाव में इंदिरा ने दिन-रात एक कर दिया।

किसको कितनी सीट

कुल सीटें	518
इंडियन नेशनल कांग्रेस	352
सीपीआई(एम)	25
सीपीआई	23
जनसंघ	21
डीएमके	23

प्रचार के दौरान उन्होंने 36 हजार मील की दूरी तय की और 300सभाओं को संबोधित किया। गरीबों भूमिहीनों मुस्लिम और दलित वर्ग का पूरा वोट इंदिरा कांग्रेस के खाते में गया। जबकि कांग्रेस के पुराने बड़े दिग्गजों की पार्टी को एक चौथाई से भी कम सीटें नसीब हुईं। चुनाव में इंदिरा कांग्रेस ने 352 सीटों पर जीत हासिल की। विपक्ष को भी इंदिरा की लीडररशीप को मानना पड़ा। हालांकि चुनाव जीतने के बाद भी इंदिरा के सामने पाकिस्तान से युद्ध जैसी एक और चुनौती इंतजार कर रही थी। दिसंबर 1971 में बांग्लादेश को मुक्त कराने के बाद तो वो दुर्गा के रूप में मशहूर हो गईं।

ब्रजेश पाठक ने किया इटर्निया अनुभव केंद्र ब्रांड का शुभारंभ

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। ड्यूरेनियम (हिंडाल्को द्वारा आविष्कार किया एक पेटेंट एल्यूमीनियम मिश्र धातु) से बने दरवाजे और खिड़कियाँ पेश करने वाला भारत का पहला प्रमाणित ब्रांड इटरनिया ने लखनऊ में अपने अत्याधुनिक अनुभव केंद्र का प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अनावरण किया। इस प्रमुख अनुभव केंद्र को उद्योग में कई हित धारकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उददेश्य की पूर्ति के लिए बनाया गया है।

इस अनूठे अनुभव केंद्र के साथ इटर्निया आर्किटेक्ट और डिजाइनर कम्युनिटी, बिल्डर्स और घरों के मालिकों को बेहतरीन अनुभव देना चाहता है। उसके पास कई तरह के उत्पादों की श्रृंखला है। इसमें इटर्निया लक्ज़री, इटर्निया प्रीमियम और इटर्निया इसेंशियल्स शामिल हैं। स्लाइडिंग दरवाजों और खिड़कियों से लेकर ओपने बल दरवाजों और खिड़कियों के साथ, यह अनुभव केंद्र ग्राहकों को उत्पाद खरीदने से पहले समझने की सुविधा देगा।

इटरनिया अनुभव केंद्र का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और पूर्व आईएएस नवनीत सहगल की मौजूदगी में किया गया। चंदन अग्रवाल सीईओ-इटरनिया हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लि आदित्य बिड़ला ग्रुप ने कहा हम लखनऊ में अपना अत्याधुनिक केंद्र शुरू कर रोमांचित हैं।

युवाओं को रोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर देगा कौशल महोत्सव : पंकज

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। स्किलिंग इकोसिस्टम को अधिक युवा-केंद्रित और अपने दृष्टिकोण में समग्र बनाने के उददेश्य से, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने आयोजित प्रेसवार्ता में 9 और 10 मार्च को लखनऊ में होने वाले मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव कौशल महोत्सव की घोषणा की। यह महोत्सव लखनऊ विश्वविद्यालय में होगा। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दूसरे दिन इस अवसर पर उपस्थित हो सकते है। कौशल महोत्सव, कौशल विकास के लैंडस्केप में गेम-चेंजर साबित होगा और लखनऊ क्षेत्र और आसपास के जिलों में रोजगार के कई अवसर प्रदान करेगा। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा देकर, इंडस्ट्री कोलैबोरेशन को बढ़ावा देकर और क्वालिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम तक पहुंच प्रदान करके, यह महोत्सव छात्रों को उनकी प्रतिभा का लाभ उठाने और उद्योग-प्रासंगिक सेक्टर्स में क्षमताओं और ज्ञान को बढ़ावा देने में मदद करता है, जिससे उन्हें अपने चुने हुए करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने की अनुमति मिलती है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि भारत के युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने और उनके लिए अवसरों की दुनिया खोलने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता के अनुरूप, स्किल इंडिया वाइब्रेंट शहर लखनऊ में दो दिवसीय कौशल महोत्सव का आयोजन करेगा। यह युवा प्रतिभाओं के डाइवर्स स्किल्स का जश्न मनाता है, जो एक सफल करियर के लिए आवश्यक क्षमताओं के साथ अगली कामकाजी पीढ़ी को सशक्त बनाने के रूप में कार्य करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में, राज्य बेहतर कनेक्टिविटी को बढ़ावा दे रहा है, इंफ्रास्ट्रक्चर में रणनीतिक निवेश में तेजी ला रहा है और युवाओं के लिए समृद्ध जॉब के अवसर प्रदान कर रहा है। इसके साथ मंत्रालय ने पिछले वर्ष लखनऊ में एक बहुत ही सफल कौशल महोत्सव का आयोजन किया था और विभिन्न सेक्टर्स में 5000 युवाओं को रोजगार के अवसरों के साथ जोड़ा था।

एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी वेद मणि तिवारी ने कहा हम, एनएसडीसी के तहत कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवा शक्ति को सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहे हैं। यह महोत्सव युवाओं को शामिल करने और उन्हें विभिन्न सेक्टर्स में जॉब के अवसरों से परिचित कराने के लिए एक एक्सीलेंट प्लेटफॉर्म है। मुझे विश्वास है कि कौशल महोत्सव हमारे युवाओं को प्रासंगिक जॉब और करियर ग्रोथ के अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

छात्रवृत्ति परीक्षा 31 को

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। फिटजी द्रोणाचार्य ।। परीक्षा आयोजित करने वाला है। कोचिंग के इतिहास में यह सबसे बड़ी और पहली बार इस तरह की स्कालरशिप परीक्षा होगी। इसमें वैज्ञानिक पद्धति से तैयार बेहतरीन अकादमिक डायग्नोस्टिक टूल इस्तेमाल होगा। 'द्रोणाचार्य (।।)' से भारत में प्रतियोगिता परीक्षाओं की विश्व में नया दौर शुरू होने वाला है। छठी, सातवीं, आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में जाने वाले छात्रों के लिए 31 मार्च को पूरे भारत में होगी। जयपुर, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना अपवाद हैं। द्रोणाचार्य ।। परीक्षा-भारत की छिपी प्रतिभा की पहचान, उनकी पूरी क्षमता के विकास और संवर्धन में महत्वपूर्ण इस परीक्षा का सब को इंतजार था। वैज्ञानिक पद्धति से डिजाइन की गई इस परीक्षा की मूल्यांकन पद्धति यूनिक है। यह गहन विश्लेषण और संपूर्ण परीक्षण के माध्यम से न केवल असाधारण प्रतिभाओं की पहचान करती है, बल्कि औसत प्रतिभाओं की छिपी हुई क्षमता उजागर कर उनके लिए उत्कृष्ट शिक्षा का द्वार खोलती है। परीक्षा के लिए पंजीकरण 29 मार्च तक वेबसाइट पर ऑनलाइन या किसी भी फिट्जी सेंटर पर ऑफ लाइन कर सकते हैं।

एकेटीयू में भारतीय भेषजी शिक्षा दिवस पर वेबिनार

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। बुधवार को एकेटीयू परिसर के फार्मेसी संकाय में राष्ट्रीय भेषजी शिक्षा दिवस मनाया। कुलपति प्रो.जे.पी. पांडेय के निर्देशन में विवि परिसर में संचालित फैकल्टी ऑफ फार्मेसी में प्रो. महादेव लाल श्रॉफ की जयंती मनाई गई। संकाय के सहायक आचार्य डॉ. जयबीर सिंह, डॉ नीलकंठ मणि पुजारी, डॉ विकास चौधरी, सुश्री प्रिया आर्या ने प्रो. श्रॉफ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संकाय में वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वेबिनार में डॉ जयबीर सिंह ने कहा कि भारतीय फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रो. श्रॉफ ने सर्वप्रथम बीएचयू में बी.फार्मा और एम.फार्मा पाठ्यक्रम की शुरुआत की थी। वे बीएचयू में फार्मास्यूटिकल साइंसेस विभाग के विभागाध्यक्ष भी रहे। डॉ नीलकण्ठ मणि पुजारी ने बताया कि प्रो. श्रॉफ ने प्रथम भारतीय फार्मेसी शोध पत्रिका इंडियन जर्नल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस की शुरुआत की, साथ ही इंडियन फार्मास्यूटिकल कांग्रेस एसो की भी स्थापना की। उनके योगदान के लिए गतवर्ष से फार्मेसी कॉउन्सिल ऑफ इंडिया ने उनकी जयंती 6 मार्च को नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे के रूप में मनाने की घोषणा की थी। डॉ विकास चौधरी ने फार्मेसी शिक्षा में उनके योगदान को अमूल्य बताया। प्रिया आर्या ने कहा भारत मे औषधि अनुसंधान के लिए शिक्षित फार्मासिस्ट तैयार हो इसके लिए प्रो. श्रॉफ का जीवन समर्पित था। इस अवसर पर फार्मेसी संकाय के प्रो और नोडल अधिकारी डॉ आकाश वेद ने भारतीय फार्मेसी शिक्षा दिवस की शुभकामनाएं दीं।

चुनाव संविधान, लोकतंत्र, किसानों व युवाओं के भविष्य बचाने का : अखिलेश

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। इस बार लोकसभा चुनाव संविधान, लोकतंत्र, किसानों और नौजवानों के भविष्य को बचाने का चुनाव है। चुनाव में एक तरफ सपा और सहयोगी दल हैं, जो बाबा साहब के संविधान और देश के लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, दूसरी तरफ भाजपा है जो संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। यह बातें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संभल दौरे पर कहीं। उन्होने कहा कि बाबा साहब ने जो संविधान दिया है वह सभी को बराबरी का हक देता है। गरीबों को आगे बढ़ने का अवसर देता है लेकिन भाजपा भेदभाव करती है। देश की गंगा-जमुनी तहजीब को नष्ट कर रही है। अखिलेश ने सम्भल दौरे के दौरान सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के निधन पर उनके घर जाकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए पत्रकारों से कहा कि भाजपा ने किसानों, नौजवानों को धोखा दिया है। भाजपा सरकार में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होते है। भाजपा सरकार की नीयत युवाओं को नौकरी देने की नहीं है। यह सरकार परीक्षा का दिखावा करती रही है। भाजपा ने बेरोजगारी को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया है। आखिर क्या कारण है कि हर लीक पेपर की जांच एक ही एजेंसी करती है लेकिन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है? अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों को नौकरी रोजगार के झूठे सपने दिखाए हैं। आज गांव-गांव में बड़ी संख्या में नौजवान बेरोजगार है।

भाजपा ने नौजवानों की पूरी पीढ़ी का भविष्य बर्बाद कर दिया। अखिलेश ने शफीकुर्रहमान बर्क के परिजनों और पौत्र विधायक जियाउर्रहमान समेत अन्य परिवारीजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। श्री बर्क का निधन 27 फरवरी को हुआ था। इटरनिया ने लखनऊ में अपने अनुभव केंद्र में ड्यूरेनियम-निर्मित ङ्घद्बद्ध प्रमाणित उत्पादों के साथ दरवाजे और खिड़की क

अनुभव क ो बेहतर बनाया है।

किसानों को मुआवजा राशि तुरंत वितरित कराएं : सीएस

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बारिश एवं ओलावृष्टि से हुई फ सल क्षति से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के लिये धनराशि सम्बन्धित जनपदों को उपलब्ध करा दी गई। बारिश व ओलावृष्टि से हुई फ सल क्षति का आकलन कराकर प्रभावित किसानों को अविलम्ब मुआवजा राशि का वितरण सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को रबी सीजन की ई.खसरा पड़ताल के कार्य को आगामी 7 दिवस में पूरा कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की दैनिक समीक्षा करें। आस्किंग रेट के अनुसार स्ट्रैटजी बनाये और सम्बन्धित कर्मियों के लिये टारगेट फि क्स करें। उन्होंने कहा कि इजराइल जाने के लिए चयनित भारतीय श्रमिकों की आवश्यक औपचारिकतायें पूरी होने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिये। उनके अभिलेखों के परीक्षणए मेडिकल फि टनेस पुलिस वेरीफि केशन तथा पासपोर्ट आदि अन्य औपचारिकताओं को तेजी से पूरा कराया जाये। नये पंजीकरण के लिये ऑनलाइन व्यवस्था की जाये। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सरल होनी चाहिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को जनपद को नशा मुक्त बनाने के लिये प्रत्येक माह एनकॉर्ड की अनिवार्य रूप से बैठक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत प्रस्तावित है। पूर्व की भांति लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार सचिव नियोजन अनुराग यादवकिसा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

शिक्षा खेल और स्कलिंग में सोलह एमओयू साइन होना बड़ी उपलब्धि

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने कहा कि शिक्षा खेल व स्किलिंग के क्षेत्र में एक दिन में 16 एमओयू पर हस्ताक्षर होना एक बड़ी उपलब्धि है। सीएसआर में अगले दो साल के भीतर लगभग पांच हजार करोड़ का फ ण्ड अर्जित करने का प्रयास है। इसके लिये तीन माह के उपरांत सीएसआर पर एक बड़ा वर्कशाप आयोजित किया जायेगा। मुख्य सचिव एजुकेशन और स्किलिंग पर सीएसआर राउंड टेबल डिस्कशन में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा राज्य सरकार के साथ शिक्षा खेल स्किलिंग से सम्बन्धित लगभग 65 करोड़ के 16 एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। मुख्यसचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने कहा कि यह नया उत्तर प्रदेश है। प्रधानमंत्री का विजन विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत के तहत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने के लिए अग्रसर है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट के तहत प्रदेश के उत्पादों को विश्वस्तरीय पहचान मिली है। देश में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर सेक्टर में इन्वेस्टमेंट तेजी से बढ़ रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प त्वरित गति से हो रहा है।

अभी हाल ही में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में 4.0 ग्राउण्ड ब्रेक्रिंग सेरेमनी में 10.24 लाख करोड़ का इनवेस्टमेंट हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लखनऊ.हरदोई के बार्डर के पास टेक्सटाइल पार्क बनाया जा रहा ह इससे लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में 6.7 करोड़ लोगों जनसंख्या का 25 प्रतिशत को गरीबी से बाहर निकाला गया। मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार धीरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बड़े बदलाव किए गए है। ताकि देश का प्रत्येक नौजवान शिक्षित होकर राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हो सके।

कोर्ट के आदेश पर मृत रेलवेकर्मी की मौत पर मुकदमा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। आलमबाग कोतवाली क्षेत्र के रेलवे कारखाना ब्रिज वर्क शाप के पास बीते करीब चार माह पूर्व एक रेलवे कर्मचारी को नगर निगम कूड़ा गाड़ी चालक ने टक्कर मार मौके से फरार हो गया था। नगर निगम कूड़ा गाड़ी की टक्कर से गंभीर रूप से चोटिल रेलवे कर्मचारी की इलाज दौरान ट्रामा सेन्टर में मौत हो गई। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित मवाइया निवासी ट्रांसजेंडर अर्जुन कुमार पुत्र स्व सुनील कुमार के अनुसार उसके पिता स्व सुनील कुमार ब्रिज वर्कशाप चारबाग में चतुर्थ श्रेणी रेलवे कर्मचारी थे। गत वर्ष 21 अक्टूबर की सुबह करीब 10:30 बजे रेलवे कारखाना ब्रिज वर्क शाप चारबाग के सामने चाय पीने के लिए जा रहे थे, उसी दौरान नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली तेज रफ्तार गाड़ी ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से उन्हें नजदीकी रेलवे इंडोर अस्पताल गये परन्तु सिर पर गम्भीर चोट लग जाने के कारण उन्हें ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। जहाँ जांच के बाद चिकित्सकों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसके पिता के शव का पोस्टमार्टम कर शव उसे सौंप दिया था। आरोप है कि उपरोक्त घटना के संबंध में उसने नगर निगम कूड़ा गाड़ी चालक के खिलाफ आलमबाग कोतवाली में पुलिस से की थी लेकिन पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं किया। जिस पर पुलिस कमिश्नर से भी शिकायत की लेकिन उसकी शिकायत पर कोई न होने पर उसने कोर्ट की शरण ले शिकायत किया। कोर्ट के आदेश पर 4 माह बाद आलमबाग पुलिस गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पोस्टमार्टम के बाद बदल गया शव

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। राजधानी के केजीएमयू स्थित पोस्टमार्टम हाउस में शव बदलने का मामला सामने आया है। जिसके चलते परिजनों ने बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस के बाहर जमकर हंगामा किया। इस मामले में केजीएमयू प्रशासन ने जवाब दिया है कि यह पुलिस और परिजनों के बीच का मामला है। दरअसल, पोस्टमार्टम हाउस में एक महिला के शव का पोस्टमार्टम किया गया। जिसके बाद शव को परिजनों को सौंपने के बाद किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया गया है। जब इस बात की जानकारी परिजनों को हुई, तो उन्होंने जमकर हंगामा किया है। साथ ही जो शव उनको दिया गया था। उसे ले जाने से मना कर दिया है। पीड़ित परिजन रामलखन के मुताबिक केजीएमयू के गांधी वार्ड में संध्या प्रजापति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद दूसरे का शव दे दिया गया। जब इस बात की जानकारी की गई, तो पता चला कि शव बदल गया है और संध्या के शव को कोई और लेकर चला गया है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस में पुलिस बॉडी लेकर आती है। पोस्टमार्टम के बाद बॉडी पुलिस को सौंप दी जाती है। पुलिस ही परिजनों को शव की शिनाख्त कराती है। इस मामले में किसने लापरवाही की है। यह तो जांच का विषय है।

काकोरी में उठे 1 साथ 5 जनाजे, हर आंख रोई

- हजारों लोग जनाजे में शामिल, बोले- मरहम लगाना था, उनकी खाल ही हाथ में आ गई

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। काकोरी अग्निकांड में 5 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में मुशीर और हुस्नबानो के साथ 3 बच्चे जिंदा जल गए। हजारों लोगों की मौजूदगी में बुधवार दोपहर 2.30 बजे एक साथ 5 जनाजे उठे। बच्चों के जनाजे देखकर हर आंख में आंसू आ गए। मुशीर के दो मंजिला मकान के आस-पास उनके रिश्तेदार भी रहते है। आग लगने के बाद सिलेंडर ब्लास्ट होने से हादसा और भयानक हो गया। लोगों ने हमें बताया कि आग की लपटों से निकलने वालों को बचाने की कोशिश शुरू हुई। मगर दवा लगाने की कोशिश में कपड़ों के साथ खाल भी बाहर आ रही थी। वो मंजर कभी नहीं भूला जा सकता। दोपहर में करीब 2.30 बजे मुशीर के घर के बाहर करीब 200 लोग मौजूद थे। मुशीर, हुस्नबानो और राइया के जनाजे निकाले गए। वहीं, करीब 300 मीटर दूर बहनोई अजमत के घर से दोनों बच्चियों हिबा और हुमा जनाजा निकाला गया। मुशीर के भाई बब्बू इन जनाजों को देख रो पड़े। उनकी इकलौती बेटी राइया की मौत होने से वह बहुत दुखी दिखे। 6 मार्च 2001 को मुशीर और हुस्न बानो की शादी हुई थी। 23 साल बाद दोनों के जनाजे एक साथ उठ रहे हैं। उनकी दोनों बेटियां इंशा (16)और लकब (18) गंभीर रूप से झुलस गईं हैं। जिनका इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

मुशीर अली के घर से करीब 10 मीटर दूर पर रहमत अली रहते हैं। उन्होंने बताया कि रात के करीब 10.30 बजे थे। मैं खाना खाने जा रहा था। परिवार के कुछ लोग घर के बाहर चबूतरे पर बैठकर गपशप कर रहे थे। अचानक तेज धमाका हुआ। लगा जैसे हमारे ही घर की छत नीचे गिर गई हो। हम नंगे पैर ही बाहर की तरफ भागे। देखा सब मुशीर के घर की तरफ दौड़ रहे हैं। उनके घर के ऊपर की मंजिल से आग की लपटे उठ रही थी। कुछ लोग चिल्ला रहे थे। हम लोग इतना तो समझ चुके थे कि उनके घर में आग लग गई है और मुशीर का परिवार अंदर ही फंस गया है। मैंने देखा कि लोग अपने घरों के अंदर से बाल्टियां लेकर दौड़ रहे हैं। घर के अंदर से पानी लाकर आग पर डाल रहे हैं। मगर कोई फायदा नहीं हो रहा था। आग की लपटे बहुत तेज थीं। उन्हें बचाए कैसे, ये किसी की समझ में नहीं आ रहा था।

दवा लगाने में कपड़े के साथ खाल निकली जा रही

मुहल्ले में रहने वाले मोहम्मद नावेद ने बताया कि लोगों ने फायर ब्रिगेड को कॉल किया। दमकल कर्मचारियों ने पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया। हम लोगों ने ही उन्हें पानी में भीगे हुए कंबल दिए। उन्होंने 1-1 करके 9 लोगों को बाहर निकाला। उनके पूरे शरीर जले हुए थे। 3 बच्चों समेत मुशीर और उनकी बेगम की डेथ हो चुकी थी। मगर 4 लोगों की सांस चल रही थी। उन्हें एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पर ले जाया गया। वहां पर डॉक्टर और पैरा म

संक्षिप्त समाचार

युवक ने फांसी लगाकर जान दी

घाटमपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टेनापुर में बीते मंगलवार की रात एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। गांव निवासी कुलदीप सिंह उर्फ पारुल पुत्र अरविंद सिंह उम्र करीब 29 वर्ष ने किसी कारणवश अपने घर के अंदर कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी होने पर घरवालों ने पतारा चौकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी से उतारने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इधर परिजनों ने आत्महत्या का कोई कारण नहीं बताया है। पतारा चौकी इंचार्ज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वही गांव वालों का कहना है कि युवक शराब का लती था और उसने नशेबाजी में जान दी है। मृतक के परिवार में पत्नी रागिनी के अलावा दो पुत्र एक पुत्री है। जिनका रो-रोकर हाल-बेहाल है।

आर्थिक तंगी के चलते लगाई फांसी, मौत

हमीरपुर। सिसोलर थाना क्षेत्र के भमई गांव निवासी कमलेश उर्फ पप्पू गुप्ता 50 वर्ष पुत्र अंतू ने बुधवार को लगभग 9:30 बजे अपने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक गांव में परचून की दुकान कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। वह अपने पीछे पांच पुत्रियां व एक पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गया है। उसकी दो पुत्रियों का विवाह हो चुका है। आर्थिक तंगी के चलते मृतक डिप्रेशन का शिकार था। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू की है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

पति को बचाने के लिये कूद गयी पत्नी

हमीरपुर। कुरारा थाना क्षेत्र के परसी का डेरा गांव निवासी हंसकुमार 32 वर्ष पुत्र विजय बहादुर निषाद की अपनी पत्नी सुनीता से बुधवार सुबह किसी बात पर कुछ कहासुनी हो गई थी। जिससे नाराज हंसकुमार वही गांव में ही पास में बने एक गड्ढा बोर के सूखे कुएं में जाकर कूद गया। वहीं पास में मौजूद कुछ लोगो ने जब उसे कूदते हुए देखा तो शोर मचाया। शोर सुन हंसकुमार की पत्नी सुनीता भी वहां पंहुची और अपने पति को देख उसे बचाने के लिए उसने भी कुएं में छलांग लगा दी। ग्रामीणों ने रस्सी का इंतजाम कर कुएं में फेंका तब सुनीता ने अपने पति को रस्सी के सहारे बाहर निकाला। पंहुची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से हंसकुमार व उसकी पत्नी को सीएचसी कुरारा भेजा जहां उसका व उसकी पत्नी का इलाज किया गया। पैर की हड्डी टूटने की शंका के चलते एक्सरे के लिए हंसकुमार को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार हंसकुमार की दिमागी हालत कुछ ठीक नही है।

दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

भरुआ सुमेरपुर। तीन दिन पूर्व घर में घुसकर विवाहिता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले युवक को पुलिस ने घर से दबोचकर न्यायालय भेजा है। जहां से उसे जेल भेजा गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव में मायके आई विवाहिता के साथ 3 मार्च को घर में घुसकर युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। विवाहिता की मां ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। विवाहिता के बयान के बाद पुलिस ने युवक को घर से गिरफ्तार कर लिया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्...

गाय काटने जा रहे बदमाशों संग पुलिस मुठभेड़, एक को लगी गोली, दूसरे को दबोचा



● 96 घन्टे के भीतर पुलिस की ताबड़तोड़ दूसरी बड़ी कार्रवाई

आशुतोष मिश्र 'रुद्र'

कानपुर। ''सद रक्षणाय, खल निग्रहणाय।'' दिन बुधवार विजया एकादशी के दिन सुबह 4 बजकर 30 मिनट का समय। ब्रह्म मुहूर्त की बेला में गोकसी करने वाले अपराधियों के खिलाफ कानपुर पुलिस कमिश्नरेट ने एनकाउंटर स्ट्राइक को अंजाम देते हुए बेजुबान गोवंश की रक्षा की।

गौकशी के लिए जा रहे दो बदमाशों की सरेराह ग्वालटोली और कर्नलगंज पुलिस की टीम के साथ आमने-सामने मुठभेड़ हो गई। अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही में पुलिस के सटीक निशाने से एक अपराधी के घुटने पर गोली लगी। दूसरे को धर दबोचा। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने भोर में हुई इस स्ट्राइक की जानकारी दी। 96 घन्टे के भीतर अपराधियों के खिलाफ लगातार दूसरी मेजर स्ट्राइक को अंजाम देते हुए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से बिना बोले अपराधियों को मैसेज दिया, सुधर जाओ वरना अंजाम के लिए तैयार रहो।

ग्वालटोली थाना पुलिस को बुधवार तड़के सूचना मिली की गाय को काटने के इरादे से मंगलपुर ग्राम रामा निहालपुर के पास में जंगल की ओर लेकर जा रहे है। इसी सूचना पर ग्वालटोली और कर्नलगंज पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इस पर एक बदमाश ने जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली जा लगी। जबकि दूसरे को पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों बदमाश मोहम्मद अशफाक, अजहर उर्फ अजहरुद्दीन के पास से एक-एक तमंचा व खोखा कारतूस एवं जिंदा कारतूस बरामद हुए है। साथ ही जिस गाय को काटने वाले थे वह गाय भी बंधी हुई जमीन पर पड़ी मिली।

जमानत की खातिर भगवान के घर चोरी!

ऑपरेशन त्रिनेत्र में बालाजी मंदिर में चोरी का खुलासा

कानपुर। हूलागंज स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर में 22 फरवरी की रात शातिरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। 23 फरवरी की सुबह पुजारी ने मंदिर खोला तो दानपात्र से रुपये गायब थे। वहीं मंदिर में रखे बर्तन और भगवान के कुछ गहने गायब मिले थे। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी तो वारदात सीसीटीवी में कैद मिली। आरोपी जिस बाइक से आए थे पुलिस ने उसके नंबर की मदद से चोर को खोज निकाला। उसकी पहचान शिवली रोड कल्याणपुर निवासी आशीष बाजपेई उर्फ बब्लू और शिवराजपुर निवासी रामू ठाकुर के रूप में हुई। गिरफ्तारी के पुलिस ने आशीष के घर दबिश दी तो जानकारी हुई कि आरोपी कल्याणपुर थाने में दर्ज गैंगस्टर के मामले में जेल जा चुका है। सीडीआर की मदद से पुलिस ने मंगलवार को रामू ठाकुर को दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित होने के चलते आशीष की तलाश पुलिस को थी। उसे जमानत के लिये रुपयों का इंतजाम करना था जिसके चलते आशीष ने ही चोरी की वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई थी। वारदात को अंजाम देकर वह जेल चला गया। पुलिस ने रामू के पास से चोरी के 19,300 रुपये, पुजारी का लैपटॉप, मोबाइल व बाइक व ताला तोड़ने के के लिये लाये गए उपकरण मिले हैं।

डीसीपी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि बताया कि घटना के खुलासे में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए कैमरों से पुलिस को दिशा मिल सकी। शातिर आशीष ने तिरुपति बालाजी मंदिर को चोरी के लिए चुना था। आरोपी साथी ने बताया कि वह दोनों 22 फरवरी को मंदिर गए थे। इस दौरान मंदिर में तीन का महोत्सव चल रहा था। उन्हें जानकारी थी कि मंदिर में काफी चढ़ावा आया हुआ है। मंदिर में दर्शन और प्रसाद के बहाने वह पुजारी से भी मिले थे और पूरी रैकी की। इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दे दिया।

मायूस होकर आए थे, मुस्कुरा कर घर लौटे

● केडीए नामांतरण समाधान शिविर में आवेदकों की समस्याएं

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। विकास प्राधिकरण/जिलाधिकारी, कानपुर नगर राकेश कुमार सिंह की पहल पर प्राधिकरण की सम्पत्तियों को लेकर प्राधिकरण अभिलेखों में दाखिल खारिज (नामान्तरण) कराये जाने के लिये अत्यधिक समय से लम्बित आवेदनों के निस्तारण के लिये आम जनमानस के हित में प्राधिकरण परिसर में ''नामान्तरण समाधान शिविर'' का आयोजन किया गया। नामान्तरण सामाधान शिविर में कुल 33 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

नामान्तरण समाधान शिविर में पूर्व में प्राप्त प्रार्थना पत्र एवं अन्य लम्बित प्रार्थना पत्रों की औपचारिकताए पूर्ण करते हुए आवेदकों को नामान्तरण पत्र निर्गत किये गये।

'अपनों' ने ही डुबो दी टोबैको कम्पनी मालिक की लुटिया

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। महंगे शौक के कारण अपनों और कारोबारियों की आंख की किरकिरी बन शिवम मिश्रा ने सालों पहले शहर में लाखों की कीमत की विदेशी बाइक खरीदी थी। एक बार बाइक बाजार लेकर पहुंचे थे, तो चर्चा का विषय बन गया था। इसके अलावा महंगी गाड़ियों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल करता था। पिता के पास पुराना स्कूटर था, जो अभी भी संभालकर रखा गया है। शिवम के आवास से जितनी भी विदेशी कारें मिली थी। उनका सबके आखिरी नंबर 4018 है, स्कूटर का नंबर भी यही है।

बंसीधर श्रीराम फर्म के नाम से तंबाकू का कारोबार करने वाले केके मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा और उनके बेटे शिवम मिश्रा यूं ही नहीं आयकर विभाग के निशाने पर आए। करीबियों द्वारा की गई मुखबिरी के बाद आयकर विभाग की नजर इस फर्म पर पड़ी। दरअसल, यह फर्म तो 70 से 80 साल पुरानी है, लेकिन पिछले 15 साल में पिता-पुत्र ने करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर दिया।

सूत्रों के अनुसार तंबाकू कारोबारी और इनके बेटे के बारे में चार महीने पहले गोपनीय जानकारी मिलने के बाद इनके दिल्ली, कानपुर, गुजरात समेत सभी प्रतिष्ठानों की विभाग ने रेकी शुरू की। गुजरात में फैक्ट्री से निकलने वाले माल आदि की जानकारी जुटाई गई। फर्म से जुड़े चार लोगों के अलग-अलग सालों के आयकर रिटर्न, फर्म के रिटर्नों की पड़ताल की गई। पान मसाला कारोबारियों की सप्लाई चेन को जांचा गया। विभाग ने डाटा फिल्टरेशन की मदद से पूरे कारोबार की पड़ताल की। कुछ समय पहले एक पान मसाला कारोबारी के प्रतिष्ठान पर आयकर जांच में कच्चा माल आपूर्ति करने वालों में भी इस फर्म का नाम आया। इसके बाद पूरी तैयारी के साथ कार्रवाई की गई।

ठेंगे पर सिस्टम, फर्म ब्लैक लिस्ट

बड़ी कार्रवाई से नगर आयुक्त ने ठेकेदारों को दिया कड़ा संदेश

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन द्वारा 15 वे वित्त आयोग की संस्तुतियो के अन्तर्गत सरायमीता, पनकी कानपुर में एक एमआरएफ सेन्टर के निर्माण (सिविल एवं मैकेनिकल) कार्य शिथिला के परिणामस्वरूप फर्म को काली सूची में डालने के आदेश दिये गये।

बताते चलें कि उपरोक्त कार्य की ई-निविदा फर्म मे० महाकालेश्वर इन्टरप्राईजेज ने दिनांक 30.09.2022 को डाली थी, जिसका सूचना पत्र/कार्यादेष धनांक रू0 97,76,694.00 (जीएसटी रहित) का दिनांक 26.11.2022 को जारी किया गया था, जिसके अनुसार उक्त कार्य 120 दिन में पूर्ण किया जाना था। इस सम्बन्ध में कार्य के समय-समय पर निरीक्षण के उपरान्त आपको मौखिक व लिखित रूप में निर्देशित किया जाता रहा हैं। परन्तु आदेशों की अवहेलना करते हुये कार्य में तेजी नही लाई गई और निर्धारित समय से अधिक समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी कार्य पूर्ण नही हो पाया हैं। इसलिए कृत्यो के दृष्टिगत नगर आयुक्त ने उक्त फर्म के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही को अमल मे लाते हुये आपकी फर्म को काली सूची में दर्ज में डालने के आदेश दिये।

प्रतिभाओं को मंच पर लाने के लिये हुआ टैलेन्ट हन्ट कार्यक्रम

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। श्री कृष्णा एजुकेशनल इन्टीट्यूट अहमदनगर में छात्र-छात्राओं के अन्दर छिपी प्रतिभाओं को मंच पर लाने के लिये टैलेन्ट हन्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा किया, गीत-संगीत, नृत्य, मिमिक्री, एकांकी नाटक के माध्यम से सबका मन मोह लिया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरूण त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विज्ञान संकाय का नाम रोशन करने वाले छात्रों ने अपनी अभिव्यक्ति को बड़े खुले मन से दी। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि नीरज पाण्डेय प्रवक्ता वाणिज्य, मीनाक्षी सिंह प्रवक्ता आनंदी देवी इंटर कॉलेज तथा डॉ0 कौशल वर्मा आदि ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को एक मंच पर लाकर उनके अच्छे अभिनय पर पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी अशोक प्रजापति ने स्वागत उद्बोधन से किया, कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के छात्र अलककांत श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर संकाय की वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती रंजना वैश्य, डॉ0 अर्शा कृष्णन, डॉ0 मोइन अहमद, राघवेन्द्र सिंह, आशीष शुक्ला, रितेश कुमार, वर्तिका श्रीवास्तव, वलिया खालिद आदि मौजूद रहे।

विधायक ने हास्पिटल का किया उद्घाटन

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। रेउसा-तंबौर मार्ग पर बुधवार को विधायक आवास के सामने नीलम हॉस्पिटल एन्ड मैटरनिटी सेंटर का मुख्य अतिथि सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस हॉस्पिटल सेंटर से मरीजों को ऑपरेशन हेतु सुविधाएं मिलेंगी। इस मौके पर डॉ. प्रियदर्शी श्रीवास्तव, डॉ.अंकिता मातनहेलिया, डॉ. आर. अग्रवाल, डॉ. हिमांशु मिश्रा, रामेन्द्र शुक्ला(रामू) सुरेन्द्र शुक्ला, आलोक बाजपेई, विकास बाजपेई, विकास शुक्ला, आशीष दीक्षित सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

पढ़ाई को बेहतर बनाने में प्रयोग करें स्मार्टफोन : रिजवी

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। केंद्र व प्रदेश सरकारें युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कई योजनाओं का संचालन कर रही है। विद्यार्थियों को सुगमता से आनलाइन शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सरकार मुफ्त में स्मार्टफोन देकर उन्हें आगे बढने् में सहायता कर रही है। उक्त बातें नगर के मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट आफ ह्यूमनिटीज साइंस एंड टेक्नालाजी में बीए और बीकाम के अंतिम वर्ष के 122 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित करते हुए पूर्व मंत्री व इंस्टीट्यूट के सचिव डा. अम्मार रिजवी ने कहीं। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन का उपयोग विद्यार्थी आनलाइन माध्यम से विषयोपयोगी बेहतर शिक्षा ग्रहण करें। इंस्टीट्यूट की प्राचार्या डा. विभा मिश्रा ने कहा कि युवा स्मार्टफोन का अपनी पढ़ाई के लिए सदुपयोग करें, दुरुपयोग न करें। क्योंकि आज की युवा पीढ़ी मोबाइल में आनलाइन माध्यम तमाम मनोरंजक के साथ खराब चीजें भी देखने में ज्यादा ध्यान देती है जो समाज के लिए बेहद घातक है। इस मौके पर डा. नीति श्रीवास्तव, डा. शशि प्रभा, क्वाडीनेटर डा. प्रदीप वर्मा, डा. कौशलेंद्र मिश्र, सत्येंद्र कुमार, इरशाद अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

श्याम सेवा मण्डल सदस्यों व भजन गायकों का हुआ सम्मान

बिसवाँ-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। श्याम बाबा का दर्शन और अराधना हमे हर तरह से सुख और समृद्धि देने का काम करता है। यह बात पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह यादव ने कस्बे के प्रभु लॉन मे श्याम सेवा मंडल द्वारा आयोजित भजन संध्या के दौरान कही। उन्होने श्री बूढ़े बाबा संस्थान डेंगरा आश्रम की तरफ से श्याम सेवा मंडल सदस्यों और भजन गायको को सम्मानित किया। श्री यादव ने कहा कि बूढ़े बाबा संस्थान लगातार धार्मिक और सामाजिक कार्यो मे अग्रणी रहता है ,और समय समय पर इस क्षेत्र मे अग्रणी लोगो को सम्मानित करने और मानवता की सेवा मे अग्रणी रहा है। इस अवसर पर बूढ़े बाबा संस्थान के अध्यक्ष और महंत् आराध्य शुक्ल ने कहा कि बिसवा के श्याम प्रेमी भक्तो ने अपनी श्रद्धा और समर्पण से विशिष्ट स्थान बनाया है। संस्थान के सचिव प्रबंधक डॉ यथार्थ शुक्ल और कोषाध्यक्ष सार्थक शुक्ल ने सभी सदस्यों और भजन गायको का आभार जताया। भजन गायक् मनोज शर्मा, हार्मिंदर सिंह रोमी, नेहा त्रिवेदी, राहुल सिंधी साहित श्याम सेवा मंडल सदस्य विकास अग्रवाल, मुकेश खेतान, विशाल अग्रवाल, अनिल रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

आशाओं की कलम बंद हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशाओं और आशा संगिनी की कलम बंद हड़ताल आज दूसरे दिन भी जारी रही। 5 सूत्रीय मांगों को लेकर आशाओं ने धरना देकर हुंकार भरी। नारेबाजी का सिलसिला सीएचसी पर दिन भर चलता रहा। संगठन की अध्यक्ष मीना तिवारी ने बताया कि जब तक हम सब की मांगे पूरी नहीं होती हैं तब तक कलम बंद हड़ताल जारी रहेगी। उनका कहना था कि आशाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाये और उन्हे सभी जरूरी सुविधायें मुहैया करायी जायें। इस मौके पर प्रमुख रूप से रूपरानी, पुष्पा, रेशमा बानो, सुशीला देवी, रेनू, आशा रानी, उमा देवी, मोहिनी, निगार, दीपा देवी, लीलावती, रेशमा बानो सहित भारी संख्या में आशा एवं आशा संगिनी मौजूद थी।

भाजपा ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का किया आयोजन

झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। हरगांव विधान सभा क्षेत्र के विद्यादीप स्कूल मे भाजपा झरेखापुर मण्डल की ओर से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजन किया गया। आयोजन मे नारी शक्ति वंदन का मोदी जी का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।कार्यक्रम में बोलते हुए जिला उपाध्यक्ष इन्दू सिंह चौहान ने कहा कि भारत की महिला पूरे देश को दिशा दे रही है। देश में प्रथम व्यक्ति के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समस्त महिला शक्ति का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की नारी शक्ति दुनिया में परचम लहरा रही है। कार्यक्रम मे एनजीओ, स्वयं सहायता समूह से जूडी महिलाएं, स्वास्थ्य, शिक्षा पर काम करने वाली महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर विधान सभा संयोजक राहुल जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह तथा समस्त भाजपा मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत बसईडीह विकास खण्ड कसमण्डा, सीतापुर

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/नि.सू./2023-24 दिनाँकः 06.03.2024

निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

ग्राम पंचायत में हॉट बाजार का टेण्डर मेसर्स स्वास्तिक इण्टरप्राइजेज पचासा कमलापुर सीतापुर को दिनाँक 02.12.2022 को स्वीकृत किया गया था, फर्म द्वारा समय पर सामग्री आपूर्ति न कर पाने के कारण उपरोक्त फर्म को दिनाँक 20.02.2024 को नोटिस जारी किया गया। फर्म द्वारा अपने लेटर पैड पर (पत्रांक संख्या 181 दिनाँक 28.02.2024) लिखित रूप से अवगत कराया कि वह अपने निजी कारणों से सामग्री की आपूर्ति नहीं कर पायेंगे, टेण्डर निरस्त करने की माँग की गयी। अतः टेण्डर निरस्त किया जाता है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बसईडीह वि.ख. कसमण्डा के पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो व भट्ठा मालिको को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की अल्पकालिक मोहरबन्द निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मो व भट्ठों से दिनाँक 12.03.2024 को अपरान्हन 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 07.03.2024 से दिनाँक 11.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बसईडीह से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफडी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो कार्यालय ग्राम पंचायत बसईडीह के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित लागत	प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है	सामग्री लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	हाट बाजार का निर्माण कार्य।	24,09,468.00	ईंटा प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मौरंग, बालू, 20 एमएम गिट्टी, 10 एमएम रोड़ा, सरिया, ईंट 150, ईंट 275, माइलस्टील ट्यूब, जी.आई. सीट आदि।	13,37,122.00	200.00

जिस निविदादाता का टेण्डर सबसे कम दर का हो, उसे टेण्डर स्वीकृत दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो **ग्राम पंचायत बसईडीह** के पक्ष में होगी। जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

प्रधान सचिव

संगठित होकर संघर्ष का मार्ग अपनायें पत्रकार

सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। संविधान में चौथे स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया के लोग वर्तमान समय में आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक रूप से शोषित और उपेक्षित हो रहे हैं। औरों को आगे बढ़ाने और उनकी आवाज बुलंद करने वाले मीडिया कर्मियों की अपनी आवाज ही दब कर रह जाती है। ऐसे में अपने अधिकार को प्राप्त करने के लिए पत्रकारों को संगठित होकर संघर्ष का मार्ग अपनाना ही विकल्प रह गया है। कुछ ऐसी ही चर्चा प्रेस क्लब सांडा की बैठक में हुई है। विकास खण्ड सकरन ब्लॉक सभागार में प्रेस क्लब सांडा की बैठक में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार हमेशा समाज की लड़ाई लडने् का काम करते हैं। न तो कोई सुरक्षा है। आये दिन जोखिम भरे जीवन से सामना करना पड़ता है। बैठक में पत्रकारों के वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा के उपरांत प्रेस क्लब सांडा का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव (प्रवीण), महामंत्री ज्ञानेंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष प्रताप भार्गव, कोषाध्यक्ष विनय अवस्थी, का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इस मौके पर उपस्थित सन्तोष मिश्र, शिवकुमार गुप्त, प्रेम दीक्षित, संकेत मिश्र, अनिल यादव, सुधीर सिंह, राजकुमार राजपूत, राकेश राजपूत, राम मोहन, छोटेलाल, अनूप गौतम, पत्रकारों ने कमेटी गठन के उपरांत मासिक बैठक आहुत करने का निर्णय लिया गया। प्रेस क्लब का गठन होने से क्षेत्र के पत्रकारों में खासा उत्साह देखा गया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत सुरैचा विकास खण्ड कसमण्डा, सीतापुर

पत्रांक : मेमो/मनरेगा/नि.सू./2023-24 दिनाँक : 06.03.2024

निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)

कार्यालय ग्राम पंचायत सुरैचा वि.ख. कसमण्डा के पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो व भट्ठा मालिको को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्यो की अल्पकालिक मोहरबन्द निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मो व भट्ठों से दिनाँक 12.03.2024 को अपरान्हन 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 07.03.2024 से दिनाँक 11.03.2024 तक **कार्यालय ग्राम पंचायत सुरैचा** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफडी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो **कार्यालय ग्राम पंचायत सुरैचा** के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तों आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है	सामग्री लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	प्रकाश के मकान से जगन्नाथ के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	ईंटा प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मौरंग, फाइन सेण्ड, 40 एमएम रोड़ा, इण्टरलॉकिंग टाइल्स आदि।	3,86,497.54	200.00

जिस निविदादाता का टेण्डर सबसे कम दर का हो, उसे टेण्डर स्वीकृत दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. जो **ग्राम पंचायत सुरैचा** के पक्ष में होगी। जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

प्रधान सचिव

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या - 84/मु0अभि0/2023-24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023-24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्तवपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :-

1. ई-निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :- 04 दिनांक 11.03.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक-पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

स्मृति ईरानी ने 26 सड़कों का किया शिलान्यास

■सांसद महिला खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रायबरेली ।(स्पष्टआवाज) केंद्रीय महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री एवं सांसद अमेठी स्मृति जुबिन ईरानी का आगमन सलोन में हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री त्वरित विकास योजना तथा लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा विधानसभा सलोन में 26 सड़कों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने सलोन विधायक अशोक कोरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही यह सब संभव हो सका है। सड़कों के बन जाने से लोगों को आवागमन की सुविधा होगी, साथ ही रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर उनके द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत सलोन विधानसभा की जिन कन्याओं के खाते खोले गए हैं ,उनमें से पांच को अपने हाथों से पासबुक देकर उनका उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना है कि प्रत्येक कन्या पढ़े और बढे। जिससे न केवल परिवार अपितु समाज, राज्य और देश का मान बढ़े। इसके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्री ने सांसद महिला खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत विजेता महिला प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया। जिनमें अंजू रावत, अंतिमा यादव, विमलेश, राजकुमारी, गुंजन विश्वकर्मा, सुमेरा, सरला देवी, सपना सिंह, रूपा, मधु मौर्या, दीपिका सरोज और सुमन सिंह शामिल हैं। उन्होंने इन महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज देश की महिलाएं किसी भी मामले में पुरुष से कम नहीं हैं ।वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं।

इस अवसर पर सलोन विधायक अशोक कोरी और स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

इलेक्शन हैं, नए जुमले उछालो : जय चक्रवर्ती

छतोह ,रायबरेली।(स्पष्ट आवाज) आशु कवि स्व. ब्रजेश नारायण तनहा की स्मृति में छतोह ब्लॉक के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में तनहा स्मृति काव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्य क्रम के अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि जय चक्रवर्ती और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. देवी बख्श सिंह द्वारा मां सरस्वती एवं आशु कवि स्व. बृजेश नारायण श्रीवास्तव तनहा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। अयोध्या धाम से पधारी कवियित्री अर्चना द्विवेदी की सस्वर वाणी वन्दना से काव्यपाठ का श्रीगणेश हुआ।प्रतापगढ़ के ओज कवि अंजनी अमोघ ने अंग- अंग में भरे आग, बाराबंकी के शिवेश राजा ने देख-देख अपराध पाप सब, यदि मन का धीरज न डोले,प्रमोद पंकज ने पलटू जी पलटी में पूरे माहिर हैं,शाबिस्ता ब्रजेश ने भूख गरीबी लाचारी से है अपना अनुबंध। लिखूं कैसे होली के छंद, अयोध्या की अर्चना द्विवेदी ने %फूल की पांखुरी तोड़ना मत कभी, चिट्ठियां नेह की मोड़ना मत कभी%, डॉ. कामतानाथ सिंह ने %छेड़ती हवाओं को क्या कहके समझाएं,आओ हम बैठें फिर गीत गीत मुस्काएं% और वीर रस के सशक्त हस्ताक्षर राज किशोर सिंह किशोर ने उत्कृष्ट रचनाएं पढ़कर कार्यक्रम को ऊंचाइयों पर पहुंचाया।संचालन कर रहे अनुज अवस्थी, डॉ.देवी बख्श सिंह, निर्मल प्रकाश श्रीवास्तव, मकसूद जाफरी जैसे लाखों लोगों के दिलों पर राज करने वाले साहित्यकारों की बेजोड़ रचनाओं ने अमिट छाप छोड़ी।

संक्षिप्त आवाज

पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र के राम भक्तों ने अयोध्या में किया रामलला के दर्शन

अयोध्या। अयोध्या धाम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी को रामलाल भगवान की नई मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद पूरे देश से राम भक्तों का रेल उनके दर्शन एवं पूजन के लिए उमड पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी के जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान में विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा ने अपने संगठन के पदाधिकारी और डेढ़ सौ बसो के काफिले के साथ भारी संख्या मे जनता के साथ दर्शन पूजन किया।

राम भक्तों को दर्शन पूजन अयोध्या धाम के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे और कुन्नू कार्यालय मंत्री बबलू मिश्रा भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह धीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया। दर्शन करने के बाद काशी के जिला अध्यक्ष ने भगवान की दिव्य एवं भव्य मूर्ति को अपना देखकर कहा कि प्रधानमंत्री ने 500 वर्षों का राम भक्तों का इंतजार खत्म कर भव्य मंदिर निर्माण कराकर अयोध्या नगरी को विश्व की सर्वोत्तम नगरी बनाने के अपने वादे को पूरा किया है।इसके लिए वह धन्यवाद के पात्र है।

नारी शक्ति वन्दन अभियान कार्यक्रम संपन्न

खीरों, रायबरेली। (स्पष्टआवाज) खीरों ब्लाक सभागार में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे नारी शक्ति वन्दन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रेम पाण्डेय ने बताया कि नारी शक्ति वन्दन अभियान के अंतर्गत भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व व प्रधानमंत्री का दूरदर्शी सोच से नारी शक्ति का लगातार मजबूत किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि नारी शक्ति को अग्रणी करने में भाजपा ही एक ऐसा दल है जो महिलाओं को बढ़-चढ़कर उनके मान सम्मान के लिए तत्पर रहती है और नारी शक्ति को बढ़ावा दे रही है। इस दौरान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह रहे। इस दौरान कार्यक्रम में खीरों भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा मंडल खीरों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बच्चों ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग

बलरामपुर। बुधवार को प्रशासन के आदेशानुसार समाज कल्याण विभाग की योजना मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग के छात्र-छात्रों ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

चुनाव का पर्व देश का गर्व स्लोगन के साथ अभ्युदय के छात्रों ने डायट से लेकर वीर विनय चौराहे तक रैली निकाली गई ढ्ढ वीर-विनय पर छात्रों द्वारा मतदाता जागरुकता से संबंधित रंगोली बनाया गया इसके उपरांत छात्रों द्वारा भाषण, कविता, नाटक, नारे, के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। अभ्युदय के छात्रों द्वारा हस्ताक्षर के द्वारा शपथ दिलाने का कार्य किया गया। वीर-विनय से चौक तक छात्रों ने डोर से डोर जा कर लोगों को शत प्रतिशत वोट करने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह ने छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए उनके भाषण की सराहना की और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत मतदान की आवश्यकता पर बल दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने मतदान के अधिकार पर जोर देते हुए इसे उपयोग करने के लिए जनता से अपील की। नगर थाने के इंस्पेक्टर अपने साथियों के साथ उपस्थित हो कर शपथ पथ पर हस्ताक्षर कर इस मुहिम को मजबूती प्रदान किया।

निर्वाचन व्यय पर नजर रखेंगे फ्लाईंग स्क्वायड

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में 23 जनवरी को प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार कुल मतदाताओं की संख्या 2602762 है जिसमें से पुरूष 1373392, महिला 1229288 जबकि अन्य की संख्या 82 है। जनपद में अवस्थित 07 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत मतदेय स्थल 2698, मतदान केन्द्र 1384, बी.एल.ओ. 2698, सुपरवाइज़र् 252, ज़ोनल आफिसर 22, सेक्टर आफिसर 198, क्रिटिकल मतदेय स्थल 481 व कम्युनिकेशन शैडो एरिया की संख्या 21 है।यह जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 56-बहराइच अन्तर्गत (अ.जा.) विधानसभावार निर्वाचन क्षेत्रों की बात की जाय तो 282-बलहा (अ.जा.) में कुल मतदाताओं की संख्या 372370 है जिसमें से पुरूष 197441, महिला 174921 जबकि अन्य की संख्या 8, मतदेय स्थल 371, मतदान केन्द्र 161, बी.एल.ओ. 371, सुपरवाइज़र् 37, ज़ोनल आफिसर 03, सेक्टर आफिसर 27, क्रिटिकल मतदेय स्थल 56 व कम्युनिकेशन शैडो एरिया की संख्या 12 है। 283-नानपारा में कुल मतदाताओं की संख्या 351429 है जिसमें से पुरूष 185053, महिला 166363 जबकि अन्य की संख्या 13, मतदेय स्थल 363, मतदान केन्द्र 164, बी.एल.ओ. 363, सुपरवाइज़र् 34, ज़ोनल आफिसर 02, सेक्टर आफिसर 24, क्रिटिकल मतदेय स्थल 62 व कम्युनिकेशन शैडो एरिया की संख्या शून्य है।284-मटेरा में कुल मतदाताओं की संख्या 351432 है जिसमें से पुरूष 184929, महिला 166501, अन्य 02, मतदेय स्थल 375, मतदान केन्द्र 199, बी.एल.ओ. 375, सुपरवाइज़र् 37, ज़ोनल आफिसर 03, सेक्टर आफिसर 25, क्रिटिकल मतदेय स्थल 52 व कम्युनिकेशन शैडो एरिया की संख्या 09 है। 285-महसी में कुल मतदाताओं की संख्या 345990 है जिसमें से पुरूष 182927, महिला 163059, अन्य 04, मतदेय स्थल 365, मतदान केन्द्र 179, बी.एल.ओ. 365, सुपरवाइज़र् 25, ज़ोनल आफिसर 03, सेक्टर आफिसर 29, क्रिटिकल मतदेय स्थल 79 व कम्युनिकेशन शैडो एरिया की संख्या शून्य है।

रामनवमी मेले की तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं: एडीजी

अयोध्या। अपर पुलिस महानिदेशक जोन लखनऊ अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आई0जी0 प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी राजकरन नैय्यर सहित अन्य सम्बन्धित के साथ आगामी महाशिवरात्रि,नवरात्रि एवम रामनवमी आदि महत्वपूर्ण त्यौहारों के दौरान श्री राम जन्म भूमि मंदिर में दर्शनार्थियो की भीड़ बढ़ने की संभावना के दृष्टिगत उक्त त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पूर्व से तैयारी किये जाने के लिए जनपद के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आयुक्त सभागार में गोष्ठी आहूत की। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन ने कहा कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत हमें टीम इंडिया की भावना के अनुसार कार्य करना है, जिसमें सभी सम्बंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर एक ऐसी व्यवस्था बनायें जिससे त्यौहारों के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्वालुओं को श्रीरामलला के सुगम दर्शन प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि जो-जो स्थान आगामी रामनवमी मेले के दृष्टिगत महत्वपूर्ण है उनका पुलिस अधिकारियों एवं मजिस्टेऊट द्वारा ज्वाइंट सर्वे कर पूर्व से ही तैयारियां कर लिया जाय। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि आगामी समय में महाशिवरात्रि, नवरात्रि एवं रामनवमी के महत्वपूर्ण पर्व होंगे, जिसमें अयोध्या आने वाले श्रद्वालुओं की संख्या बहुत अधिक होगी इसके दृष्टिगत अभी से सभी सम्बंधित मजिस्टेऊट एवं पुलिस अधिकारी तैयारियां कर लें तथा सभी स्थानों का ज्वाइंट सर्वे भी कर ले। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि आगामी त्यौहारों में आने वाली भीड़ की संभावना के दृष्टिगत अधिक से अधिक होर्डिंग एरिया का चिन्हांकन कर उनका ज्वाइंट सर्वे कर लिया जाय, जिससे कि भीड़ के दौरान श्रद्वालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हों।

इस दौरान नगर आयुक्त/सी0ई0ओ0 अयोध्या तीर्थ विकास परिषद श्री संतोष कुमार शर्मा,ज्वाइंट मजिस्टेऊट/उप जिलाधिकारी बीकापुर श्री ध्रुव खड़िया, अपर जिलाधिकारी नगर श्री सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अनिरूद्ध प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर श्री मधबुन कुमार सिंह, एडीआरएम रेलवे सहित समस्त उप जिलाधिकारीगण, सम्बंधित पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

लोकसभा प्रभारी ने वीडियो वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)। रायबरेली में लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ मातृ शक्ति संग ब्लाक सभागार में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव संबोधन सुना।उसके बाद भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन पहुँचकर च्विकसित भारत-मोदी की गारंटीज्ज् वाली वीडियो वैन रथों को संकल्प पत्र-2024 के लिए बनी सुझाव पेटिकाओं को लोकसभा क्षेत्र के गाँव-नगर के बूथों तक जाने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रायबरेली लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने च्विकसित भारत-मोदी की गारन्टीच्च् अभियान वीडियो वैन रथ के साथ संकल्प-2024 हेतु जन आकांक्षा सुझाव पेटियों को बुधवार को रायबरेली भाजपा कार्यालय अटल भवन से जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी की मौजूदगी में स्वयं अपने सुझाव लिखकर पेटिका में डालकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि जनाकांक्षा सुझाव पेटियों के माध्यम से जनता के सुझाव एवं विचार, जनता की आकांक्षाओं तथा जनता की अपेक्षाओं का संकलन किया जाएगा, जो भाजपा के संकल्प पत्र का आधार बनेगा।

लोकसभा प्रभारी श्री तिवारी ने कहा कि च्विकसित भारत-मोदी की गारन्टीज्ज् रथों के माध्यम से जनाकांक्षा पेटियों में जनता की आकांक्षाओं के संकलन के साथ ही पार्टी के कार्यकर्ता सुझाव पेटियों के माध्यम से सम्पर्क व संवाद करने जनता के दरबार में पहुंचेंगे।

उन्होंने कहा कि लोकमत के अनुरूप लोकतंत्र के संचालन की पक्षधर भाजपा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी पांच वर्षों में अपनी परम्परा के अनुरूप जनाकांक्षाओं को पूरा कर अपने संकल्प पत्र के एक-एक संकल्प को पूरा करेगी।

लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने बुधवार को रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के हरचंदपुर ब्लाक सभागार में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में रहकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव संबोधन शुरू होने के पहले अपने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार ने 10 वर्ष में समाज के सभी लोगों का सम्मान और लाभ दिलाने के साथ विशेष रूप से मातृ शक्ति के सम्मान स्वाभिमान के लिए अनेकों योजनाओं का लाभ देकर नारी शक्ति का वंदन किया है।

टप्पेबाज ने उड़ाए 13000 पुलिस कर रही जांच

महराजगंज, रायबरेली। (स्पष्टआवाज) कोतवाली क्षेत्र के गांव दुर्गापुर मजरे कुशमहुरा से पैसा निकालने बैंक ऑफ़ बडौदा शाखा महराजगंज आए मां बेटे पैसा निकालकर बाहर निकले, तभी बेटे को एक टप्पे बाज

ने अपना शिकार बना लिया और 13000 रुपए हाथ से छीन कर बाइक से फरार हो गया घटना की सूचना पर सीओ यादुवेंद्र बहादुर पाल और कोतवाल बालेंदु गौतम ने भुक्तभोगी युवक से पूछताछ करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।गांव निवासी सतीश कुमार पुत्र भूती अपनी मां शिव देवी के साथ पैसा निकालने बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा महाराजगंज आया हुआ था,जहां से किन्हीं कारणवश पैसा नहीं निकल पाया। तभी वह नीचे बेसमेंट में बैंक मित्र के यहां गया। जहां से उसने अपने खाते से 3500 रुपए और मां ने अपने खाते से 10000 रुपए निकाले। मां ने अपने भी पैसे बेटे सतीश को दे दिए। बेटे ने उसमें पांच सौ रुपए अलग रखते हुए 13000 रुपए हाथ में लिए हुए जैसे ही बाहर आया, तभी एक अज्ञात टप्पे बाज उसके पास पहुंच कर बात बातचीत करने लगा। सतीश जब तक कुछ समझ पाता टप्पेबाज ने उसके हाथ से पैसा छीन लिया और बाइक से भाग निकला।मामले में सीओ यादवेंद्र बहादुर पाल ने बताया कि छानबीन की जा रही है, जल्द ही मामले का खुलासा होगा।

लखनऊ नगर निगम
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ–226001 (उ.प्र.)
ई–मेल : nnlko@up.nic.in

ई-निविदा सू.सं.: 16774/पी./उद्यान दिनांक: 05.03.2024

ई–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अति–अल्पकालिक निविदा सूचना

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दिनांक 12.03.2024 को ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है, पोर्टल https://etender. up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी./ इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त नियम/शर्तें तथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र की सूचनायें पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधीक्षक उद्यान–1,2,3,4,5,6,7,8

एनटीपीसी ने दिव्यांगों को किया ट्राई साइकिल किया वितरित

रायबरेली ।(स्पष्टआवाज) सुरेखा ऊंचाहार गांव की रहने वाली हैं। अपने बच्चों की देखभाल, रोजमर्रा के घर के काम और बाहर आने-जाने में उन्हें कई बार परेशानियां आया करती थीं। एनटीपीसी ऊंचाहार के नैगम सामाजिक दायित्व की ओर से ट्राई साइकिल वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें सुरेखा और उनके जैसे आसपास के कई गांवों के अन्य लोगों को ट्राई साइकिल हियरिंग डिवाइस, सुगम्या स्मार्ट स्टिक, आर्टिफिशियल लिम्स, व्हील चेयर, ई-ट्राइकिल व अन्य उपकरणों का वितरण एनटीपीसी ऊंचाहार परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा व उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री छाबड़ा ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि दिव्यांगजन स्वयं में बहुत सक्षम होते हैं। उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए केवल एक उम्मीद की ही आवश्यकता होती है। दिव्यांगजनों को इन उपकरणों के वितरण के साथ एनटीपीसी ऊंचाहार का यह प्रयास है कि हम आसपास के ग्रामीणों दिव्यांगजनों के जीवन में उम्मीद जगा सकें कि वो भी आगे बढ़ सकते हैं।अपने सपने पूरे कर सकते हैं और अपना व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। एनटीपीसी सीएसआर (नैगम सामाजिक दायित्व) के माध्यम से समय-समय पर जनकल्याण कार्यक्रम करते हैं, ताकि एनटीपीसी के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाया जा सकता है। उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ चौधरी ने कहा कि एनटीपीसी द्वारा किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय हैं। एनटीपीसी नैगम सामाजिक दायित्व के माध्यम से ग्रामीण लोगों के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित किया करती है, जिसका प्रभाव इस क्षेत्र में रहते हुए दैनिक तौर पर देखा जा सकता है। कौशल विकास, बालिका सशक्तिकरण, किसानों को प्रशिक्षण के साथ-साथ दिव्यांगजन आदि के लिए विभिन्न जनकल्याण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र की जनता के जीवन स्तर में का लगातार सुधार हो रहा है। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन नैगम सामाजिक दायित्व स्नेहा त्रिपाठी द्वारा किया गया।

माता और बच्चों की मृत्यु दर कम करना पहली प्राथमिकता

बलरामपुर। गर्भावस्था कोई बीमारी नहीं है, फिर भी इस दौरान गर्भवती को सबसे ज्यादा सचेत रहने की आवश्यकता है। गर्भावस्था को हल्के में लेना मातृ और शिशु की जान जोखिम में डाल सकता है। इस जोखिम को कम करने में प्रसव पूर्व (एएनसी) जांच बहुत अहम भूमिका निभाती है। गर्भवती और उनके परिजनों को प्रसव पूर्व सभी जांचों के महत्व को समझना चाहिए। इससे प्रसव के समय होने वाले खतरों के बारे में तो पता चलता ही है, साथ ही समय रहते चिकित्सकों व परिवार के सदस्यों के द्वारा इन खतरों का निराकरण किया जा सकता है। यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी का। सीएमओ ने कहा कि प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के महत्व को गर्भवती और उनके परिजनों को समझना जरूरी है। गर्भवती होने की पुष्टि के बाद महिला को संबन्धित केंद्र पर अपना रजिस्ट्रेशन कराकर पहली एएनसी जरूर करानी चाहिए। इस समय उसको पहला टीडी का टीका भी लगता है। वही चार-पांच माह में दूसरी सम्पूर्ण जांच जरूर कराये और प्रसव के पहले सात-आठ माह में तीसरी सम्पूर्ण जांच जरूर कराये। इन जाँचों के जरिये गर्भावस्था के ख़तरे जैसे खून की कमी होना, मधुमेह की शिकायत, बच्चे की स्थिति के बारें में पता चलता है, जिसका समय रहते निस्तारण करना जरूरी है। वही अंतिम जांच में पता चल जाता है कि बच्चा सामान्य होगा या ऑपरेशन से, जिससे कि परिवार वाले पहले से ही प्रसव केंद्र चयनित कर लें, ताकि प्रसव के समय किसी प्रकार की समस्या न हो।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारतीय रेल

"सार्वजनिक अधिसूचना"

रेलवे एवं परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज ए.सी. सिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि लाइन के समीप दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

सेक्शन (खण्ड)	मण्डल (डिवीजन)	तारीख
लखनऊ मण्डल, उत्तर रेलवे के वाराणसी यार्ड के ढांचे में परिवर्तन से संबंधित नई वॉशिंग लाइन एवं निरीक्षण शेड का विद्युतीकरण शिरोपरि कर्षण तारों की लोकेशनसं. किमी 775/15 (चेनेज 775/422) से WL/106 (चेनेज 776/476.000) तक संबंधित टर्न आउट एवं क्रॉस ओवर के साथ किया जाएगा।	लखनऊ	05.03.2024

ए.सी. 25 केवी ट्रैक्शन का आरंभ
"सड़क उपयोगकर्ताओं हेतु अधिसूचना"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेल खंड **"लखनऊ मण्डल, उत्तर रेलवे के वाराणसी यार्ड के ढांचे में परिवर्तन से संबंधित नई वॉशिंग लाइन एवं निरीक्षण शेड का विद्युतीकरण शिरोपरि कर्षण तारों की लोकेशनसं. किमी. 775/15 (चेनेज 775/422) से WL/106 (चेनेज 776/476.000) तक संबंधित टर्न आउट एवं क्रॉस ओवर के साथ किया जायेगा"** पर 25 केवी विद्युत ट्रैक्शन का शुभारंभ किया जाएगा। सभी समपार फाटक हाइट गेज़ का निर्माण सड़क की सतह से स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई **4.78 मीटर** पर अत्यधिक ऊंचाई भारो को ट्रैक्शन लाइन **(कांटेक्ट तार) जो कि समपार फाटक पर रेल लेवल से 5.5 मीटर न्यूनतम ऊंचाई पर हो,** के खतरनाक संपर्क में आने से बचाव के उद्देश्य से किया गया है।

"एतदद्वारा सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है कि भारित वाहनों के लिए उपर्युक्त निर्धारित ऊंचाई का अवलोकन करें तथा यह भी ध्यान रखें कि सड़क वाहनों में लदा हुआ भारत हाइट गेज में किसी भी परिस्थिति में न टकराए।

अधिक ऊँचे भार से निम्न खतरे हैं:

1. हाइट गेज को नुकसान और तत्पश्चात सड़क व रेल लाइन का अवरोध।
2. स्वयं वाहन अथवा ले जाये जाने वाले सामान अथवा उपकरण को खतरा।
3. बिजली के तारों से संपर्क अथवा खतरनाक समीपता के कारण आग फैलने व जान माल को खतरा।

मोनू धनखर
उप मुख्य विद्युत अभियंता/नि०
उत्तर रेलवे, लखनऊ

नं.: 126-Elect/C/Dy.CEE/LKO/Warning/2 दिनांक: 05.03.2024 716/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पैसेंजर ट्रेनों के संचालन बढ़ाने की उठी मांग

जौनपुर। औडीहार जौनपुर गाजीपुर रेल प्रखंड पर वर्तमान समय में चल रही सवारी गाड़ियों का फेरा बढ़ाने जाने की मांग क्षेत्रीय जनता में जोर पकड़ने लगी है। सुबह गाजीपुर से चलकर औड़ीहार होते हुए गाजीपुर तक जाने वाली ट्रेन सवारी गाड़ी मध्यांतर गाजीपुर से चलकर औड़ीहार होते जौनपुर पहुंचकर पुनः 6:20 शाम चलकर गाजीपुर की तरफ जाती है दोपहर में जौनपुर से औड़ीहार,गाजीपुर के लिए कोई सवारी गाड़ी नहीं होने से यात्रियों को दिन भर का समय जौनपुर या गाजीपुर में बिताने को मजबूर होना पड़ता है ऐसी स्थिति में बस द्वारा सड़क मार्ग से यात्रा करने वाले यात्रियों को तीन स्थानों की यात्रा के लिए रोज की अपेक्षा देने की साथ रोज की तरह बसों व टेंपो में भरकर यात्रा करने को मजबूर होना पड़ता है

नारी शक्ति वंदन के तहत ब्लॉक सभागार में हुआ कार्यक्रम

बहराइच(स्पष्ट आवाज)। नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत ब्लॉक सभागार फखरपुर मे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। विधानसभा कैसरगंज के मंडल फखरपुर एवं गजाधरपुर के संयुक्त नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की अध्यक्षता फखरपुर ब्लॉक के प्रमुख रणबीर सिंह मुन्ना के द्वारा किया गया। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नारी शक्ति वंदन अभियान के बारे में संबोधित करते हुए भाजपा जिला प्रतिनिधि व कार्यक्रम प्रभारी ओम प्रकाश अवस्थी ने कहा कि यत्र नारी पुजयन्ते रमंते तत्र देवता का जो सूत्र हजारों वर्षों पूर्व हमारे ग्रंथों में वर्णित है। उसको पिछले 10 सालों में दुनिया ने पूरा होते हुए देखा है। 21वीं शताब्दी पूरी तरीके से महिला शक्ति के नाम रहेगी। मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय ने कहा कि मोदी योगी की सरकार में महिलाओं को मान सम्मान के साथ सुरक्षा एवं स्वावलंबन की दिशा में मजबूती मिली है। मंडल अध्यक्ष गजाधरपुर मनोज पाण्डेय ने योगी मोदी के सरकार में नारी सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और महिलाओं की भागीदारी के संबंध में व्यापक प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सीता राम पाण्डेय खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा सैकड़ों स्वंय सहायता समूह की महिलाओं, लाभार्थियों के द्वारा कार्यक्रम का प्रसारण देखा सुना गया।

अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के विरुद्ध किया विरोध प्रदर्शन

डलमऊ, रायबरेली । (स्पष्टआवाज) डलमऊ तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में डलमऊ तहसील परिसर के अधिवक्ता सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगरा के अधिवक्ता सुनील शर्मा के आवास में दबिश देने गई पुलिस ने बिल्डिंग से अधिवक्ता को ऊपर से फेंक दिया, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस द्वारा किए गए इस कृत्य अपराध से अधिवक्ताओं में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को डलमऊ तहसील में पुलिस विभाग के विरुद्ध नारे बाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया गया तथा शासन से मांग की गई कि दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल गिरफ्तार कर उचित कार्यवाही की जाए तथा अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि आगरा पुलिस के इस व्यवहार ने पुलिस विभाग को शर्मसार कर दिया। इस मौके पर अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर ,कृष्ण कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष, राजीव? कुमार श्रीवास्तव, पवन त्रिपाठी, सत्येंद्र त्रिपाठी ,राधा कृष्ण चौधरी, जितेन्द्र यादव, संजय श्रीवास्तव, देवेंद्र दीक्षित ,अजय कुमार आदि तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

कचहरी में वादकारी की मौत

अयोध्या। अधिवक्ता संघ फैजाबाद अयोध्या मे बनी बहु मंजिला विल्डिंग से नीचे आते ही अधेड उम्र के वादकारी की सीने में दर्द होने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही बार एसोशिएशन के अध्यक्ष पारसनाथ पाण्डेय व मंत्री विपिन मिश्रा अपनी कार्यकारिणी के साथ घटना स्थल पर पहुँचे। कचेहरी में मृतक कल्लू उर्फ वंश प्रकाश सिंह धारा 304, ढ्ढक्रष्ट के मुकदमें मे वांछित था। पत्रावली आज जजमेंट में थी पुत्र जर्नादन सिंह का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतक के अधिवक्ता सतीश पान्डेय ने बताया कि मृतक पालपुर थाना कुमारगंज का रहने वाला था। अपने मुकदमे की पर भी में हुआ

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, गुरुवार, 7 मार्च, 2024
विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, द्वादशी (कृष्ण पक्ष)

आलोचना से बचने का एक ही तरीका है : कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो।
अरस्तु

सिर्फ नकारात्मक एजेंडे पर?

सा

झा न्यूनतम कार्यक्रम के अभाव में इंडिया गठबंधन महज सीटों का एक तालमेल है- जिसका मकसद भाजपा विरोधी वोटों का बिखराव रोकना है। यह अपने-आप में अच्छी पहल है, लेकिन इसे %कुछ नहीं से कुछ बेहतर' से ज्यादा की रणनीति नहीं माना जाएगा। आखिरकार विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की पहली रैली हुई। पटना में हुई रैली में गठबंधन के कई बड़े चेहरे मौजूद रहे और वहां जुटे लोगों में जीवंतता भी नजर आई। उम्मीद की जा सकती है कि इस रैली की सफलता से विपक्षी दलों में उत्साह एक हद तक लौटेगा, जो हाल में लगातार सियासी झटकों से आहत रहे हैं। इसके बावजूद यह तथ्य अपनी जगह बना हुआ है कि यह गठबंधन उद्देश्य की एकता दिखाने और सत्ता पक्ष के खिलाफ संघर्ष के लिए संकल्पबद्ध होने का संदेश देने में बहुत देर कर चुका है।

पटना रैली में दिए गए भाषणों पर भी गौर करें, तो साफ होता है कि विपक्षी नेता वहां भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन पर बरसने से आगे नहीं बढ़ सके। इससे यही जाहिर होता है कि इंडिया गठबंधन के पास भाजपा विरोधी स्वाभाविक मतदाताओं और एनडीए के दस साल के शासनकाल से असंतुष्ट वोटों को जुटाने के अलावा कोई और रणनीति नहीं है। अपना कोई सकारात्मक एजेंडा जनता के सामने रखने की जरूरत तक इन दलों ने महसूस नहीं की है। इस बीच गठबंधन में शामिल पार्टियां अपना-अपना घोषणापत्र जरूर तैयार कर रही हैं, लेकिन जब एनडीए का मुकाबला वे इंडिया एलायंस के तौर पर करने जा रही हैं, तो उन अलग घोषणापत्रों की क्या साख होगी? वायदों और प्रस्तावित कार्यक्रमों पर कोई न्यूनतम सहमति भी है या नहीं, आखिर यह जानने का मतदाताओं के पास क्या जरिया होगा? मसलन, मतदाता यह कैसे भरोसा करेंगे कि किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने और सेना में अग्निपथ योजना खत्म करने के कांग्रेस के वादे पर गठबंधन में शामिल अन्य दल भी सहमत हैं या नहीं? यह बेहिचक कहा जा सकता है कि साझा न्यूनतम कार्यक्रम के अभाव में इंडिया गठबंधन महज राज्य स्तर पर सीटों का एक तालमेल है- जिसका मकसद भाजपा विरोधी वोटों का बिखराव रोकना है। यह अपने-आप में एक अच्छी पहल है, लेकिन इसे कुछ नहीं से कुछ बेहतर' से ज्यादा की रणनीति नहीं माना जाएगा।

> आखिरकार विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की पहली रैली हुई। पटना में हुई रैली में गठबंधन के कई बड़े चेहरे मौजूद रहे और वहां जुटे लोगों में जीवंतता भी नजर आई। उम्मीद की जा सकती है कि इस रैली की सफलता से विपक्षी दलों में उत्साह एक हद तक लौटेगा, जो हाल में लगातार सियासी झटकों से आहत रहे हैं। इसके बावजूद यह तथ्य अपनी जगह बना हुआ है कि यह गठबंधन उद्देश्य की एकता दिखाने और सत्ता पक्ष के खिलाफ संघर्ष के लिए संकल्पबद्ध होने का संदेश देने में बहुत देर कर चुका है।

आज का इतिहास

1906-फ़िनलैंड में महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिला।
1911-प्रसिद्ध हिंदी लेखक सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय का उत्तर प्रदेश में जन्म।
1949-भारतीय राजनीतिज्ञ गुलाम नबी आजाद का जन्म।
1952-वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी सर विवियन रिचर्डस का जन्म।
1955-भारतीय फिल्म अभिनेता अनुपम खेर का जन्म।
1961-प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी गोविंद बल्लभ पंत का निधन।
1971-शेख मुजिब-उर-रहमान ने बंगलादेश की स्वतंत्रता का आह्वान किया।
1985-एड्स का पहली एंटीबॉडी परीक्षण एलिसा टाइप टेस्ट शुरु किया गया।
1987-टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट में दस हजार रन पूरे किए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले बल्लेबाज बने।
1995-मृत्युदंड देने वाला न्यूयॉर्क दुनिया का 38वां राज्य है।
2001-फिजी में अंतरिम सरकार का इस्तीफ़ा।
2002-इस्लामाबाद में दक्षेस सूचना मंत्रियों का सम्मेलन शुरू, सम्मेलन के दौरान पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने पुन- द्विपक्षीय मुद्दे उठाये।
2003-राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो को क्यूबा की संसद ने छठे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति निर्वाचित किया, वे दुनिया के सबसे लम्बे समय तक शासन करने वाले शासनाध्यक्ष हैं।
2006-ईरान के राष्ट्रपति ने देश की परमाणु गतिविधियों पर रोक के लिए संयुक्त राष्ट्र परमाणु एजेंसी से क्षतिपूर्ति की मांग की।
2007-भारत और पाकिस्तान आतंकवाद पर जांच में मदद के लिए तैयार।

विकसित भारत का रोडमैप और मिशन 400 का लक्ष्य पाने का आत्मविश्वास

मृत्युंजय दीक्षित

आगामी लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ होने में अब गिनती के दिन बचे हैं,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के रोडमैप के साथ पूरी तरह चुनावी मोड में हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह आश्वस्त हैं कि
उनके पिछले दो कार्यकाल की उपलब्धियों को देखते हुए एक बार फिर भी मोदी सरकार का आना तय है और यही कारण है कि उनके नेतृत्व में मंत्रिपरिषद की अंतिम बैठक में 2047 तक विकसित भारत बनाने के विजन पर चर्चा की गयी। इस बैठक में न सिर्फ वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के दृष्टिपत्र पर चर्चा की गयी अपितु मई 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के कार्यकाल के पहले सौ दिन के एजेंडे पर भी विचार विमर्श हुआ। कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री ने जहाँ फिर से सरकार बनने का विश्वास जताया वहीं उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार के पहले 100 दिन का समय हनीमून पीरियड्नही होता अपितु ठोस कार्य करने का समय होता है। प्रधानमंत्री ने बैठक मेंअपने सभी मंत्रियों को विवादित बयानबाजी न करने और डीपफेक वीडियो से बचने की सलाह दी और कहा कि बोलते समय केवल अपनी सरकारी योजनाओं और उपलब्धियोंपर ही फोकस रखें। कैबिनेट की बैठक के बाद प्रधानमंत्री राज्यों के तूफानी चुनावी दौरों पर निकल चुके हैं और सभी प्रान्तों में हज़ारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आक्रामक तेवर में हैं और जहाँ भी जा रहे हैं वहाँ भ्रष्टाचार परिवारवाद व घोटालों सहित अनेकानेक मुददों को उठाकर विरोधियों की धार कुंद करने व उन्हें अपने ही राज्य में घेरने का काम रहे हैं। पश्चिम बंगाल के दौरे में अपनी चुनावी जनसभाओं में उन्होंने संदेशखाली का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाकर ममता बनर्जी की आवाज को कमजोर करने का सफल प्रयास किया और अब ऐसा लग रहा है कि संदेशखाली बंगाल ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत में भी विपक्ष के लिए कठिन समस्या बनने जा रहा है क्योंकि विपक्ष के एक भी नेता ने मुस्लिम वोट खिसकने के डर से संदेशखाली की घटना की निंदा तक नहीं की। संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं के साथ हुई त्रासदी पर विपक्षी दलों के नेताओं की आपराधिक चुप्पी कोई साधारण बात नहीं है। यह वही विपक्ष है जो मणिपुर की घटना पर संसद को ठप कर देता है और हाथरस की एक आपराधिक वारदात के लिए वहां की दौड़ लगा देता है किंतु जब संदेशखाली में शाहजहां शेख व उसके गुर्गे पिछड़ी जाति की हिंदू महिलाओं के साथ निकृष्टतम अमानवीय अपराध करते हैं तब यह लोग चुप्पी साध लेते हैं क्योंकि शाहजहाँ शेख मुसलमान है और पीड़ित हिंदू महिला समाज उनका वोटबैक नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरोधी दलों के नेताओं की इसी विकृतराजनीति को पूरे जोर से उठा रहे हैं।

रेलवे स्टेशनों का बेमिसाल कायाकल्प

डीजे नारायण

भारत में रेलवे स्टेशन देश के लगभग हर व्यक्ति की यादों का अभिन्न हिस्सा रहा है। वे देश के बुनियादी ढांचे और परिवहन के साधन केवल यात्रा लॉजिस्टिक्स् के गौरव का महत्वपूर्ण संकेत हैं, बल्कि देश की वास्तुकला संबंधी तस्वीर का परिदृश्य दिखाने वाला एक महत्वपूर्ण तत्व भी हैं। प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक भारतीय यात्री भारत के स्टेशनों से यात्रा करते हैं, फिर भी भारतीय बुनियादी ढांचे के इस आवश्यक हिस्से को आधुनिक बनाने और लाखों लोगों के दिन-प्रतिदिन के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऐसा प्रयास पहले कभी नहीं किया गया, जैसा कि अब किया जा रहा है। जैसे-जैसे भारत कई ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में दृढ़ कदम उठा रहा है, रेलवे स्टेशनों के परिवर्तन का मिशन असाधारण है। स्टेशन जो पहले गंदगी और कचरे का भंडार होते थे, उनका अब आरामदायक यात्रा के स्वच्छ हलचल वाले केन्द्र, राष्ट्रीय गौरव और विरासत तथा विश्वस्तरीय सुविधाओं का प्रतीक बनना वास्तव में उल्लेखनीय है। मिशन ने पहले ही आश्चर्यजनक परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। ये आधुनिकीकृत रेलवे स्टेशन एक ऐसे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं जो न केवल तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है बल्कि एक ऐसी शासन व्यवस्था भी बना रहा है जो अपने नागरिकों की परवाह करती है। भारतीय रेलवे का अनुभव करने का अर्थ है, भारत को एक राष्ट्र के रूप में भी अनुभव करना।

आधुनिकीकरण के नाम पर, 2014 से पहले, यात्री सुविधाओं में सुधार और बहुत कम दृश्यता वाले व्यस्त रेलवे स्टेशनों के आगे के हिस्से को बेहतर बनाने के लिए छिटपुट प्रयास किए जाते रहे। 2014 के बाद, पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास रेल मंत्रालय का प्रमुख एजेंडा बन गया। इस एजेंडे को अब सरकार पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। गुजरात में गांधी नगर रेलवे स्टेशन का 2021 में आधुनिकीकरण किया गया और यह पहला स्टेशन था जिसका आधुनिकीकरण किया गया। बाद में, इसी वर्ष, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (जिसे पहले हबीबगंज के नाम से जाना जाता था) भारतीय रेलवे का पहला रेलवे स्टेशन था जिसे पुनर्विकसित किया गया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 2022 में लगभग 10,000 करोड़ के कुल निवेश के साथ 3 प्रमुख रेलवे स्टेशनों- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) मुंबई को पुनर्विकसित करने की मंजूरी दी।

केन्द्र ने अब देश के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को %अमृत भारत स्टेशन% के रूप में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इस मिशन को तब गति मिली, जब अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किए जा रहे ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में फैले हुए हैं, जिनमें अन्य के अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15, कर्नाटक में 13 स्टेशन शामिल हैं। आज जो परिणाम देखे जा रहे हैं, वे विशेष रूप से 2019 के बाद से किए जा रहे प्रयासों और प्रबंधन पहलों का परिणाम हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ÷हमारे प्रधानमंत्री के पास स्टेशन पुनर्विकास के लिए व्यापक दूरदर्शिता है। जब हम मूल डिजाइन के साथ गए, तो उन्होंने डिजाइन को मंजूरी नहीं दी। उन्होंने हमसे 50 साल आगे के लिए स्टेशनों को डिजाइन करने को कहा। इसलिए, हमने दोबारा से डिजाइन तैयार किया और फिर निर्माण शुरू किया। आज हम दुनिया का सबसे बड़ा स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम कर रहे हैं। 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है÷। रेलवे स्टेशनों के विकास/पुनर्विकास की प्रकृति जटिल है, जिसमें यात्रियों और ट्रेनों की सुरक्षा शामिल है और इसके लिए दमकल की मंजूरी, विरासत, पेड़ काटने, हवाई अड्डे की मंजूरी आदि जैसी विभिन्न वैधानिक मंजूरियों की आवश्यकता होती है। छोड़ी हुई भूमि से संबंधित चुनौतियों जैसे जनोपयोगी वस्तुओं के स्थानांतरण, अतिक्रमण, यात्रियों की आवाजाही में बाधा डाले बिना ट्रेनों के संचालन, उच्च वोल्टेज बिजली लाइनों के निकट किए जा रहे कार्यों की वजह से प्रतिबंध के कारण भी प्रगति प्रभावित होती है। स्टेशन विकास कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों की आवश्यक मंजूरी के लिए शहरी/स्थानीय निकायों और अन्य हितधारकों, विशेषज्ञों, अधिकारियों के साथ व्यापक परामर्श किया जा रहा है। 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण एक बहुत बड़ा काम है और गति एवं पैमाने के साथ इन स्टेशनों के वैज्ञानिक पुनर्विकास के पीछे एक सर्व-समावेशी गहन प्रक्रिया चल रही है। टेंडर जारी करने से पहले विभिन्न स्तरों पर चर्चा के साथ समग्र रूप से डिजाइनिंग की गई है। इसके अलावा, एक मानक निविदा दस्तावेज तैयार किया गया और सभी के साथ साझा किया गया ताकि एक निश्चित समय पर काम पूरा करना सुनिश्चित किया जा सके। भारतीय रेलवे ने पुनर्विकास कार्य हरसंभव तरीके से बेहतर करने के लिए भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम का विलय कर दिया। सभी प्रभागों और क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा उपयुक्त उपयोग के लिए विभिन्न शीर्ष क्षेत्र विशेषज्ञों, आर्किटेक्ट्स, और पाइलिंग एजेंसियों को सूचीबद्ध किया गया। जोन और मुख्यालयों में गतिशक्ति निदेशालयों के निर्माण के अलावा, इसके लिए 9000 से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षित करने से प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और तेज करने में भी मदद मिली है। इस योजना में स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है, जैसे प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्टेशन तक पहुंच, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, लिफ्ट/एस्केलेटर आवश्यक, स्वच्छता, मुफ्त वाईफाई, एक स्टेशन एक उत्पाद जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूकटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामांकित स्थान, लैंडस्केपिंग आदि।

प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक भारतीय यात्री भारत के स्टेशनों से यात्रा करते हैं, फिर भी भारतीय बुनियादी ढांचे के इस आवश्यक हिस्से को आधुनिक बनाने और लाखों लोगों के दिन-प्रतिदिन के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऐसा प्रयास पहले कभी नहीं किया गया, जैसा कि अब किया जा रहा है। जैसे-जैसे भारत कई ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था की दिशा में दृढ़ कदम उठा रहा है, रेलवे स्टेशनों के परिवर्तन का मिशन असाधारण है।

आजादी के बाद विमानन क्षेत्र में बड़ी उड़ान

रोहित माथुर

यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उड़ान योजना स्वतंत्रता के बाद भारत में विमानन क्षेत्र में लाई गई अब तक की सबसे नवीन और समझदारी से तैयार की गई योजना है। उड़ान का जमीनी स्तर पर जो असर दिख रहा है, वह भले ही दिल्ली में स्पष्ट रूप से दिखाई न दे, लेकिन यह देश के कुछ दूरदराज और सुदूरवर्ती इलाकों में क्रांति ला रहा है। उड़ान की सफलता की कहानियां पूरे भारत के अनेक टियर 2 और टियर 3 शहरों में फैली हुई हैं। दरभंगा का उदाहरण लें, जो पटना के बाद बिहार में विमान परिचालन शुरू करने वाला दूसरा हवाई अड्डा है। यह उड़ान की एक बड़ी सफलता की कहानी है और आज दरभंगा प्रतिदिन 1500 से अधिक यात्रियों का आवागमन संभालता है।

यही कहानी प्रयागराज और कानपुर की भी है, जहां उड़ान के अंतर्गत इंडिगो ने2018-19 के आसपास प्रयागराज-बेंगलुरु और स्पाइसजेट ने कानपुर-दिल्ली शुरू की जहां इससे पहले इन शहरों के लिए शायद ही कोई विमान सेवा संचालित होती थीं। आज महज 4-5 साल में ये दोनों हवाई अड्डे रोजाना 1000-1500 यात्रियों को संभाल रहे हैं। उड़ान की सफलता की कहानियों के कई अन्य उदाहरण हैं जैसे कि बरेली, शिमोगा, कन्नूर आदि। ये टियर 2 और टियर 3 शहर अचानक वाणियिक विमानन के लिए विकास के अग्रदूत बन गए हैं। एयरलाइंस को न केवल अच्छा ट्रैफिक मिल रहा है, बल्कि मेट्रो शहरों के बीच संचालित होने वाली उड़ानों की तुलना में इन टियर 2 टियर 3 शहरों मेंउनका औसत प्रति सीट किमी राजस्व भी अधिक है। उड़ान योजना की इन उड़ानों से प्राप्त प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, एयरलाइंस अब टियर 2/3 शहरों में नए उड़ान मार्ग शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। ये तो बस अधूरी कहानी ही है। उड़ान की बड़ी कहानी भारत के कुछ सुदूरवर्ती और ऐसे शहरों से विमानों और हेलीकॉप्टरों का संचालन करने वाले अनेक छोटे उद्योगपतियों के उभरने से है जहां अब तक हवाई सम्पर्क नहीं था। यह बहुत आश्चर्य की बात है कि उड़ान योजना के सामने आने से पहले भारत जैसे बड़े देश के पास 80 सीट से कम श्रेणी वाला केवल 1 विमान था, जो शिमला मार्ग पर एलायंस एयर द्वारा संचालित एटीआर 42 था। कई कस्बों और शहरों में 9-19 सीटर वाले विमानों के संचालन की संभावना हमेशा मौजूद थी, लेकिन उड़ान योजना के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहन के अभाव में, छोटे ऑपरेटर कभी भी इसमें उतरने की हिम्मत नहीं कर सके। विमानन एक बहुत ही पेचीदा व्यवसाय है और छोटे उद्योगपतियों के लिए निर्धारित उड़ानें संचालित करना आसान नहीं है (यहां तक कि बड़े उद्योगपति भी विफल हो रहे हैं)। ऐसी अनेक समस्याएं हैं जिनका सामना छोटे ऑपरेटरों को करना पड़ रहा है। सबसे पहले जोखिम उठाने की क्षमता बहुत कम है जो विमानन व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। दूसरे, भारत में इको सिस्टोम में पूंजी लगाने की संरचना मौजूद नहीं है और कुछ बड़ी एयरलाइनों के साथ पिछले खराब अनुभवों के कारण कोई भी बैंक विमानन कंपनियों को पूंजी नहीं देना चाहता है। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय पूंजी लगाने या पट्टे पर देने वाली संस्थाएं भी छोटी एयरलाइनों का सहयोग करने में झिझक रही हैं। इतनी सारी बाधाओं के बावजूद, अगर लगभग आधा दर्जन नए उद्योगपतियों ने छोटे विमानों पर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी उड़ानें शुरू की हैं तो यह केवल उड़ान योजना के कारण संभव हुआ है। उड़ान योजना के प्रोत्साहन के बिना इन सभी छोटे ऑपरेटरों के पास कभी भी निर्धारित उड़ानें शुरू करने का साहस नहीं होता। छोटे ऑपरेटरों में उल्लेखनीय नाम स्टार एयर है जिसने 50 सीटों वाले एम्ब्रेयर 145 विमानों का परिचालन शुरू किया और 4-5 वर्षों के भीतर इस छोटी एयरलाइन ने अपना विस्तीर कर 9 विमानों का बेड़ा तैयार कर लिया और अब वे 18 हवाई अड्डों से उड़ान भर रहे हैं।

लैंगिक समानता की बातें तो बड़ी बड़ी होती हैं मगर हकीकत कुछ और ही है

डॉ. नीलम महेंद्र

ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एक दुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तो वो परम सौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृति है जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हर जीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री को उसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैं जैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम, त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मी के रूप में अन्नपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है। देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इन गुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव का अर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं प्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वो भूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञ उनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवान को नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दन थे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ-साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा है जहाँ मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र दृष्टा विदुषी महिलाएं थीं तो कैकई जैसी रानियां भी थीं जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थीं बल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत के बावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारों को महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पड़ रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश, आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल, समाजसेवा हो या राजनीति, महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं। आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तस्वीर का एक रुख है।तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट जिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कम वेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना है कि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहीं मिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओं को काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52वें नम्बर पर है। इसे क्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करने जैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिम पायदानों पर होते हैं। जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्क वितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवाद से लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं क्योंकि उपरोक्त विमर्शों के साथ शुरू होता है पितृसत्तात्मक समाज का विरोध। यह विरोध शुरू होता है पुरुषों से बराबरी के आचरण के साथ। पुरुषों जैसे कपड़ों से लेकर पुरुषों जैसा आहार विहार जिसमें मदिरा पान सिगरेट सेवन तक शामिल होता है।

रामलला के दर्शन की सुखानुभूति

सम्पतिया उईके

अयोध्या में नवनिर्मित भव्य राम मंदिर में संपूर्ण विधि-विधान से रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद से ही प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ अयोध्या पहुंच रही है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल के हम सभी सदस्य गत दिवस रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम पहुंचे। इस अवसर पर मोहन यादव सरकार के हम सभी मंत्रियों ने नवनिर्मित मंदिर का अवलोकन भी किया। रामलला की भव्य प्रतिमा और नवनिर्मित मंदिर की भव्यता ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। हम मंत्रीगण मात्र एक दिवसीय प्रवास पर अयोध्या पहुंचे थे, लेकिन मंदिर का अद्भुत सौंदर्य देखकर हम लोगों को ऐसा महसूस हुआ कि रामलला की मनोहारी प्रतिमा और मंदिर की भव्यता को निहारने के लिए एक दिन का समय अपर्याप्त है। मैं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ जब पारंपरिक नागर शैली में निर्मित नव्य भव्य मंदिर के सभी स्तंभों और दीवारों पर अंकित हिंदू देवी-देवताओं के मनोहारी चित्रों का अवलोकन कर रही थी, तो मेरे सहयोगियों की वहां से आगे बढ़ने की इच्छा ही नहीं हो रही थी। सभी मंत्रियों की बस यही राय थी कि अयोध्या में रामलला की भव्य प्रतिमा के दर्शन और मंदिर की भव्यता देखकर उन्हें जो अनुभूति हुई वैसी अनुभूति उन्हें अपने जीवन में पहले कभी नहीं हुई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रामलला की प्रतिमा को सपरिवार साष्टांग दंडवत प्रणाम करने के बाद कहा, ÷प्रभु श्री राम के दर्शन कई जन्मों के पुण्य का प्रताप है। ऐसा लगा जैसे प्रभु राम अपने बाल रूप में साक्षात विद्यमान हैं। उनके दर्शन से जीवन धन्य हो गया।÷ मंदिर के अंदर रामलला के दर्शन के बाद हम सभी सहयोगियों ने भाव विभोर होकर संपूर्ण भक्ति भाव के साथ कुछ देर भजन भी किया। ईश्वर भक्ति के उन पलों में हुए अपार आनंद की अनुभूति को शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है। मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने रामलला से एक ही प्रार्थना की कि उन्हें जीवन में बार-बार अयोध्या आकर अपने आराध्य के दर्शन लाभ का सौभाग्य मिलता रहे। मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के नेतृत्व में हम सभी मंत्रियों ने भगवान श्री राम से मध्यप्रदेश सहित समस्त देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मोहन यादव सरकार के हम सभी सदस्य अयोध्या की यात्रा के दौरान भजन पूजन में इतने लीन हो गए थे कि यह अहसास ही नहीं हुआ कि पूरा समय कैसे बीत गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री यादव के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों के अयोध्या प्रवास के पूर्व आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया है कि राज्य सरकार अयोध्या धाम में एक सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला का निर्माण करवाएगी। इसके अलावा मध्यप्रदेश के सभी महत्वपूर्ण देव स्थलों पर भी धर्मशालाओं के निर्माण की पहल करेगी। राज्य सरकार अन्य प्रदेशों की सरकारों को मध्यप्रदेश के देवालयों में उनकी ओर से धर्मशालाओं के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करेगी और इस कार्य में राज्य सरकार की ओर से उन्हें पर्याप्त सहयोग प्रदान किया जाएगा।

सरकार मंदिरों में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक पूजन सामग्री, वस्त्र व श्रंगार सामग्री के निर्माण को कुटीर उद्योग के रूप में विकसित करेगी। बैठक में लिए गए फैसलों और संकल्पों के क्रियान्वयन के लिए एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया जाएगा जिसमें राजस्व, धर्मस्व और संस्कृति विभाग भी शामिल होगा। सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि मंदिर देवस्थान के साथ-साथ सामाजिक चेतना और समरसता के केंद्र भी बनें।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

घरेलू कलह ने निगल ली चार इंसानी जिंदगियाँ

- जहर का घूंट पीकर महिला ने बच्चों सहित दुनिया से ली अलविदा
- खेत में जाकर उठाया आत्मघाती कदम, मरने से पहले पति को किया फोन
- तेरह दिन पूर्व लुधियाना से चचेरी बहन की शादी मे गाँव आया था परिवार
- पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मानपुर थाना इलाके में तेरह दिन पूर्व लुधियाना से परिवार सहित घर आयी महिला ने घरेलू कलह से क्षुब्ध होकर बड़ा आत्मघाती कदम उठा लिया। बुधवार की सुबह महिला ने अपने तीन मासूम बच्चों के साथ खेत जाकर कीटनाशक दवा का सेवन कर इस मायावी संसार को अलविदा कह दिया। मरने से पहले महिला ने अपने पति को फोन लगाकर उसे घटना से अवगत कराया था। पुलिस ने मामले में मृतक महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताते चलें कि मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर निवासी सजीवन लुधियाना की एक फैक्ट्री में काम करता है। वह अपनी पत्नी राजकुमारी और तीन मासूम बच्चों के साथ वहीं पर रहता था। परिवार में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिये वह तेरह दिन पूर्व लुधियाना से अपने गांव अहमदपुर आया हुआ था। किसी बात को लेकर मंगलवार की रात पति सजीवन से राजकुमारी का विवाद हो गया था। बुधवार की सुबह राजकुमारी उम्र 30 वर्ष अपने तीन मासूम बच्चों संध्या उम्र 8 वर्ष, नेहा उम्र 5 वर्ष और सुमित उम्र 3 वर्ष के साथ घर से खेत पहुंची और कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जहर के सेवन से महिला और उसके बच्चों की हालत बिगड़ने लगी। गम्भीर हालत होने के बावजूद भी महिला ने अपने पति सजीवन को मोबाइल से फोन कर घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी होने पर पति सजीवन व पुलिस मौके पर पहुंची। महिला व उसके तीनों बच्चों को गम्भीर हालत में उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

मंगलवार को चचेरी बहन का गया था तिलक, आज आनी थी बारात

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। महिला और उसके तीन मासूम बच्चों की मौत से पूरे अहमदपुर गांव में मातम पसरा हुआ है। जिस घर में आज शहनाइयां बजने वाली थीं। वहां मंगल गीतों की जगह करूण क्रंदन मचा हुआ है। सजीवन की चचेरी बहन का मंगलवार को तिलक गया था। आज घर पर बारात आने वाली थी। सजीवन भी दो सप्ताह पूर्व पत्नी और बच्चों के साथ अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिये लुधियाना से गांव आया हुआ था। थानाध्यक्ष दिलीप चौबे का कहना है कि परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थी। इसी दौरान इस मनहूस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

लुधियाना जाने को लेकर हुआ था बवाल

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मानपुर इलाके के अहमदपुर गांव निवासी सजीवन की पत्नी राजकुमारी अपनी चचेरी ननद की शादी में शिरकत नही करना चाहती थी। सूत्रों की मानें तो मंगलवार की रात इसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था। राजकुमारी अपने बच्चों के साथ तत्काल लुधियाना जाना चाहती थी, लेकिन उसके पति का कहना था कि जब इतने दिनों से वह परिवार सहित गांव में रूका हुआ है तो शादी निपटाकर ही वह यहां लुधियाना जायेगा। दम्पत्ति के बीच यही विवाद राजकुमारी और उसके बच्चों की मौत का कारण बन गया। राजकुमारी ने पहले बच्चों को कीटनाशक दवा का सेवन कराया फिर उसने खुद कीटनाशक पी लिया।

मोहब्बत में छली गई युवती, प्रेमी ने शादी से किया इंकार

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इलाके के एक गांव निवासी विवाहिता ने अपने प्रेमी पर यौन उत्पीडन व दूसरी जगह शादी करने का आरोप लगा कर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहित प्रेमिका ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पिता ने दबाव बनाकर उसकी शादी बीते वर्ष इलाके बेलहा गांव निवासी एक रिश्तेदार युवक से करा दी थी। उस समय वह नाबालिग थी। उसकी शादी राजी मर्जी से नहीं हुई थी। उसी समय उसका गांव निवासी प्रभुदयाल से प्रेम प्रसंग शुरू हुआ। दोनों के बीच पति पत्नी जैसे रिश्ते हो गए। प्रेमी प्रभुदयाल शादी करने का आश्वासन देता रहा और कोर्ट मैरिज भी करने को तैयार हो गया था। इसी बीच उसने यह कहकर शादी से इंकार कर दिया कि उसकी शादी दूसरी जगह तय हो गयी है। आठ मार्च को प्रभुदयाल की शादी होनी है। युवती का कहना है कि अगर उसके प्रेमी प्रभुदयाल ने उससे शादी नहीं की तो वह आत्महत्या कर लेगी। उसने प्रभुदयाल से अपनी एक संतान होने का दावा भी किया है।

संक्षिप्त आवाज़

पुलिस पर हमले का आरोपी पूर्व प्रधान गिरफ्तार

दबिश के दौरान पुलिस टीम से उलझा था बचऊ
कई थानों की पुलिस को थी इनामी बदमाश की तलाश

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। दो दिन पूर्व बिसवां इलाके में पुलिस टीम पर हमला बोलने वाले पूर्व प्रधान को बिसवां पुलिस ने साथी के साथ दबोच लिया है। पिछले लम्बे समय से कई थानों की पुलिस पेशेवर चोर की तलाश में जुटी थी। दबिश के दौरान इनामी बदमाश की पुलिस से झड़प भी हुई थी। पुलिस का दावा है कि यह शातिर बदमाश रायबरेली बहराइच बाराबंकी लखीमपुर पुलिस के लिए चुनौती बना था। बताते चलें कि चोरी के अलग-अलग मामलों में एसओजी टीम इनामी बदमाश बचऊ पुत्र रामप्रसाद निवासी बिदौरा थाना रेउसा की तलाश में थी। दो दिन पूर्व स्वाट टीम ने बिसवां पुलिस के साथ मिलकर इलाके में दस हजार के इनामी बदमाश को दबोचने का प्रयास भी किया। परंतु पुलिस टीम से झड़प के बाद वह बच निकला। जिसके बाद से पुलिस टीम लगातार इलाके में दबिशें दे रही थी। इंस्पेक्टर विसवां अनिल सिंह ने बताया कि 10000 का इनामी बदमाश बचऊ को उसके साथी नितिन पुत्र राम लखन निवासी ग्राम सेवता थाना रेउसा के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 2200 की नगदी सहित पायल, पाजेब, अंगूठी व असलहा कारतूस बरामद हुए हैं। तालगांव रेउसा सदरपुर सहित कई थानों की पुलिस उसकी तलाश में थी। आरोपी की गिरफ्तारी टीम में एसओजी प्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह, नारकोटिक्स प्रभारी राजबहादुर, स्वाट प्रभारी प्रदीप दुबे उप निरीक्षक उग्रसेन सिंह, हमीदुल्लाह, मुख्य आरक्षी विष्णु सिंह, विशाल गुप्ता, शैंकी यादव, रवि सिंह, भानु, राखी अंकुर बालियान धीरेंद्र प्रमोद शामिल रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

नही हो सकी मृतक की शिनाख्त, पीएम के लिये भेजा शव

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुढा भवनाथपुर के निकट लहरपुर बिसवां मार्ग पर अज्ञात साइकिल सवार को, किसी अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लहरपुर-बिसवां मार्ग पर साइकिल से जा रहे 50 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गयी। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। घटना मंगलवार देर रात की है। लहरपुर बिसवां मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है और शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि 72 घंटे तक शव को सुरक्षित रखकर शिनाख्त का प्रयास किया जाएगा। मृतक की तलाशी के दौरान कोई भी चीज उसकी शिनाख्त हेतु नहीं मिल सकी है, केवल जेब में 40 रूपये मिले हैं। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

हैवानियत का शिकार हुई दलित किशोरी, केस दर्ज

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली देहात इलाके में दलित किशोरी दरिंदगी का शिकार हो गयी। किशोरी को अकेला पाकर पड़ोसी गांव के शोहदे ने उसे खेत में खींचा और हैवानियत भरी वारदात को अंजाम दे दिया। घर पहुंची किशोरी ने अपनी भाभी व बहन को आपबीती सुनायी तो सबके होश उड़ गये। परिजनों के साथ थाने पहुंची किशोरी ने वारदात को अंजाम देने वाले दरिंदे के विरूद्ध केस दर्ज कराया है। बताते चलें कि कोतवाली देहात इलाके की रहने वाली किशोरी सोमवार की शाम शौंच के लिये गांव के बाहर गयी थी। इसी दौरान वहां पहले से घात लगाये बैठे रंजीत पुत्र विनोद ने उसे जबरन खेत में खींचा और दरिंदगी भरी वारदात को अंजाम दे डाला। चंगुल से छूटी किशोरी किसी तरह बदहवाश हालत में घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। थाने पहुंची पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 376, 323, 506, 3/4 पाक्सो एक्ट सहित एससीएसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

फांसी के फंदे से झूलता मिला नाबालिग किशोर

मिश्रिख-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली इलाके की ग्राम पंचायत जसरथपुर के मजरा फुलवारी में एक नाबालिक किशोर घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। फुलवारी निवासी राजेश पुत्र तौलेराम ने बताया कि वह नाई गीरी का कार्य करता है। वह आज मुंडन संस्कार कराने लोधौरा गांव गया था। उसकी पत्नी प्रतिदिन की तरह चौका बर्तन करने के लिए कस्बा मिश्रित के शेषनाथ मंदिर के पास गई हुई थी। उसका बेटा शिवम उम्र 14 वर्ष घर पर अकेला था। तभी दोपहर 1:30 बजे के करीब मोहल्ले से फोन आया कि उसके पुत्र शिवम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पाकर पीड़ित घर आया और घर में पड़े छप्पर के बांस से उसको फांसी के फंदे पर झूलते देखा। पीड़ित ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया हैं।

चार खण्ड विकास अधिकारियों के तबादले

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति ने चार खण्ड विकास अधिकारियों के तबादले किये हैं। जिला मुख्यालय से सम्बद्ध दो अफसरों को ब्लाक में तैनाती मिली है, जबकि दो बीडीओ के कार्यक्षेत्र बदले हैं। जिला मुख्यालय से सम्बद्ध बीडीओ अवध प्रताप सिंह मिश्रिख ब्लाक के नये खण्ड विकास अधिकारी होंगे, जबकि संदीप कुमार बीडीओ बेहटा की जिम्मेदारी निभायेंगे। ब्लाक बेहटा में तैनात रहे रजनीश कुमार शुक्ला को सिधौली विकास खण्ड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिश्रिख में कार्य देख रहे प्रवीण जीत को गोंदलामऊ ब्लाक का खण्ड विकास अधिकारी बनाया गया है।

आईजीआरएस निस्तारण में अव्वल घोषित हुई सिधौली तहसील

- उत्तर प्रदेश में 75 जिलों की रैंकिंग में तहसील सिधौली को मिला प्रथम स्थान
- एसडीएम बोलेः शिकायत आने पर निस्तारण के बाद पीड़ित से लिया जाता है फीडबैक
- नियमों का पालन कर आगे भी जारी रहेगी कार्यों का संपादन करने की प्रक्रिया : अनिल

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इलाके में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर आम जनमानस की ओर से की जाने वाली आईजीआरएस शिकायत निस्तारण मामले में इस बार सिधौली तहसील अव्वल घोषित हुई है। जिसमें डीएम अनुज सिंह का भी अहम योगदान है। फरवरी माह की बात की जाए तो उत्तर प्रदेश में कुल 75 जिलों की रैंकिंग में इस तहसील को प्रथम स्थान मिला है। अधिकारियों का दावा है कि आने वाली शिकायतों पर फौरन अमल के बाद गुणवत्तापूर्ण निदान करने के बदले यह रैंक उन्हें हासिल हुई है। इन दिनों उप जिलाधिकारी के पद पर अनिल कुमार रस्तोगी की तैनाती है। फरवरी माह में आइजीआरएस शिकायत निस्तारण में तहसील को प्रथम स्थान मिलने पर एसडीएम ने कहा स्थानीय स्तर पर उनके नेतृत्व में लगातार अधीनस्थ काम कर रहे है। अधिकारियों कर्मचारियों की बेहतर कार्यशैली ने तहसील को आईजीआरएस निस्तारण में टॉप का दर्जा दिलाने का काम किया है। प्रतिदिन जो भी शिकायतें आती है उन शिकायतों का समय से निस्तारण करने के बाद उनकी टीम की तरफसे पीड़ित के पास फोन कर फीडबैक लिया जाता है। असंतुष्ट होने पर दोबारा कार्रवाई की जाती है। सभी मातहत समय से कार्यालय पहुंचकर पोर्टल पर प्राप्त आवाम के प्रार्थना पत्रों को शासन की मंशा के अनुसार निस्तारित करते है। एसडीएम ने बताया कमिश्नर रोशन जैकब की उपस्थिति में मंगलवार को जिले में जनता दर्शन हुआ जिसमें सिधौली की कोई भी शिकायत नहीं हुई। एसडीएम अनिल रस्तोगी ने कहा नियम कानूनों का पालन करते हुए टीम के सहयोग से आगे भी इसी तरह कार्यों का संपादन करने की प्रक्रिया अनवरत जारी रहेगी।

रहेगा प्रयास, आगे भी रहे नंबर वनः तहसीलदार

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सिधौली नायब तहसीलदार आलोक कुमार ने बताया मातहतों के सहयोग से सभी शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण हो इस पर विशेष बल दिया गया। जिसका परिणाम भी सामने है। फरवरी माह में आई शिकायतों के निस्तारण में तहसील ने यूपी में प्रथम स्थान पाकर जिले का नाम रोशन किया है। निरंतर प्रयास रहेगा कि आगे भी सिधौली तहसील इस बाबत नंबर वन रहे।

शिकायत निस्तारण में नंबर वन पर रही स्थानीय पुलिस

जिले के 22 थानों के साथ कमलापुर पुलिस स्टेशन को भी मिले 90 में 90 अंक

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। फरवरी माह में ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण में स्थानीय पुलिस नंबर वन पर रही है। जनपद के 22 थानों के साथ कमलापुर पुलिस स्टेशन को भी 90 में 90 अंक प्राप्त हुए है। इंस्पेक्टर का कहना है उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर इलाके से आई शिकायतों का पुलिस टीम के साथ मिलकर त्वरित निराकरण किया गया है। बता दे सरकार ने अवाम की समस्याओं के निस्तारण को लेकर पोर्टल जारी किया था। जिस ऑनलाइन पोर्टल के जरिए लोग अपनी शिकायत करते है। प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग के अधिकारी की पटल पर पहुंचने के बाद उसका निराकरण किया जाता है। इसी क्रम में फरवरी माह के दौरान ऑनलाइन शिकायत के माध्यम से आए सभी पुलिस संबंधित मामलों का स्थानीय खाकी ने समय से निस्तारण किया है। जिससे जनपद के कोतवाली, सदरपुर, लहरपुर, सकरन, नीमसार, मछरेहटा, संदना, अटरिया, मानपुर, हरगांव, मिश्रिख, थानगांव, तंबौर, महमूदाबाद, महिला थाना, महोली, तालगांव, बिसवा, कोतवाली देहात, इमलिया सुल्तानपुर, रामपुर कलां, खैराबाद के साथ स्थानीय पुलिस भी नंबर वन पर रही है। कमलापुर पुलिस स्टेशन को 90 में 90 अंक मिले है। इंस्पेक्टर कृष्ण बली सिंह का कहना है टीम के साथ मिलकर आई शिकायतों का निस्तारण किया गया है। यह प्रयास जारी रहेगा।

अटरिया इलाके में प्रतिबंधित पेड़ों पर चल रहा लकड़कट्टों का आरा

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। बेखौफ लकडकट्टो का तराई इलाकों में मकड़ जाल बिछा है। स्थानीय पुलिस की सांठगांठ से बगैर परमिट प्रतिबंधित पेड़ों पर आरा चल रहा हैं। वन विभाग ने बगैर परमिट कटी लकड़ी पर टैक्टर ट्राली पकड़ कर कड़ी कार्रवाई की है। बेखौफ दबंग लकडकट्टा बालक राम निवासी देवकली थाना अतरौली ने अटरिया क्षेत्र के फरीदपुर में लगे रुद्रप्रताप सिंह के खेत से दर्जनों प्रतिबंधित सागौन के पेड़ कटवा दिये और चोरी छिपे खरतोहना स्थित एक आरा मशीन पर पहुंचाना शुरू कर दिया। इसी बीच मुखाबिर की सूचना पर पहुंचे सिधौली वन विभाग डिप्टी रेंजर अमित कटारिया वन दरोगा रामसेवक वर्मा ने लकड़ी सहित ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर सिधौली कार्यालय पर बंद कर दिया और दबंग लकड़ी माफिया पर पच्चीस हजार का जुर्माना लगाया है। वन दरोगा रामसेवक वर्मा ने बताया कि बगैर परमिट पेड़ काट रहे लकडकट्टें के खिलाफविभागीय कार्रवाई कर 25 हजार रुपए का राज्स्व जुर्माना वसूला गया है। बताते चलें कि इटौजा-अटरिया के पास गोमती नदी के तराई क्षेत्रों में पेड़ों का अवैध कटान हो रहा है।

- वन विभाग ने जब्त की लकड़ी भरी ट्रैक्टर-ट्राली, लगाया जुर्माना

पुलिस वालों पर हमलावर हुआ ग्राम प्रधान

लकड़ी कटान की शिकायत पर पहुँची पुलिस से भिड़ा दबंग

- रेवरी प्रधान लालजी भार्गव के खिलाफ सिधौली कोतवाली में केस दर्ज

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कसमण्डा ब्लाक की ग्राम पंचायत रेवरी प्रधान लालजी भार्गव पुलिस को आंख दिखा रहे हैं। लकड़ी कटान की सूचना पर पड़ताल करने पहुंचे दरोगा और सिपाहियों से प्रधान बुरी तरह उलझ गये। पुलिस पार्टी पर हमलावर हुए, मारपीट करने का प्रयास किया, सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए अपनी कार बीच रास्ते में खड़ी कर पुलिस को घेर लिया। आस-पड़ोस मौजूद लोगों की मदद से किसी तरह दरोगा और सिपाही खुद को सुरक्षित बता कर मौके से निकल पाये। पुलिस को आंख दिखाने वाले प्रधान और उसके दबंग साथियों के खिलाफ कोतवाली सिधौली में मुकदमा दर्ज हुआ है। कसमण्डा ब्लाक की ग्राम पंचायत रेवरी प्रधान लालजी भार्गव इलाके के पुराने नेता हैं। पहले भी कई प्रकरणों में ये चर्चित रह चुके हैं। चार मार्च को अवैध लकड़ी कटान की सूचना पर उच्चाधिकारियों से मिले निर्देश के बाद दरोगा उमाशंकर यादव, सिपाही अरूण शर्मा, राबिन बालिया के साथ सरकारी वाहन से मौके पर पहुंचे। दरोगा ने देखा कि अवैध कटान हो रहा है। पुलिस को देखकर मजदूर और ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से भाग गये।

पुलिस पड़ताल कर ही रही थी कि तभी रेवरी प्रधान लालजी भार्गव अपने साथियों के साथ मौके पर आये और पुलिस से बदसुलूकी करने लगे। दबंग प्रधान अचानक पुलिस बल पर हमलावर हो गये। मारपीट का प्रयास किया। अपनी ब्रेजा कार रास्ते में बेड़ी खड़ी कर पुलिस वालों को घेर लिया। आस-पड़ोस के लोगों की मदद से पुलिस खुद को बचाकर वापस लौटी। इस मामले में दरोगा उमाशंकर यादव की तहरीर पर प्रधान लालजी भार्गव और उसके साथियों के खिलाफ धारा 332, 352, 341 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया है।

नगर पालिका बोर्ड की आज होगी बैठक

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में बोर्ड बैठक गुरुवार की दोपहर 12 बजे चेयरमैन मो. अहमद की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बोर्ड बैठक में गत कार्रवाई की पुष्टि के साथ माह फरवरी के आय-व्यय पर विचार करने के साथ विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्तावों को स्वीकृति दी जाएगी। यह जानकारी ईओ शैलेंद्र दुबे ने दी।

शिक्षा के साथ बच्चों को दें बेहतर संस्कार : सुशील यादव

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर निपुण भारत मिशन के अंतर्गत, हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी पुलिस सुशील कुमार यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा ने की। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव ने कहा कि, प्राथमिक शिक्षा बहुत महत्व पूर्ण है, क्यों कि यह नींव होती है। बचपन में जो भी आदत पड़ जाती है वह पूरे जीवन भर बनी रहती है, इसलिए सभी शिक्षक और अभिभावक बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार और नागरिक गुणों के विकास पर भी जोर देते रहे। जिसमें यह बच्चे आगे चलकर देश और समाज की बेहतर सेवा कर सकें। कार्यक्रम अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि, प्राथमिक शिक्षा सरकार की प्राथमिकता है इसको बेहतर बनाने के लिए बहुत सी योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं शिक्षक और समुदाय दोनों मिलकर शिक्षा के मंदिर को सुंदर और बेहतर बनाने का प्रयास करें। कार्यक्रम में चार दर्जन मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर खण्डशिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता रस्तोगी, एआरपी सुरेश कुमार ,संकुल शिक्षक अनवर अली, संदीप कुमार, आदित्य कुमार राठौर, रामचन्द्र वर्मा, नूर सबा, अल्पना वर्मा तथा जुबेर वारिस ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी।

भारत को विकसित बनाने में जुटी भाजपा : दिनेश तिवारी

- संचालन समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियाँ

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक बुधवार को जिला कार्यालय पर हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी दिनेश तिवारी ने कहा कि सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम से पार्टी चुनाव में सफलता हासिल करती आ रही है। इसी तरह लोक सभा चुनाव में भी सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए भारी मतों से जीत हासिल करनी है। विधानसभा प्रभारी राम नरेश मिश्रा ने कहा भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के साथ विकसित भारत बनाने के लिए कार्य कर रही है। चुनाव संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता ने संचालन समिति के गठन, चुनाव पर रणनीतिक चर्चा, प्रचार-प्रसार, घर-घर संपर्क व अन्य विभागों के प्रमुखों को जिम्मेदारियां सौंपी। अंशुमान वर्मा को विधानसभा विस्तारक, अवनेंन्द्र विक्रम सिंह व राजीव मेहरोत्रा को बूथ प्रबंधन कार्य प्रमुख, विजय अवस्थी व विक्रम सिंह विधान सभा लीगल टीम, आकाश राय व मुकेश मिश्रा को मीडिया प्रबंधन प्रमुख, अभिषेक पाण्डेय व अजय शुक्ला को प्रचार समग्री प्रमुख, सहज गुप्ता व संतोष शुक्ला को प्रचार अभियान प्रमुख, सतीश जायसवाल व ओम प्रकाश शर्मा को प्रचार समग्री एवम साहित्य वितरण प्रमुख, श्रेयांश सिंह व राहुल अवस्थी को शोशल मीडिया व हाइटेक अभियान प्रमुख, नितेश जायसवाल व राम जी गुप्ता को वीडियो वैन प्रमुख, दिनेश शर्मा व शैलेन्द्र वर्मा को यात्रा व प्रवास प्रमुख, अवधेश लोधी व अरविन्द यादव को वाहन व्यवस्था प्रमुख, किशोर जोशी व मिथलेश प्रधान को प्रवासी कार्यकर्ता प्रमुख, लक्ष्मी पांडेय व विनोद गौतम को लाभार्थी संपर्क प्रमुख, चंद्र शेखर व वंसराज सिंह को सामाजिक संपर्क प्रमुख, ऋषभ त्रिवेदी व अनुज त्रिवेदी को युवा संपर्क प्रमुख कुसुम सिंह व अर्चना सिंह को महिला संपर्क प्रमुख राम गिहार व श्याम लाल कनोजिया को अनु जाति संपर्क प्रमुख, बृजेश रस्तोगी व सत्य प्रकाश लोधी को झुग्गी झोपडी अभियान प्रमुख, चौतन्य त्रिवेदी व धीरेन्द्र सिंह को विशेष संपर्क प्रमुख राम लखन कश्यप व हृदय मोहन त्रिपाठी को चुनाव कार्यालय प्रमुख, अनीत मिश्र व अमन विक्रम सिंह को मतगणना प्रमुख का दायित्व दिया गया। बैठक के दौरान जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, जिला मंत्री जया सिंह, जिला उपाध्यक्ष नैमिषरत्न तिवारी, इंदू सिंह चौहान, जीतू मेहरोत्रा, नगर अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह, आकाश अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, डी सी डी एफ चेयरमैन रोहित सिंह, विस्तारक राजीव सिंह, आदि उपस्थित रहे।

टीम चक्रेश में शामिल हुये नवनीत और हनुमंत

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पुलिस महकमें में एक बार फिर बदलाव की बयार चली है। मंगलवार की देर रात हुए तबादले में दो थानेदारों को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी है, वहीं दो उपनिरीक्षक जिले में पहली बार स्पेशल 28 का हिस्सा बनेंगे। तीन साल तक मीडिया सेल प्रभारी व पीआरओ का जिम्मा निभाने वाले उपनिरीक्षक नवनीत मिश्रा टीम चक्रेश में शामिल हुए हैं। वह रामपुर कला थाने के प्रभारी बनाये गयें हैं। यहां तैनात इंस्पेक्टर भावनाथ चौधरी एक बार फिर जन शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी बने हैं। लखीमपुर खीरी से स्थानान्तरित होकर आये सब इंस्पेक्टर हनुमंत लाल तिवारी थानगांव के एसओ बनाये गये हैं। यहां तैनात इंस्पेक्टर दयाशंकर अब साइबर थाने का प्रभार सम्भालेंगे। इंस्पेक्टर विजय कुमार को डायल 112 का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इंस्पेक्टर राजकरन शर्मा साइबर थाने के अतिरिक्त प्रभारी की जिम्मेदारी निभायेंगे। दरोगा सुशील सिंह एसएसआई खैराबाद बने हैं। उमेश चन्द्र चौरसिया को साइबर थाने से हटाकर एसपी ने अपना पीआरओ बनाया है। मीडिया सेल में तैनात शिव बाबू एसएसआई मानपुर बने हैं। शिवकुमार को पुलिस लाइन से थाना तम्बौर भेजा गया है। मनोज कुमार सिंह को 112 से स्थानान्तरित कर सदरपुर थाने भेजा गया है। दिनेश बहादुर सिंह लहरपुर के बाद अब महोली पहुंचे हैं। संतोष कुमार पाण्डेय रामपुर मथुरा से मिश्रिख भेजे गये हैं। विजय शंकर मिश्रा को भी तम्बौर थाने से सम्बद्ध किया गया है। संदना में रहे रमेश चन्द्र यादव अब इमलिया सुल्तानपुर में सेवायें देंगे। नरेन्द्र कुमार यादव को रामपुर कला, राजेन्द्र कुमार यादव को साइबर क्राइम, प्रेमकृष्ण द्विवेदी को रामकोट, रूहउल्ला खां को प्रभारी ग्राम सुरक्षा न्यायालय लहरपुर, बालेन्द्र बहादुर को मछरेहटा से कोतवाली नगर, लाल सिंह को खैराबाद भेजा गया है।

मोदी सरकार में आत्मनिर्भर बन रही महिलायें

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कस्बा स्थित श्री श्याम लांन में भाजपा ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा विधायक मनीष रावत मौजूद रहे। अध्यक्षता अटरिया मण्डल अध्यक्ष कौशलेश भारती ने की। इस मौके पर भाजपा विधायक मनीष रावत सहित आधा सैकड़ा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने पीएम मोदी का लाइव प्रसारण सुना।

पात्रों तक बैंक पहुँचायें योजनाओं का लाभ : अनुज सिंह

- डीएम की अध्यक्षता में बैंकर्स की हुई समीक्षा समिति की बैठक

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बैंकों के माध्यम से संचालित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्रों को दिया जाये। लम्बित आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा तैयार ''संभाव्यतायुक्त ऋण योजना 2024-25'' का विमोचन भी किया, जिसके अनुसार वर्ष 2024-25 में प्राथमिकता क्षेत्र में लगभग 6692 करोड़ रूपये की ऋण संभाव्यता का प्रक्षेपण किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत बनाये गये स्वयं सहायता समूहों का प्राथमिकता के आधार पर सीसीएल कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि यह शासन की अत्यन्त प्राथमिकता की योजना है। इसलिये इसके लिये व्यापक स्तर पर अभियान चलाते हुये नियमित रूप से समीक्षा भी की जाये। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड एवं मत्स्य पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड लक्ष्य के अनुसार जारी कराये जायें। मत्स्य विभाग से वरिष्ठ अधिकारी की बैठक में उपस्थित न होने पर एवं उपस्थित अधिकारी द्वारा समुचित विवरण प्रस्तुत न कर पाने तथा विभागीय योजनाओं की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना के विषय में सभी किसानों को जानकारी प्रदान की जाये और अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जाये। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्वीकृत के उपरान्त वितरण हेतु शेष ऋणों का नियमानुसार शीघ्र वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने एक जनपद एक उत्पाद, मुद्रा योजना, स्टैण्ड अप योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि योजनाओं की समीक्षा भी की। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, डी0डी0एम0 नाबार्ड विशाल कंसल, लीड बैंक मैनेजर अनल कुमार, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

आर्यकुल आलेज में मना नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे

संक्षिप्त समाचार

महिला को बचाने के चक्कर में बोलेरो पलटी,चालक घायल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग हरसड़ गांव में बुधवार की शाम बोलोरो चालक सड़क पर अचानक महिला को आ जाने के कारण बोलोरो चालक महिला को बचाने के चक्कर में बोलोरो वाहन चारो खाने चीत होकर पलट गई बोलोरो वाहन पलटनें की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई जिस पर बोलोरो वाहन को सीधा कराया बोलोरो वाहन चालक वाहन लेकर घर चला गया संयोग अच्छा था कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के खुटहां गांव निवासी 32 वर्षीय दिनेश पटेल बोलोरो वाहन लेकर हलिया बाजार की ओर से घर लौट रहा था कि जैसे हलिया ड्रमंडगंज मार्ग हरसड़ गांव में पंहुचा कि अचानक एक महिला सड़क पर आ गई जिससे बोलोरो चालक महिला को बचाने के चक्कर में बोलोरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चारो खाने चित्त हो गई वहीं बोलोरो चालक को हल्की फुल्की चोटें आई बोलोरो वाहन पलटनें की जानकारी पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बोलोरो वाहन को सीधा कराया तब जाकर बोलोरो चालक वाहन लेकर अपने घर चला गया संयोग अच्छा था कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लगाई गई चित्र प्रदर्शनी

मिर्जापुर। विंध्याचल रोडवेज परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न प्राथमिकताओं, निर्माणाधीन परियोजना, विकासपरक योजनाएं प्रदर्शित कर जानकारी दी गई है, जिसका आज नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने फीता काटकर उद्घाटन किया।इस अवसर पर नगर विधायक ने कहा कि नारी शक्ति नारी वंदन का प्रधानमंत्री जी ने बंगाल से उद्घाटन किया। मां विंध्यवासिनी दरबार नारी शक्ति नारी वंदन का दुनिया में सबसे बड़ा स्थान है । इसके तहत मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदर्शनी यहां लगावाया कि लोग नारी के बारे में जाने नारी हमेशा से पूजनीय रही हैं और रहेंगी। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि महिला दिवस के शुभ अवसर पर जो आधी आबादी है उसे बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इस अवसर पर शासन के द्वारा महिला की सुरक्षा और विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए जो कार्य किया जा रहे हैं, उन सभी की जानकारी लेकर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

सरकार ने महिलाओं को निरन्तर किया मजबूत

जौनपुर। सिरकोनी ब्लॉक पर बुधवार को शक्ति वंदन अभियान के समापन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विडीओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित किया। जिसमें ब्लॉक के सभी समूहों की महिलाओं ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने समूह की महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार वर्ष भर में एक करोड़ समूह की दीदीयों को लखपति बनाएगी। मोदी सरकार सभी वादे पूरे करने की गारंटी है। बतौर अतिथि पूर्व विधायक डॉ0 हरेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि 2014 से देश की सत्ता पर आयी भाजपा की सरकार के प्रधानमंत्री ने लगातार महिलाओं को सामाजिक,आर्थिक राजनीतिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। उसे लगातार मजबूत करने का काम जारी है।जल्द ही विधानसभाओं तथा लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत होगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता आमोद कुमार सिंह ने तथा संचालन एडीओ आइएसबी रामजी ने किया। इस मौके पर सर्वेश सिंह,रत्नेश कुमार सिंह,मुन्ना सिंह सहित समूह की महिलायें मौजूद रही।

रमजान और होली पर बिजली पानी दुरुस्त रखने मांग

जौनपुर। शिया जामा मस्जिद के मुतवल्ली, सचिव समाजसेवी अली मंजर डेजी ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को किया नगर मजिस्ट्रेट ने आश्वासन दिया कि त्योहार से पहले जनहित में सारी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित किया जाएगा । ज्ञापन में , रमजान में सायंकाल 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक उचित वोल्टेज से निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, मस्जिदों एवं मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों के मार्गो पर सड़क मरम्मत साफसफाई एवं स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत समय से कर दी जाए, कुकिंग गैस उपलब्धता एवं दूध खोवा पनीर दही , देसी घी की शुद्धता भी विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाए एवं सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जाए, सरकारी राशन की आपूर्ति समय पर त्योहार को देखते हुए सुनिश्चित की जाए, धार्मिक स्थलों पर पुलिस के जवान विशेष तौर से सतर्कता बरते , खराब हैंडपंप सोलर लाइट स्ट्रीट लाइट एवं विद्युत की जर्जर तारों को बदलने एवं मरम्मत समय से करा दिया जाए। अफरोज हुसैनी, प्रमोद मौर्या, नासिर रजा गुड्डू अरशद अंसारी संदीप यादव उपस्थित थे।

कभी बेकार नहीं जाती शिक्षाः कुलपति

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में नवागंतुक सम्मान समारोह मनाया गया स कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉक्टर नृपेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया । उक्त समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि शिक्षा कभी भी बेकार नहीं जाती, विद्यार्थियों मन लगाकर अपने पाठ्यक्रमों की तैयारी करना ताकि आप अच्छे अंक से परीक्षा उत्तीर्ण कर सकें स आजकल कंपनियां ज्ञान और अनुभव के साथ- साथ आपकी ग्रेडिंग को भी देखती है। श्री श्री रविशंकर जी के शिष्य जयसिंह द्वारा 15 मिनट का प्राणायाम कराया गया । विद्यार्थियों ने कुलपति के सामने गणेश स्तुति का नृत्य पेश किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी स कार्यक्रम में मिस्टर प्रेशर करण कुमार एवं मिस प्रेशर स्वाति पांडे बनीं । कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक पूजा सक्सेना, डॉ. राजीव कुमार, सुरेंद्र सिंह, विजय बहादुर मौर्य, हेमंत दुबे उपस्थित थे ।

समाज के प्रति समर्पित रही किरन श्रीवास्तव

जौनपुर। अप्रतिम प्रतिभा की धनी व्यवहार कुशल वरिष्ठ भाजपा नेत्री स्मृतिशेष किरन श्रीवास्तव पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा, जौनपुर, पूर्वप्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, को उनके जयंती के अवसर पर किरन फाउंडेशन ने राजेश स्नेह ट्रस्ट ऑफ एजुकेशन द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चो का स्कूल एवम पुनर्वास केंद्र रूहट्टा में दिव्यांग बच्चो को लंच पैकेट चॉकलेट वितरित किया । बच्चो के मनोरंजन हेतु कैरम, लूडो आदि भेट किया गया। किरन फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी धर्मपत्नी किरन हमेशा समाज के लिए समर्पित रही, किसी के सुख दुःख को अपना सुख दुख समझ लेती थी। बच्चो से उनका लगाव बहुत ज्यादा था, खासकर दिव्यांग बच्चो से इसीलिए आज उनके जन्मदिन पर दिव्यांध बच्चो के साथ मनाया गया। दिव्यांग बच्चो को सेवा हेतु स्कूल संचालन के लिए राजेश कुमार को धन्यवाद दिया गया

अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन को लेकर जाने वाले वाहनों को दिखाई हरी झंडी

सोनभद्र। जिला मुख्यालय स्थित सदर ब्लाक परिसर से बुधवार को अनुसूचित जाति मोर्चा के आगामी 7 मार्च को आगरा में अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन को लेकर जाने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाई रवाना करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, काशी क्षेत्र अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत । जिला प्रभारी अनिल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी योगी सरकार के जयकारे लगाते हुए बस को रवाना किया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता के मार्गदर्शन पर संगठन पदाधिकारी महासम्मेलन को लेकर उत्साहित दिखे और देश के चौमुखी विकास के साथ सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास फिर एक बार भाजपा सरकार के नारों के साथ कार्यकर्ता हुए रवाना।

शिवरात्रि मेले को लेकर हुई मैजिस्ट्रेटों की तैनाती

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पर्व 08 मार्च, को मनाया जाएगा, इस अवसर पर श्रद्धालुओं महिला, पुरूष व बच्चों द्वारा पवित्र नदियों व सरोवरों में स्नान कर स्थानीय शिव मन्दिरों में प्रातःकाल से सायंकाल देर तक पूजा-अर्चना की जाती है, इस दौरान शिव मन्दिरों पर अधिक संख्या में जनसमूह इकठठा होता है, जिसके कारण मेले जैसा परिदृश्य हो जाता है, जनपद के कतिपय स्थानों पर महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं के द्वारा शिव बारात/शोभा यात्रा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करते हुए जुलूस निकाला जाता है तथा कुछ स्थानों पर मेले का आयोजन भी किया जाता है, महाशिवरात्रि का पर्व सकुशल सम्पन्न किये जाने हेतु सतर्कता एवं प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था सहित समुचित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है,

टैंकर संचालन के लिए पेयजल कंट्रोल रूम की स्थापना

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद में पेयजल समस्या एवं टैंकर संचालन के लिए पेयजल कंट्रोल रूम की स्थापना जनपद और विकास खण्ड स्तर पर की गयी, ग्राम पंचायत में पेयजल की समस्या न होने पाए, पेयजल के संबंध में गांव के लोगों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं जिसमें जल जीवन मिशन से जिन ग्राम पंचायतों में पानी का कनेक्शन हो रहा है उसका सत्यापन कराए जाने का आदेश समस्त खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत को दिया गया है, ग्राम पंचायत में संचालित सभी टैंकरों में जीपीएस के माध्यम से ही पेयजल की सप्लाई की जाएगी तथा ग्राम पंचायत में खराब पड़े बोर को डीप बोरवेल रिचार्ज फिट में परिवर्तित किया जाएगा, जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना विकास भवन, सोनभद्र में की गयी है,

विश्वविद्यालय परिसर के पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन शुरू

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने परिसर में चलने वाले समस्त पाठ्यक्रमों के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पीयूकैट) सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय ने जारी कर दिया है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय एमबीए सहित विभिन्न स्नातक (यूजी), डिप्लोमा और स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए टेस्ट का आयोजन करता है। इच्छुक अभ्यर्थी वीबीएसपीयू पीयूसीएटी 2024 परीक्षा के लिए आधिकारिक वेबसाइट- अइचन.ब.पद के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन एक मार्च से शुरू हो गया है।

यूविन पोर्टल प्लेटफार्म किया गया विकसित

सोनभद्र। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण की रियल टाईम प्रविष्टि के लिए यूविन पोर्टल प्लेटफार्म विकसित किया गया है, यूविन एक नेशनल डिजिटल प्लेटफार्म है। जनपद स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होटल आर0एस0 ग्राण्ड में किया गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार ने बताया कि कोविड टीकाकरण को लेकर शुरू किये गये कोविन पोर्टल के तर्ज पर यूविन पोर्टल में बदलाव किये गये हैं, जहाँ यह यूविन पोर्टल कोल्डचेन से सम्बन्धित जानकारी रखता था, वहीं अब इस पोर्टल के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण सम्बन्धी सारी जानकारियां मिल सकेंगी। पोर्टल शुरू करने का उद्देश्य शत-प्रतिशत टीकाकरण में लाभार्थी के अनुसार सूचना एवं देय टीकों की रियल टाईम स्थित प्राप्त करनी है, इस पोर्टल के शुरू होने से लाभार्थी को यह सुविधा होगी कि वह घर बैठे ही टीकाकरण के लिए स्लाट बुक कर सकता है, साथ ही टीकाकरण लगने के बाद का प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकेंगें।

दिव्यांग सियाराम को मिली इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत कोठी धौकल सिंह के निबावल गांव निवासी दिव्यांग सियाराम को जिला मुख्यालय स्थित 39 वीं पीएसी परिसर में एलिम्को कंपनी द्वारा स्क्रीनिंग करने के बाद केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के हाथों से मिली इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल से दिव्यांग सियाराम अपने घर से इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल से ब्लाक मुख्यालय पर अन्य सामग्री लेने के लिए पंहुचने पर दिव्यांग को भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह व मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।वंही दिव्यांग सियाराम ने भाजपा के केंद्र व राज्य सरकार सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है ।

कहा कि इससे पहले ट्राई साइकिल मिलने से परेशानी होती थी लेकिन इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल मिल जाने से अब किसी के सहारे की आवश्यकता नहीं है खुद इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल से ब्लाक मुख्यालय या बाजार अपने काम के लिए आ पाता हूं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिव्यांग सियाराम को माल्यार्पण कर स्वागत किया है।इस दौरान संयुक्त खंड विकास अधिकारी श्रीराम,भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह,मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह, दिनेश अग्रहरि,योगेश दूबे,विपुल सिंह, अवधेश पाल,मंतोस अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

चुनावी तैयारियों को लेकर डीआरओ ने की बैठक

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 को निष्पक्ष,पारदर्शिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाना है, निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिन भी अधिकारियों को जो भी दायित्व निर्धारित किये गये हैं, वह उसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगें और निर्वाचन से सम्बन्धित सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया जाये, जिन अधिकारियों को जो भी दायित्व सौपे गये हैं, वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी गाईड लाईन का भली-भाँति अध्ययन कर लें, जिससे कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ें और निर्वाचन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ पूर्ण हों, इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए केन्द्रों पर निर्वाचन से सम्बन्धित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये, आदर्श आचार संहिता लगते ही समय से बैनर, पोस्टर, हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान शोसल मीडिया प्लेटफार्मों की विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाये यदि गलत या भ्रामक जैसी खबरें प्रसारित होती है तो उस पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, सोशल मीडिया के निगरानी के लिए मुख्य विकास अधिकारी श्री सौरभ गंगवार नोडल अधिकारी नामित किया गया है और सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को नामित किया गया है।

कांवरियों के लिए फलाहार के साथ चिकित्सा व्यवस्था भी

इटावा। बर्फानी सेवा मंडल का शिव भक्त कावरियो की सेवा में 14 वर्षो से निरंतर लगने वाले फलाहारी भण्डारे की शुरुआत भगवान भोले नाथ के विधिविधान से रूद्धाभिषेक के साथ हुई। शिव भक्त कावरियो की सेवा के लिए चार दिवसीय फलाहारी भंडारे का बुधवार को शुभारम्भ हो गया, इस अवसर पर पंडित पुली महाराज द्वारा मन्त्रोचार से पार्थिव भगवान भोले नाथ का रूद्धाभिषेक कर भण्डारे का शुभारम्भ किया गया।

मंडल के अध्यक्ष ओमरतन कश्यप ने कहा कि इस बार भंडारे में अमरनाथ के साक्षात दर्शन भी हो सकेंगे।इसके साथ ही कावरियों के लिए विश्राम करने के साथ फलाहारी भंडारे व दवाइयों की समुचित व्यवस्था की गयी है।यह भंडारा शिवरात्रि तक अनवरत रूप से चलेगा। इस अवसर पर बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के भक्त बडी सख्या में उपस्थित रहें जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष ओमरतन कश्यप,उपाध्यक्ष जय सिंह चौहान,आनंद अग्निहोत्री,महामंत्री देवेंद्र शर्मा,रविपाल,पंछी कश्यप,सुदीप जैन,के.के.कश्यप,संतोष पाल,रोहित गुप्ता,श्याम सिंह कुशवाहा,राघव यादव,राजीव पाल,रमेश यादव व अभय कश्यप आदि प्रमुख रूप उपस्थित रहे।

विकास कार्यों को लेकर जनता तक जाएगें : कृपाशंकर सिंह

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने होटल रीवर व्यू मे पत्रकारों से कहा कि पार्टी की रीति-नीति व सरकार के किये गये विकास कार्यो को लेकर जनता के बीच में जाएगे । उन्होने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाएं और विकसित भारत का विजन लेकर प्रत्येक बूथों पर चर्चा करेंगे केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश सरकार की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की और विकसित भारत का विजन लेकर गांव, मजारों, टीलों, चौपालों और बूथों पर चर्चा करेंगे ।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। भाजपा जाति और धर्म के नाम पर राजनीति नहीं कर रही है। हमारे एजेंडे में किसान, नौजवान, महिलाएं सभी वर्ग के लोग हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्ग को मिल रहा है हमारी सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। अबकी बार 400 पर के लक्ष्य को भी पूरा करने के लिए पूरे दम खम के साथ और जनसहयोग के माध्यम से प्रचंड विजय को हासिल करना है। उत्तर प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट ओमप्रकाश सिंह समाजसेवी ज्ञानप्रकाश सिंह, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह , पूर्व विधायक सुरेन्द प्रताप सिंह जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह आदि उपस्थित रहे।

नारायन कॉलेज के बीसीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय का नाम किया रोशन

इटावा। नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, इटावा में अध्ययनरत बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने हमेशा की तरह अपने शानदार परिणाम से महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।संस्था के वाइस चेयरमैन इं.अंकित तिवारी ने उनके उत्कृष्ट परिणाम के लिये बधाई दी एवं उन्हें प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने के लिये शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि हमें यह सूचित करते हुये बडा हर्ष हो रहा है कि हमारे महाविद्यालय के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया और यह भी अवगत कराया कि हमेशा की तरह महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा है।बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर में सुधांश दीक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,कुश दीक्षित,अभिषेक पाल,अच्युत दुबे ने संयुक्त रूप से द्वितीय एवं गौरव शर्मा,आदित्य यादव और सौरभ कुमार ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान के प्राचार्य योगेश कुमार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि इस परिणाम को प्राप्त करने में हमारे महाविद्यालय के प्रवक्ताओं की सच्ची लगन से शिक्षण कराना है।यदि आप निरन्तर प्रयासरत रहेंगे तो निश्चित ही आप जीवन के किसी भी मोड़ पर असफलता प्राप्त नहीं करेंगे और अनवरत रूप से प्रगति के पथ पर बढते जायेंगे। महाविद्यालय में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बीसीए एचओडी राहुल पाल,बीबीए एचओडी अनुरुद्ध यादव,बीएससी एचओडी जयंत अर्जुन, योगीराज पुरवार, चन्द्रकुमार, अभिषेक यादव, अनिकेत यादव अभिषेक मिश्रा ने बधाई दी एवं सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्यवाही : जुर्माने के साथ 21 प्लांट किए सीज

खनन क्षेत्र में संयुक्त टीम के पहुंचते ही लगे बंद होने क्रेशर प्लांट

अहरौरा (मिर्जापुर)। राष्ट्रीय हरित अधिकरण मुख्य ब्रांच नई दिल्ली के आदेश पर किए जा रहे कार्रवाई के क्रम में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तरफसे की गई कार्रवाई के क्रम में आज 6 मार्च 2024 को दोपहर में अहरौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भगौती देई, सोनपुर व चकजाता बियाहुर में मानक विपरीत संचालित 21 क्रेशर प्लांटों को सिल कर दिया गया । संयुक्त टीम के पहुंचते ही क्रेशर संचालक क्रेशर से गायब दिखे ।सूत्रों की मानी जाए तो पूर्व में 26क्रेशर ,40खनन पट्टा धारकों के ऊपर कुल मिला कर 35करोड़ के ऊपर का जुर्माना लगाया गया जिसकी अदायगी अभी तक हो नही पाई और दिन रात ब ज व निरस्त के बाद भी धड़ल्ले से क्रेशर और खदान संचालित हो रहे थे ।जिसके क्रम में आज भरपूर कार्यवाही की गई कार्यवाही किए गए प्लान्ट में , 1-अभियान कंस्ट्रक्शन चक जाता अहरौरा चुनार मिर्जापुर 2-महाकाल मीनिंग एंड कंस्ट्रक्शन सोनपुर 3-यस यू एंटरप्राइजेज सोनपुर 4-उमा स्टोन वर्क सोनपुर 5-आइडियल विजन सोनपुर 6-राज एसोसिएट क्रेशर प्लांट सोनपुर 7-राजलक्ष्मी इंटरप्राइजेज सोनपुर 8-मां शीतला स्टोन क्रेशर सोनपुर 9-पीवीआर इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड यूनिट-4 सोनपुर 10-सत्यनारायण सिंह कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड फार्मेली पीवीआर स्टोन क्रशर यूनिट 3 सोनपुर 11-एलिट स्टोन भगवती देवी 12-गंगासागर सिंह स्टोन क्रेशर भगौती देई 13-नीलिमा सिंह एक्स नाम मां विंध्यवासिनी स्टोन वर्क भगवती देवी 14-राजेश भाई पटेल आराजी नंबर 180 ध्2भगवती देवी 15-राजू स्टोन प्रोडक्ट भगवती देवी 16-रऊफ खान भगवती देवी 17-श्री कृष्णा स्टोन भगवती देवी 18-रिया इंटरप्राइजेज भगवती देवी 19-न्यू अष्टभुजा स्टोन भगवती देवी 20-श्री बजरंग स्टोन भगवती देवी 21-राजेश भाई पटेल स्टोन क्रशर यूनिट आराजी नंबर 704 भगवती देवी उपस्थित रहने वाले संयुक्त टीम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सोनभद्र उमेश कुमार गुप्ता , ए के मौर्य ,उप जिलाधिकारी चुनार वर्मा ,अहरौरा प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह सहित भारी मात्रा में कर्मचारी और पुलिस कर्मी मौजूद रहे ।

मिलिट्री फोर्स साथ पुलिस ने किया रूटमार्च

हलिया (मिर्जापुर)। आगामी लोकसभा चुनाव व शिवरात्रि, होली पर्व के मद्देनजर बुधवार को सीओ लालगंज शैलेन्द्र त्रिपाठी की अगुवाई में पैरामिलिट्री फोर्स (एसएसबी) व पुलिस के जवानों ने ड्रमंडगंज क्षेत्र में रूटमार्च मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। सीओ व थानाध्यक्ष की मौजूदगी में पैरामिलिट्री फोर्स व पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र के महेशपुर गांव में रूटमार्च कर मतदान केंद्र का निरीक्षण कर जायजा लिया। ड्रमंडगंज बाजार में फ्लैग मार्च कर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। सीओ व थानाध्यक्ष ने स्थानीय लोगों से लोकसभा चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। इसके बाद सीओ के नेतृत्व में एसएसबी जवानों ने पुलिसकर्मियों संग मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में रूट मार्च कर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।रूट मार्च के दौरान सीओ शैलेन्द्र त्रिपाठी ने ग्रामीणों से आगामी होली पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने व लोकसभा चुनाव में भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। रूटमार्च में थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार सरोज, एसएसबी के प्लाटून कमांडर पीसी राय, एसआई मनसुख यादव, प्रभाकर राय आदि शामिल रहे।

तीन परियोजना का राज्य मंत्री ने किया शिलान्यास

जौनपुर। जिले के चौकिया से आरा तक सम्पर्क मार्ग का चौडीकरण और सुदर्रीकरण किया जायगा 12 किलोमीटर के इस सड़क मार्ग निर्माण में 19 करोड़ 75 लाख रूपये खर्च होगा। बुधवार को इस परियोजना का शिलान्यास प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादक ने किया इसके आलावा नाबार्ड आर. आई. डी. एफ..29 योजना के अंतर्गत दो और परियोजना का शिलान्यास किया। पहली परियोजना सिद्दीकपुर जमुहायी मार्ग राजपत नगर सम्पर्क मार्ग मध्य नाले पर बॉक्स कलवट पहुंच मार्ग का शिलान्यास किया। इस परियोजना के निर्माण में 1 करोड़ 84 लाख रूपये खर्च होगा।दूसरी परियोजना ग्राम सैदपुर गढ़ऊर के मध्य नाले पर बॉक्स कलवर्ट पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस परियोजना में 60 लाख रूपये खर्च होगा। कहा कि आज विकास कि गंगा बह रही है। चारो तरफ सड़को का जाल बिछ गया है. हमारी सरकार हर क्षेत्र में काम किया हैचाहे सड़क हो, विजली हो, ग्रामीण पेयजल हो, गरीबो का आवास हो, राधे पाल व विकास शर्मा, ब्रमेश शुक्ला आदि लोग उपस्थिति रहे।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को समर्पित अनेकों योजनाएंः महानरायण

हलिया (मिर्जापुर)। बरौंधा बाजार स्थित भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डाऽमहा नरायण भारती के आवास पर बुधवार को प्रधानमंत्री द्वारा नारी शक्ति बंदन के लाइव प्रसारण को सुना।जिसे देखकर महिलाओं ने सुना और कार्यक्रम की सराहना की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डाऽ महा नरायण भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को समर्पित अनेकों योजनाएं जैसे सौभाग्य योजना,हर घर नल जल योजना, उज्जवला गैस सिलेंडर योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुद्रा लोन,ड्रोन दीदी योजना, लखपति योजना आदि योजनाएं चलाई जा रही है जिसका महिलाओ को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गड़बड़ा मंडल के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दूबे ने कहा कि सरकार महिलाओं को नौकरी के क्षेत्र में पुरुषों से आगे निकालकर आत्मनिर्भर बना रही है। जिसमें महिलाओ को समूह के माध्यम से आत्म निर्भर बनाने का कार्य कर रही है । इस तरह के लाइव प्रसारण के माध्यम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता कात्यायनी कर्षण मिश्र मुकेश सिंह मनीष सोनी कमलेश वर्मा स्वयं सहायता समूह की फूल कुमारी, नेहा,आरती, राजकली,कांती,रीता, ललिता, सावित्री देवी, पार्वती समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

जीएसटी कार्यालय स्थानान्तरण के विरोध में आप का प्रदर्शन

मिर्जापुर। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जीएसटी कार्यालय को जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर ग्राम परसिया विंध्याचल में किए जा रहे स्थानांतरण को तत्काल रोक कर जिला मुख्यालय व नगर में कार्यालय स्थापित करने से संबंधित ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी मिर्जापुर को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट लाल बहादुर जी को सौप कर जीएसटी कार्यालय

संक्षिप्त समाचार

जायज मांगों के लिए संघर्षरत रहेगा संघः अखिलेश

मुसाफिरखाना। बिना टैबलेट को सक्रिय कराए बेसिक शिक्षकों पर विभाग द्वारा पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन के आदेश को तुगलकी फरमान बताते हुए उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के मुसाफिरखाना ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि संघ शिक्षकों के उत्पीड़न को रोकने और जायज मांगों को मनवाने के लिए संघर्ष करता रहेगा। गौरतलब है कि बीते 4 मार्च को विकास खण्ड मुसाफिरखाना के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश सिंह की अगुवाई में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर महानिदेशक को सम्बोधित विभिन्न मांगों का ज्ञापन बीईओ राम ललित को सौंपा था। जिसमें विभाग द्वारा दिये गए टेबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम उपलब्ध कराने, शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भाँति एक कैलेण्डर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश देने, प्रत्येक माह में द्वितीय शनिवार अवकाश तथा अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य करने संबंधी अन्य मांगें रखी थी। ब्लाक अध्यक्ष श्री सिंह का कहना है कि बिना सिम उपलब्ध कराए पंजिकाओं के डिजिटलीकरण , ऑनलाइन छात्र उपस्थिति और एमडीएम संबंधी सूचना दर्ज करने का दबाव बनाना शिक्षकों का उत्पीड़न नहीं तो और क्या है।संघ हर उत्पीड़न की मुखालफत करेगा।

अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

मुसाफिरखाना,अमेठी। अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने बीती शाम एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एसआई संतोष मिश्रा की टीम ने भीखीपुर चौराहे के पास से गौरीगंज की तरफ से आ रहे संदिग्ध युवक को रोकने का प्रयास किया तो पुलिस को देखकर युवक भागने लगा पुलिस टीम ने उसे हिरासत में ले कर जब तलाशी ली तो उसके पास से एक अदद अवैध चाकू बरामद हुआ। जिसके बाद युवक को गिरफ्तार कर टीम थाने लाई। एसएचओ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान राम अवतार चौहान पुत्र छिटई चौहान निवासी भीखीपुर कर रूप में हुई। गिरफ्तार के विरुद्ध केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।

बिना परमिट पेड़ कटान पर कार्रवाई में जुटी पुलिस

मुसाफिरखाना। क्षेत्र के पिंडारा स्थित सर्वोदय इंटर कालेज परिसर में स्थित दो आम के पेड़ को बिना परमिट काटे जाने का मामला प्रकाश में आने पर हेडकांस्टेबल की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की। हेडकांस्टेबल संतोष कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार की शाम जब वह किशुनदासपुर गया था तो उसे सर्वोदय इंटर कालेज परिसर में आम का पेड़ काटे जाने की जानकारी हुई। मौके पर जाकर देखने पर आम का पेड़ कटा हुआ और मौके पर लकड़ी पाई गई। जानकारी करने पर पता चला कि उक्त दोनों आम के पेड़ को कालेज के सहायक प्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा द्वारा कल्लू ठेकेदार से कटवाया गया है। एसएचओ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण में तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 166 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

अमेठी। बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद के बी0एम0एस0 कॉलेज ऑफ फार्मेसी, तिलोई में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 166 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0के0 शर्मा ने बताया कि 07 विकास खण्डों क्रमशः सिंहपुर, तिलोई, बहादुरपुर, अमेठी, मुसाफिरखाना, गौरीगंज व जगदीशपुर में 166 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया, जिसमें 157 हिन्दू तथा 09 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार सांसद श्रीमती स्मृति जुबिन इरानी ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री व विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह (मुन्ना सिंह), सिंहपुर ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी व तिलोई विधायक प्रतिनिधि मयकेश्वर शरण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पलिया से भक्तों का जत्था काठमांडू पशुपतिनाथ के लिए रवाना

पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। पलिया से भक्तों का जत्था काठमांडू के पशुपति नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर पूजा अर्चना करने के लिए रवाना हुआ है। भक्तों का जत्था स्टेशन रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर एकत्र हुआ और सुबह 10 बजे अपनी यात्रा की शुरूआत की। 41 भक्त इस जत्थे में शामिल हैं। इस दौरान काठमांडू जाने वालों में वासुदेव आनंद, राकेश गर्ग पप्पी, संदीप बंसल, नीरज गुप्ता, दिनेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुनीत पांडेय, नीतू बंसल, वर्षा गर्ग समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

जीएसटी मोबाइल टीम की छापेमारी, दो वाहन पकड़े

पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। मंगलवार की देर शाम पलिया शहर में जीएसटी की मोबाइल टीम ने छापेमारी करते हुए दो डीसीएम व दो मैजिकों को पकड़ा है। जिनमें कबाड़, लोहे के बर्तन व अन्य माल शामिल है। जीएसटी के अधिकारियों ने आफिशियल काम बताते हुए मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी। जिससे दबी जुबान में लोगों ने सांठगांठ की बात भी कही। संपूर्णानगर रोड व अन्य स्थानों से जीएसटी की मोबाइल टीम ने दो डीसीएम को पकड़ा है। एक में स्क्रैप और दूसरे में गत्ते भरे हुए थे। दो मैजिकों में भी अलग अलग माल था। जिसको पकड़कर टीम में शामिल सदस्य कोतवाली लाए। यहां बिल व अन्य प्रपत्रों को मांगने के साथ ही कितना माल है इसका बुधवार की देर शाम तक ब्यौरा निकालते रहे। हालांकि मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी गई और पूछने पर बताया कि यह उनका आफिशियल आफिस का काम है और मोबाइल टीम जीएसटी से संबंधित कहीं भी कभी भी छापेमारी कर सकती है। बुधवार की देर शाम तक जीएसटी के अधिकारी कोतवाली में ही डेरा जमाए रहे।

मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस एलईडी वैन को एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। एसडीएम डुमरियागंज डॉ. संजीव दीक्षित ने बुधवार को स्थानीय तहसील परिसर से मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस एलईडी वैन द्वारा मन्दिर चौराहा, ब्लॉक आदि स्थानों पर चलचित्र के माध्यम से लोगों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करना है। उक्त वैन तहसील क्षेत्र में जाकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करेगी। इसके अलावा स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से भी लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया। उन्होंने बताया कि मतदान करना केवल हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि नैतिक कर्तव्य भी है। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. संतराज सिंह बघेल, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक राम कुबेर यादव, अभिषेक कुमार, आनन्द गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

मनमोहक प्रस्तुतियां देखकर तालियां बजाकर बच्चों का बढ़ाया हौंसला

बढ़नी/सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। ब्लाक बढ़नी अन्तर्गत तुलसियापुर चौराहा स्थित फैसल एजुकेशनल एकेडमी की तरफ से आयोजित फैसल महोत्सव में विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां लोगों के सामने किया। जिसे देख लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। महोत्सव के मुख्य अतिथि विधानसभा शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने विद्यालय के बच्चों का हौंसला अफज़ाई किया। कहा कि विद्यालय के बच्चों के अंदर असीम प्रितिभाएँ हैं। बच्चों के सही मार्गदर्शन से निश्चित तौर से यह बच्चे आगे बढ़ेंगे और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाकर विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। छात्र- छात्राओं ने चक दे इंडिया, स्कूल चलें हम, मिट्टी में मिल जावा, अनपढ़ नेता, नन्हा मुन्ना राही हूं, ओ देश मेरे, मां का ख्वाब, कव्वाली, सारे जहां से अच्छा, तू कितनी अच्छी है मां, छोटी सी नन्ही सी प्यारी सी और राजस्थानी गीत पर धमाल मचाकर वाहवाही बटोरी। विद्यालय प्रबंधक मौलाना अब्दुल जब्बार ने मुख्य अतिथि विधायक शोहरतगढ़ को बैज लगाकर, माल्यर्पण कर व मोमेन्टो अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन एंकर इमरान ने की। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य अब्दुल कय्यूम, अब्दुल हमीद, फराहिम खान, अब्दुल हफीज, वाहिद, मोहब्बत अली, मोहम्मद, बब्बू खान, मुस्तन शेरुल्लाह, रियाज अहमद, हसमुल्लाह, इमरान अहमद, परवेज आलम, राजकुमार, जमुना प्रसाद, रामदास मौर्य, नितेश पाण्डेय, कैलाश आदि लोग मौजूद रहे।

जिला जज ने सुलह समझौते के आधार पर वादों के निस्तारण पर दिया जोर

लालगंज, प्रतापगढ़। जिला जज अब्दुल शाहिद ने बुधवार को स्थानीय सिविल न्यायालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मण्डल ने जिला जज से मुलाकात कर समस्याओं की जानकारियां दी। लालगंज के दीवानी वार्ड स्थित सिविल न्यायालय में दोपहर बाद जिला जज अब्दुल शाहिद अचानक आ पहुंचे। जिला जज ने सबसे पहले अदालती कामकाज पर नजर डाली। उन्होनें सिविल तथा फौजदारी वादों के निस्तारण को लेकर प्रगति को जांचा परखा। जिला जज ने सिविल जज अरविन्द सिंह को लोक अदालतो की तरह सुलह समझौते के आधार पर छोटे मोटे वादों को तत्परतापूर्वक निस्तारित कराए जाने को कहा। जिला जज ने निरीक्षण के दौरान परिसर में निर्मित न्यायिक कक्षों को भी सुसज्जित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने न्यायालय कक्ष, अभिलेखागार तथा कार्यालय में पत्रावलियों के रखरखाव की जानकारियां ली। परिसर में साफ सफाई के प्रबन्ध को व्यवस्थित बनाए जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सिविल जज के कक्ष में अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में शिष्टाचार भेंट की। लीलापुर थाना क्षेत्र के क्षेत्राधिकार को लालगंज किये जाने के साथ निर्मित अदालती कक्षों में न्यायिक प्रक्रिया शुरू कराए जाने का जिला जज से अनुरोध किया। आल इण्डिया रूरल बार एसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व अनिल त्रिपाठी महेश तथा शहजाद अंसारी ने जिला जज को बुकें भेंटकर अधिवक्ताओं की ओर से सम्मानित किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने न्यायालय परिसर में वादकारी कक्ष के लिए सांसद निधि से अवमुक्त धनराशि के निर्माण में प्रयोग हेतु अनुमति दिलाये जाने के बाबत पत्रक भी सौंपा। इस मौके पर संजय ओझा, रमेश पाण्डेय, जान्हवी प्रताप सिंह, उमेश नारायण तिवारी, आशुतोष सिंह, अरूण सिंह, नीलेश सिंह, आरबी सिंह, पवन गौतम, विशाल पुष्पाकर आदि अधिवक्ता रहे।

विधायक के बाद सांसद ने भी किया उसी वार्ड का उद्घाटन

मोहम्मदी - खीरी,(स्पष्ट आवाज)। लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही सांसद रेखा वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर 20 बेड के भवन एवं क्षेत्र में 6,6 बेड के बार्डो के भवनों के साथ 13 आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर का ऑनलाइन शुभारंभ कर जनता को समर्पित किया। शुभारंभ में खास बात तो यह रही 20 बेड के शैया वार्ड का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा फीता काटकर जनता को समर्पित किया गया था।वहीं लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही सांसद रेखा वर्मा द्वारा ही इसका शुभारंभ किया गया।लोगो की माने तो सांसद के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी सुविधा का लाभ जनता के लिए अब तक नहीं दिया गया। जबकि क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह द्वारा ऑक्सीजन प्लांट एक्सरे मशीन जैसी बड़ी उपलब्धि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपलब्ध कराई गई। जिससे क्षेत्रीय जनता को निरंतर उसका लाभ मिल रहा है।यहां तक कि नहीं डॉक्टरों की नियुक्ति भी विधायक के माध्यम से की गई।कार्यक्रम के दौरान सांसद आते ही कुर्सियां खाली देख स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों के पसीने छूटने लगे मजबूरन अस्पताल में तीमारदार एवं स्टाफ को बुलाकर कुर्सियां भरवाने को मजबूर दिखे।भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बावजूद भी नगर के कार्यकर्ता भी गिने-चुने ही कार्यक्रम में पहुंचे। जिसको लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी,सीएससी अधीक्षक,रंजीत वर्मा सहित भाजपा के नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील शुक्ला ने किया।

पत्रकारों का हित किसी भी राजनीतिक पार्टी के एजेंडे में नहीः जेसीआई

प्रतापगढ़। जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया की राष्ट्रीय स्तर की मैराथन वर्चुअल मीटिंग राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना की अध्यक्षता हुई। बैठक में पत्रकार हितों को लेकर जहां चिंता व्यक्त की गई वहीं पत्रकारों में इस बात को लेकर आक्रोश दिखा कि पक्ष या विपक्ष किसी भी राजनैतिक पार्टी को पत्रकार हितों की चिंता नहीं है जबकि किसी भी राजनैतिक पार्टी को अर्श से फर्श और फर्श से अर्श तक पहुंचाने में पत्रकारों की माहिती भूमिका होती है पत्रकार इस बात को लेकर भी चिंतित दिखे कि हर मोर्चे पर बेहतर कार्य करने वाले हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री पत्रकार हितों की बात क्यों नहीं करते। ढाई घंटे चली बैठक में संगठन के राष्ट्रीय, प्रादेशिक एवं स्थानीय पत्रकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार व्यक्त किये।

लोगों ने मोदी का लाइव प्रसारण सुना

बढ़नी/सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। आदर्श नगर पंचायत बढ़नी के सभागार में बुधवार को कार्यक्रम के संयोजक सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय व मण्डल अध्यक्ष बढ़नी योगेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव प्रसारण कार्यक्रम को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं एनजीओ के लोगों द्वारा सुना गया। इस कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि ने सम्बोधित करते हुए मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं के लिए चल रहीं योजनाओं पर प्रकाश भी डाला एवं मोदी जी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया। इस दौरान मुख्य रूप से सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष भाजपा योगेन्द्र तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि, राजकुमार सिंह, अमरनाथ सिंह, अधिशासी अधिकारी अजय कुमार, राधेश्याम तिवारी, विनीत कमलापुरी, प्रदीप कमलापुरी, संजय जायसवाल, विजय पाण्डेय, संतराम अग्रहरी, प्रभात तिवारी, सचिन मित्तल, बृजेश अग्रहरी, रामराज कन्नौजिया, अंजनी, वंदना, लक्ष्मी, शौर्य मोहन गुप्ता, अभिषेक यादव, जुगरा देवी, ममता, आरती आदि लोग मौजूद रहीं।

पुल की जाली से लटक कर शराबी युवक ने काटा बवाल

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। डुमरियागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरियागंज-शाहपुर मार्ग पर स्थित राप्ती नदी पुल की जाली पर लटक कर एक शराबी व्यक्ति ने काफी देर तक बवाल काटा। जिसे देख पुल पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डुमरियागंज पुलिस ने व्यक्ति की जान बचाने के लिए प्रयास करने लगी। लगभग 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार राय अपनी टीम के साथ उक्त व्यक्ति को उतारने में सफल हो गये। बुधवार को दिन में राप्ती पुल की जाली से लटके हुए एक व्यक्ति की सूचना पुलिस को मिली। वह व्यक्ति शराब के नशे में धुत था। माहौल देखने के बाद हर कोई जानकारी करने में जुट गया। मौके पर उपस्थित लोगों का कहना था कि यदि हाथ से जाली छूट जाती तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी। लेकिन मौके पर पहुंचे पुलिस के जवान देवेंद्र कुमार सतीश सिंह व श्याम मौर्या द्वारा काफी प्रयास के बाद समझाने पर शराबी को जाली के सहारे पुल पर उतार लिया गया। काफी देर तक स्थानीय लोग और पुलिस शराबी को समझाने-बुझाने में लगे रहे। शराब के नशे में धुत व्यक्ति की पहचान लालाजी वर्मा पुत्र केशव प्रसाद वर्मा निवासी नवेलवा थान. इटवा के रूप में हुई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज मुकेश राय ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा व्यक्ति को समझा बुझा कर थाने पर लाया गया है और परिवार वालों को बुलाकर सौंप दिया गया है।

यशोदा की तरह देखभाल करें आंगनबाड़ी कार्यकत्री: बीईओ

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों का बीआरसी डुमरियागंज के सभागार में चल रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने प्रशिक्षित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बाल वाटिका कार्यक्रम के अंतर्गत बीआरसी डुमरियागंज के मीटिंग हॉल में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक शेषराम यादव और तारिक मुस्तफा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर उनके द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी में पंजीकृत नौनिहालों की प्री प्राइमरी शिक्षा एवं उनको भौतिक परिवेश की जानकारी प्रदान करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बीआरसी पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके पश्चात वे अपने-अपने केंद्रों पर नौनिहालों का ज्ञान मजबूत करेंगी। इस दौरान बीईओ संजय कुमार ने कहा कि बीआरसी सभागार में शासन की मंशानुसार नौनिहालों का मानसिक व शारीरिक विकास और बेहतर बनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण चल रहा है। कुल 45 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता मजबूत करने के लिए शासन द्वारा समय-समय पर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्री प्राइमरी शिक्षा को लेकर विभाग गंभीर है। बाल्यकाल से दी गई जानकारियां आयु बढ़ने के साथ मन व मस्तिष्क में बनी रहती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए लर्निंग मटेरियल को बच्चों के मानसिक स्तर के अनुसार प्रयोग कर उनके मानसिक विकास को बढ़ाएं। केंद्रों पर पंजीकृत 5 से 6 वर्ष तक के बच्चों का नए शैक्षिक सत्र में परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में प्रवेश होगा। इस मौके पर मुख्य सेविका विंध्यवासिनी सिंह व विमला पांडेय एवं प्रशिक्षण प्रतिभागियों में रोशन आरा, आशा, सुनीता, आरती सिंह, तसनीम फारूकी, निर्मला, शमा, संजीवनी, शशिलता, उषा चौधरी आदि मौजूद रहीं।

संगठन को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए बूथ प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रतापगढ़। सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के संगठन को चुस्त-दुरुस्त बनाने तथा बूथ स्तर पर मजबूती के उपायों पर विशेष रूप से प्रशिक्षण को लेकर बुधवार को मीरा भवन कार्यालय मैं बूथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष साबिर अली ने की, संचालन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला महासचिव अनीस अहमद ने किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव प्रयागराज मंडल प्रभारी डॉ रिजवी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रतापगढ़ प्रभारी हाजी मो हारून सपा के आयोजित कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। इस मौके पर लोकसभा चुनाव-24 को लेकर मंत्रणा करते हुए बूथ स्तर पर संगठन के मजबूती पर रणनीति तैयार कर लोगों को प्रशिक्षित किया।

लखपति बनने के साथ लिया जलवायु संरक्षण का संकल्प

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लालगंज ब्लॉक में आयोजित लखपति महिला कार्यक्रम के तहत लखपति सामुदायिक कैडर का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व अमरूद का पौधा वितरण और पौधारोपण के साथ संपन्न हुआ। समापन पर उपस्थित खंड विकास अधिकारी इंदु प्रकाश श्रीवास्तव एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया। इस मौके पर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण की सुरक्षा जरूरी है। बिगड़ते पर्यावरण के कारण धरती पर जलवायु संकट का खतरा बढ़ रहा है जिस कारण हमारी कृषि और हमारा स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहा है। हमें अधिक से अधिक पौधारोपण कर उसको सुरक्षित रखते हुए धरती पर हरियाली को बढ़ाना होगा। खंड विकास अधिकारी इंदु प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि अपने व्यवसाय में हम पर्यावरण के हितों का भी ध्यान रखना चाहिए जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहे।

कांग्रेसियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। उत्तर प्रदेश के पिछले कई जिलों में ओलावृष्टि एवं एतवृष्टि के कारण सिद्धार्थनगर जिले में गेहूं, आलू व तिलहन की खड़ी फसल बर्बाद हो जाने के कारण यहां के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। परन्तु अभी तक किसानों को इस फसल के नुकसान का मुआवजा नहीं मिला। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को उप जिलाधिकारी शोहरतगढ़ के द्वारा एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें मांग की गयीं कि किसानों को हुए भारी नुकसान का मुआवजा 24 घंटे के भीतर तत्काल उनके खाते में पैसा भेजा जाये। इस दौरान ज्ञापन देने वाले प्रदेश महासचिव सोशल मीडिया दीपक यदुवंशी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इकबाल अहमद, नगर अध्यक्ष शोहरतगढ़ वाहिद खान, शोहरतगढ़ नगर उपाध्यक्ष अख्तर सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम द्वारा सुना लाइव प्रसारण

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। नगर पंचायत शोहरतगढ के सभागार में बुधवार को मण्डल अध्यक्ष पं0 शिवशक्ति शर्मा की अध्यक्षता में नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव प्रसारण कार्यक्रम को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा सुना गया। इस कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती उमा अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं के लिए चल रहीं योजनाओं पर प्रकाश भी डाला एवं मोदी जी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया। इस दौरान मुख्य रूप से सभासद सतीश वर्मा, सभासद प्रतिनिधि बबलू गौड़, बूथ अध्यक्ष मनोज गुप्ता, दिलीप वर्मा, बिन्दु देवी, रीना देवी, सुनीता देवी, मंशा देवी, माला देवी, राजेश तिवारी, ब्रम्हदेव कसौधन, कमलेश गुप्ता, श्रीनिवास, दुर्गेश अग्रहरी, सूरज निगम आदि लोग मौजूद रहें।

कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी

पत्रांक : 2069/न0पा0प0 गौरीगंज/2023-24 **दिनांक : 04 - मार्च 2024**

ई-निविदा सूचना (अति अल्पकालीन)

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊ के पत्र संख्या वित्तीय स्वीकृति संख्या 620/2024/003-455A 23 दिनांक 28 फरवरी 2024 द्वारा अवमुक्त धनराशि से वंदन योजना के अर्न्तगत स्वीकृति निर्माण/आपूर्ति कार्यों हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदादाता उक्त कार्य हेतु अपने समस्त सम्बन्धित अभिलेख दिनांक 06.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 के अपराह्न 02:00 बजे तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर सकते हैं। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 11.03.2024 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी में खोली जाएगी। जमानती धनराशि एवं निविदा शुल्क धनराशि सम्बन्धित कार्य के अनुसार देय होगा। जमानती टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी के पक्ष में बन्धक हो तथा निविदा शुल्क का नगद/बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी के पक्ष में निहित होगा। उक्त की स्कैन प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/सक्षम अधिकारी में निहित होगा। नियम शर्तें एवं अन्य जानकारी सम्बन्धित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(रवीन्द्र मोहन)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गौरीगंज
जनपद-अमेठी

(रश्मी सिंह)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गौरीगंज
जनपद-अमेठी

कार्यालय नगर पंचायत संकिसा बसन्तपुर, जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांक : 311/न0पं0सं0ब0/वंदन योजना/ई0नि0सू0/2023-24 **दिनांक : 01/03/2024**

-: ई-निविदा सूचना :-

नगर पंचायत संकिसा बसन्तपुर, फर्रुखाबाद को संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश शासन, नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊ के द्वारा वंदन योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्यो को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए निविदा नगर पंचायत संकिसा बसन्तपुर में वर्ष 2023-24 में समस्त ठेकेदार/ आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 02.03.2024 को आमंत्रित की जाती हैं। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का दिनांक 02.03.2024 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तक होगा। निविदा खोलने का दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे निश्चित किया जाता है। विस्तृत शर्तें विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
संकिसा बसन्तपुर, फर्रुखाबाद

अध्यक्ष
नगर पंचायत
संकिसा बसन्तपुर, फर्रुखाबाद

शासन की फ्लैगशिप व सशक्तिकरण योजनाओं की महिलाओं को दी जानकारी

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। ट्रांस शारदा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर के कंपोजिट विधालय में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आयोजित मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान पल्लवी सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विजय सिंह मंडल महामंत्री,पूनम मौर्या,रोहित मिश्रा,विनोद सिंह प्रधान पति सतपाल सिंह,पंचायत सचिव प्रेम शंकर,श्याम स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष प्रियंका,भाजपा के कार्यकर्ता अजय गुप्ता,मानसिंह,अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में महिला स्वयं सहायता समूह के सशक्तिकरण एवं शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का सामाजिक सहभागिता के माध्यम से सिचुएशन किए जाने के उद्देश्य से शक्ति बंधन अभियान कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग,लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग,नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग,श्रम विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन की समस्त फ्लैगशिप योजनाओं की प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी प्रदान किया गया। योजनाओं हेतु हितग्राहियों के मोबिलाइजेशन हेतु संकुल संगठन को सक्रिय भूमिका निर्वाह किया जाने हेतु प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत अधिकारी प्रेम शंकर ने शासन की वर्तमान में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी। पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़े जाने हेतु संकुल संगठन के माध्यम से हितग्रहियों को मोबिलाइज कर आंगनबाड़ी केंद्रों,ग्राम पंचायतों से पंजीयन कराया जाना है। उनके द्वारा यह जानकारी दी गई कि जिले मे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बीमित व्यक्तियों के मृत्यु होने पर बिहान के अमले द्वारा शत प्रतिशत बीमा दावा प्रस्तुत कर नामिनी सदस्य को समय पर बीमा राशि दिलाए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार किया गया है। बताया की मातृ शक्ति द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, लखपति दीदी योजना,नशा मुक्ति अभियान से जुड़ कर समाज से गरीबी,कुरीति एवं बुराई को दूर करने का कार्य किया जा रहा है जिसकी सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी की जा रही है।जिसके लिए उन्होंने शक्ति बंधना अभियान प्रारंभ किए जाने का आहवाहन किया गया। महिलाओं द्वारा समस्त क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किए जाने पर उनका प्रोत्साहन किया गया।जिसमे शासन की योजनाओं के बारे मे बताया की बच्चे के जन्म लेने से पूर्व से उसके मृत्यु तक शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ निचले स्तर तक पहुंचे इसलिए सामाजिक सहभागिता भी बहुत आवश्यक है।

आज उन्मुखीकरण कार्यशाला का भव्य आयोजन होगा

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। एक दिवसीय व्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का छीना पैलेसे में आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुये खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत महत्वपूर्ण कार्यक्रम यथा शारदा कार्यक्रम डीबीटी के माध्यम से धनराशि का सीधे अभिभावकों के वैंक खाते में प्रेषित किया जाना है निपुण भारत मिशन विद्यालय प्रबन्ध समिति एवं आपरेशन काया कल्प योजनायें संचालित है। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत व्लाक स्तर पर समस्त नोडल अध्यापकों प्रधानाचार्यो समस्त एसएससी अध्यक्षों समस्त ग्राम प्रधानों स्थानीय निकायें के सदस्यों के एक दिवसीय उनमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन छीना पैलेसे में 07 मार्च गुरूवार को समय प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक होगा कार्यक्रम में सभी संबधितों सहित ग्राम प्रधानों से आशा की जाती है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहभाग करें।

एडीएम सिटी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना की जनपद स्तरीय रोड शो

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्वार !(राज्य सेक्टर) कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय रोड शो (रैली) को एडीएम सिटी ज्योति सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मरौके पर उपनिदेषक कृशिक इंजीनियर सहित जिला कृशि अधिकारी मौजूद रहे। बताते चले कि बुधवार की सुबह जनपद स्तरीय रोड शो (रैली) को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची अपर जिलाधिकारीनगर ज्योति सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान एडीएम सिटी ज्योति सिंह ने बताया कि मिलेट्स की खेती से होने वाले लाभ के प्रति शिक्षकों एवं उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई है रैली कलेक्ट्रेट से रवाना हुई जो पीली कोठी होते हुए पंचायत भवन में जाकर सम्पन्न हुई रैली में मुख्य रूप उपनिदेशक कृषि इंजीनियर संतोष कुमार एवं जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी सहित कृषि विभाग के अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त आवाज़

कोतवाली के कटरानाज में शॉट सर्किट से दुकानो में लगी आग

मुरादाबाद। सदर कोतवाली क्षेत्र के कटरानाज में बुधवार करीब पौने सात बजे षॉट सर्किट से हार्डवेयर दुकान में आग लग गइ देखते ही देखते आग ने तीन दुकानो को अपनी चपेट में ले लिया सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने मषक्त के बाद आग पर काबू पाया हालांकि जब तक आग बुझाई गई तब तक काफी सामान जलकर राख हो गया था। बतात चले कि नागफनी निवासी मोहम्मद आसिफकी कटरानाज में हार्डवेयर की दुकान है उनके पड़ोस में ही बिलाल और मोहम्मद अनस की दुकाने है बुधवार सुबह करीबपौने सात बजे दुकान में शॉट सर्किट से निकली चिंगारीह से आग लग गई देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया और तीन दुकाने आग की चपेट में आ गई जब रास्ते से गुजर रहे लोगो ने दुकानों से धुआं निकलता देखा तो इसकी सूचना दुकान मालिको सहित फायर बिग्रेड कर्मियों को दी गई आग की सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और काफी मषक्कत के बाद दुकानो में लगी आग को बुझाया लेकिन जब तक आग बुझाई गई तब तक उसमें रखे काफी सामान जल चुका था दुकान स्वामी मोहम्मद आसिफने बताया कि आग से तीनो दुकानो में लाखो रूपये का नुकसान हुआ है जबकि आग की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

एडीएम ने त्योहारों के सम्बंध में धर्म गुरुओं के साथ की बैठक

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। आगामी त्योहारों महाशिवरात्रि तथा रमजान माह को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के धार्मिक गुरुओं तथा संभ्रांत व्यक्तियों के साथ शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आगामी महाशिवरात्रि तथा रमजान माह त्योहारों को शांतिपूर्वक माहौल में सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद से विभिन्न समुदायों के संभ्रांत व्यक्तियों, धार्मिक गुरुओं के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया एवं उसके निराकरण का आश्वासन दिया गया साथ ही समस्त जनपद वासियों, जुलूस कमेटी से आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस/जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। अवगत कराना है कि महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च 2024 को परंपरागत रूप से मनाया जाना प्रस्तावित है। उक्त त्यौहार के अवसर पर हिंदू समुदाय के स्त्री/ पुरुषों द्वारा जनपद के विभिन्न शिव मंदिरों में प्रातः काल से ही जिला अभिषेक एवं पूजा अर्चना प्रारंभ की जाती है तथा उक्त अवसर पर कुछ प्रमुख मंदिरों/ स्थानो पर मेले का भी आयोजन होता है तथा शोभा यात्राएं/शिव बारात आदि निकाले जाते हैं। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त पुलिस प्रबंध कर शांति /सुरक्षा व्यवस्था बनाया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा गया कि जनपद में असामाजिक व अराजकता/अफवाह फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त अधिशासी अधिकारी/डीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि नगरी क्षेत्र/ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था, एंटी लारवा, फॉगिंग तथा कूड़े का उठान ससमय कराना सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रकाश की व्यवस्था ठीक कराया जाना सुनिश्चित करे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि त्यौहार के दौरान आकस्मिक सेवाएं चुस्त-दुरुस्त रखी जाए। अपर जिलाधिकारी द्वारा आमजन से आगामी त्यौहार को सांप्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

नेपाली बेसहारा अधेड़ का सहारा बने व्यापारी नेता विक्की

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। नगर की मंडी समिति में बीमार अवस्था में पड़े नेपाली को उ0प्र0 व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव विजयपाल विक्की ने उसको एक आश्रम में ले जाकर स्नान कराकर उसको अस्पताल में भर्ती कराया है। नगर के रहने वाले उ0प्र0 व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव व समाजसेवी विजय पाल विक्की हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि नेपाल देश के धनगढ़ी निवासी केशव बहादुर बीते दस साल से पूरनपुर की मंडी समिति में रहे रहा है। हादसे के दौरान उनके पैर टूट गए थे। वह मंडी में ही रहकर अपना गुजर बसर करता है। बीते दो दिनों से वह बीमार अवस्था में मंडी पर पड़ा हुआ है। बुधवार को मंडी पहुंचे व्यापारी नेता विजयपाल विक्की की नजर उसे नेपाली युवक पर पड़ी तो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने नेपाली को उठाकर आनंदपुर में स्थित एक आश्रम में ले गए। जहां उसको स्नान करा कर नए कपड़े पहनाए। उसके बाद उसको उपचार के लिए पीलीभीत लेकर पहुंचे जहां उसको भर्ती कराया गया। इससे पहले भी व्यापारी नेता विजयपाल ने कुछ दिन पहले मंडी समिति में पड़े एक युवक को उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया था। व्यापारी की समाज सेवा को लेकर हर जगह चर्चा हो रही है। उन्होंने बताया कि एक नेपाली बीमार अवस्था में पड़ा था।जिसको अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है।

नगर पालिका चौराहे पर भंयकर जाम में फंसी सी0ओ0 की गाड़ी

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। नगर पालिका व प्रशासन की अनदेखी दुकानदारों द्वारा सड़कों पर अवैध अतिक्रमण एवं ई-रिक्शा की बढ़ती वृद्धि के कारण नगर के मुख्य मार्गो सहित गलियों कूचों पर हर समय जाम की स्थिति के चलते नागरिकों का पैदल चलना भी दूभर हो रहा है।

नगर पालिका प्रशासन की घोर उदासीनता के कारण नगर के मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गो पर जाम की स्थिति बनी रहती है बुद्धवार को दोपहर नगर पालिका के मुख्य चौराहे पर चारो ओर से बड़े वाहनों ई-रिक्शा टेऊक्टर ट्रालियों की अधिक संख्या होने के कारण चौराहे पर आधार घन्टा से अधिक समय

तक जाम लगा रहा और पूरी तरह से यातयात बाधित होने के कारण सीओ की गाड़ी भी नगर पालिका कार्यालय के सामने काफी समय तक जाम में फंसी रही सीओ के साथ रहने वाले पुलिस कर्मीयों द्वारा जाम को तितर वितर कर सीओ की गाड़ी को जाम से निकाला इसी बीच सीओ द्वारा कोतवाली में सूचना पर जाम हटाने को पुलिस कर्मीयों को बुलाया गया जिस पर पुलिस कर्मीयों ने नगर पालिका चौराहे पर आकर काफी समय बाद जहाम को हटाया गया तब कही जाकर राहगीरों एवं वाहनों का आना जाना का रास्ता मिल सका नगर में प्रशासन पुलिस व नगर पालिका की घोर लापरवाही के चलते नगर पालिका का चौराहा कोतवाली तहसील व अस्पताल के आस पास पकड़िया चौराहा स्टेट बैंक सहित अन्य स्थानों पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर बढ़ती जाम की समस्या को लेकर आये दिन समाचार पत्रों सोशल मीडिया पर प्रकाशित होने के बाद भी प्रशासन पुलिस और नगर पालिका नगर में बढ़ते जाम की स्थिति अन्जान है और नगर में दिन प्रतिदिन जाम की स्थिति में लगातार वृद्धि हो रही है।

योग चेतना व रोटरी क्लब ने चार कन्याओं के कराये विवाह

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। नगर की योग चेतना समिति एवं रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन के सौजन्य से शिव शक्ति धाम मन्दिर पर चार कन्याओं के सामूहिक विवाह सम्पन्न कराये गये।

नगर के शिव शक्ति धाम मन्दिर पर योग चेतना समिति एवं रोटरी क्लब ग्रीन के पदाधिकारियों डा0 दिनेश गुप्ता सन्दीप खण्डेलवाल हर्ष गुप्ता नवीन गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियें की उपस्थिति में पंडित अनिल शास्त्री द्वारा विधि विधान के चार चार कन्याओं के विवाह सम्पन्न कराये गये तथा चारों वर वधुओं को आर्शीबाद के साथ ही दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा दहेज के रूप में दैनिक उपयोग की वस्तुओं सहित

अन्य जरूरी सामान भी देकर बर बधुओं को उत्साह बर्धन किया गया इस अवसर पर वर वधुओं के परिजनों के साथ ही विवाह समारोह में शामिल सभी को भोज कराने के उपरांत आर्शीबाद देकर अपने अपने घरों को रवाना किया गया नगर की संस्था योग चेतना के अध्यक्ष हर्ष गुप्ता व उनके सहयोगी गायत्री परिजन संदीप खन्डेलवाल द्वारा नगर में इस प्रकार के सामाजिक कार्यो के समय समय पर सम्पन्न कराये जाने की परम्परा चली आ रही है।

कांवड़ यात्रा में ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर मुख्य आरक्षी निलंबित

बिजनौर (स्पष्ट आवाज)। थाना अफजलगढ पर नियुक्त मुख्य आरक्षी दिनेश चहल की थाना अफजलगढ के भूतपुरी तिराहे पर कांवड यात्रा के दृष्टिगत रात्रि 20.00 बजे से प्रातः 08.00 बजे तक डयूटी लगायी गयी थी । क्षेत्राधिकारी अफजलगढ द्वारा डयूटी पॉइंट पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को चेक किया गया तो मुख्य आरक्षी दिनेश चहल अपने डयूटी पॉइंट पर नही मिला तथा क्षेत्राधिकारी अफजलगढ द्वारा मुख्य आरक्षी से फोन पर संपर्क किया गया तो उसके द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नही दिया गया और ना ही अपने ड्यूटी पॉइंट पर वापस आया।

जनपद में 5800 करोड़ रुपए का होगा निवेश

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। प्रधानमंत्री के 5 ट्रिलियन इकोनामी व यशस्वी मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन इकोनामी के सपने को साकार करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जनपद लगातार प्रदेश में अपना स्थान बनाता जा रहा है। इसी क्रम में आज 5800 करोड रुपए इंटेंट का किया गया। इससे जनपद को उद्योग जगत में एक अलग पहचान मिलेगी और जनपद नई ऊंचाइयों को छूएगा। जैनी केमिकल और फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड मुंबई द्वारा जनपद अंबेडकर नगर में 5800 करोड रुपए निवेश कर 350 मेगावाट बिजली व ग्रीन मेथेनाल उत्पादन किया जाएगा। इसके लिए टांडा तहसील में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव द्वारा पूर्व में दिखाया गया था। जिसे जैनी केमिकल के प्रतिनिधियों द्वारा वहां पर अपने प्लांट लगाने के लिए आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसके क्रम में आज जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा उप जिलाधिकारी सचिन यादव व जैनी केमिकल की टीम ने अपर मुख्य सचिव अतरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उत्तर प्रदेश शासन महेश चंद गुप्ता से लखनऊ जाकर वार्ता की गई। जिस पर अपर मुख्य सचिव सर द्वारा भी सहमति जताई गई। इसके बाद इस टीम द्वारा यूपीपीसीएल के अध्यक्ष आशीष गोयल सर से भी वार्ता की गई है उनके द्वारा भी इस प्रोजेक्ट पर सहमति जताई गई है।

डीएम के कुशल नेतृत्व में आईजीआरएस में पुनः जनपद को मिला प्रथम स्थान

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री के सर्वोच्च प्राथमिकता आइजीआरएस में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जनपद अंबेडकर नगर को प्रदेश में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आइजीआरएस रैंकिंग में माह फरवरी 2024 में प्रदेश के 75 जनपदों में जनपद को पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक माह जिले की रैंकिंग जारी की जाती है, प्रगति विभागवार दर्ज होती है, इसके अंतर्गत शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना होता है। इसी क्रम में माह फरवरी 2024 की रैंकिंग जारी की गई

है, जिसमें जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर जनपद स्तरीय समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी है एवं उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी/ कर्मचारी आगे भी टीम भावना के साथ इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करते रहेंगे।

गन्ना तौल बंद करने से नाराज भाकियू ने काटा हंगामा

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। अधिक इंडेट जारी होने के बाद पूरनपुर चीनी मिल में वाहनों की कतारें लग गईं।इस पर तौल को बंद कर दिया गया।इससे नाराज भाकियू ने मिल पहुंच कर जमकर हंगामा काटा। किसान नेता ने सीसीओ से व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। पूरनपुर की दि किसान सहकारी चीनी मिल अव्यवस्थाओं के बीच गन्ना पैराई सत्र शुरू किया गया था। पिछले दिनों चीनी मिल में पर्याप्त मात्रा में गन्ना आपूर्ति न होने पर चीनी मिल को बंद कर दिया गया था। इसके बाद चीनी मिल द्वारा किसानों को एक लाख के बाद 80-80 हजार कुंटल का इंडेंट जारी किया गया था। कैलेंडर खाली होने के बाद गन्ना किसानों के पास गन्ना पर्चियां किसानों के पास पहुंची थी। इसके बाद किसान अपने गन्ना लेकर चीनी मिल पहुंचने लगे, चीनी मिल में कीचड़ होने से गन्ना भर वाहनों को हाईवे पर खड़े किए जा रहे हैं। गन्ने की तौल न होने से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते तीन दिनों से गन्ना किसान अपने गन्ने भर वाहनों को लेकर चीनी मिल में ही पड़े हुए हैं।

मिलजुलकर आपसी सौहार्द के साथ मनाएं सभी त्योहार : डीएम

बदायूँ (स्पष्ट आवाज़)। जिला मजिस्ट्रेट मनोज कुमार की अध्यक्षता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में महाशिवरात्रि, रमजान, होली के पर्व एवं आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों का समय से निर्वहन करें। उन्होंने विद्युत, पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं को निर्देश दिए कि शोभायात्रा एवं जुलूस निकलने वाले मार्गों का सम्बंधित अधिकारियों के साथ स्वयं जाकर निरीक्षण कर लें,

झूलते विद्युत तारों, सड़क के गड्ढे हों तो उसकी समय से मरम्मत कर ले। खाद्य विभाग को निर्देश दिए कि त्यौहार का समय है बाजारों में अभियान चलाकर छापेमारी करें जिससे लोगों को गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ मिल सके। आबकारी विभाग अभियान चलाकर जनपद में अवैध शराब बनाने व बिक्री पर रोक लगाएं। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सहित आदि व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहे। उन्होंने जनपद के गणमान्य लोगों से कहा कि कोई भी समस्या हो तत्काल संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाएं। प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगा। जिलाधिकारी ने जनपद के लोगों से अपील की है कि त्योहारों को सभी लोग मिलजुल कर शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कोई भी खुराफात करने वाले व्यक्ति को बख्सा नहीं जाएगा। सभी लोग अपने घरों में नई पीढ़ी के युवाओं को समझा दें कि सोशल मीडिया पर अफवाहें ना फैलाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों में युवा बाइक स्टंट करते हैं जिससे दुर्घटनाएं हो जाती हैं, वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के गलत कार्य करने से पूरा परिवार प्रभावित होता है सभी अपने परिवार के लोगों को समझाएं कि कोई भी गलत कार्य न करें।

नगर निगम टीम ने सिद्ध अस्पताल के नजदीक अवैध निमार्णो पर चलाया बुलडोजर

मुरादाबाद। सिद्ध हॉस्पिटल के पास नगर निगम की टीम ने अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफअभियान चलाया और अवैध निमार्णो पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया इस अभियान से अवैध निर्माण करने वालो में अफरातफरी मच गई बताते चले कि बुधवार की सुबह नगर निगम की टीम काठ रोड स्थित सिद्ध अस्पताल के नजदीक पहुंची जहां पर नगर निगम टीम द्वारा अवैध निमार्णो पर बुलडोजर चलाकर उन्हे पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

नगर निगम टीम ने सड़क किनारे बने खोखो व दुकानो के बाहर लगे अतिक्रमण पर जमकर बुलडोजर चलाया और सभी को चेतावनी देते हुये

कहा कि अगर दोबारा सड़को पर या फिर दुकानो के बाहर अतिक्रमण रखा मिला तो अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जायेगी। नगर निगम टीम का लोगो द्वारा जमकर विरोध किया गया मगर टीम ने किसी की एक न सुनी और अतिक्रमण अभियान जारी रखा। अतिक्रमण हटाओ अभियान को देखकर अवैध निर्माण करने वालो में कुछ देर के लिये अफरा तफरी मच गई।

इस्लामनगर रोड पर सड़क हादसे में महिला की हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

इस्लामनगर में बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुई महिला की इलाज के दौरान हुई मौत। दरअसल आपको बता दे थाना डिलारी इलाके के इस्लामनगर रोड पर कल शाम सर्वेश कुमारी पत्नी स्वर्गीय राम सिंह निवास शाहपुर तिगरी थाना मझोला अपनी बेटी पायल के घर धारक नगला से दामाद कपिल की बाइक पर बैठकर वापस लौट रही थी इस्लामनगर रोड पर पहुंचने पर अचानक चक्कर आने पर चलती हुई बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल में लेकर आया गया जहा आज सुबह उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई अस्पताल प्रशासन को द्वारा महिला की मौत की सूचना

पुलिस को दी गई पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत की सूचन पर परिवार में कोहराम सा मच गया।

भाजपा सरकार बहनों को सशक्त बनाने का कर रही है कार्य : त्रयंबक तिवारी

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। भाजपा ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सहकारी समितियों, कृषि, लीगल अवेयरनेस, पर्यावरण, स्किल के क्षेत्र में विशिष्ट काम करने वाली स्वयं सहायता समूहों एवम एनजीओ की बहनों से सम्पर्क और उन्हें सम्मानित करने के लिए शक्ति वंदन अभियान 10 फरवरी से शुरू किया था, जिसका समापन समारोह पूर्वक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन के साथ बुधवार को हो गया। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने जिला मुख्यालय के लोहिया सभागार में आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री के लाइव संबोधन को सुनने के बाद कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकारें स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ को आर्थिक सहायता देकर उसमें

शामिल बहनों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में 15 हजार स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा जा रहा है। देश में करीब 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों में से 2 करोड़ महिलाएं लखपति बनेंगी। प्रदेश की 80 हजार राशन दुकानों में महिला स्वयं सहायता समूह महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं 1 करोड़ 75 महिलाओं को फ्री एस सिलेंडर दिया है। प्रदेश में पहली बार 3 महिला पीएसी बटालियां की स्थापना, 1535 पुलिस थानों में 10417 महिला थानों का गठन किया है। विगत 6 वर्षों में दरोगा वा सिपाही समेत अन्य पदों पर यूपी पुलिस में 1 लाख 55 हजार से अधिक पदों पर महिलाओं की नियुक्ति भाजपा की योगी सरकार ने किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने पार्टी कार्यालय में रखे गए विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान की संकल्प पत्र संकलन पेटिका में चेयरमैन ओमकार गुप्ता, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, दिलीप पटेल देव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, दुर्गा तिवारी, विनय पाण्डेय, धीरेंद्र प्रताप सिंह, सतपाल पटेल, उमा शंकर सिंह के साथ अपना सुझाव डाला। शक्ति वंदन अभियान के जिला संयोजक बाबा राम शब्द यादव ने बताया कि शक्ति वंदन अभियान जिले की 24 स्थानों पर सम्मान हुआ, जिसमें 8 हजार 6 सौ 35 महिलाओं ने भाग लिया।

रिलायंस बायो एनर्जी लिमिटेड द्वारा जनपद में 125 करोड़ का इंटेंट

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। रिलायंस बायो एनर्जी लिमिटेड द्वारा जनपद में निवेश करने की इच्छा जताने के उपरांत जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर तथा उपायुक्त उद्योग व उनकी टीम द्वारा ग्राम सस्पना (वेवाना) में 25 एकड़ जमीन दिखाई गई है जिसको रिलायंस की तरफ से आए हुए प्रतिनिधि बिन कमांडर अभिषेक व उनकी टीम द्वारा देखा गया जिसे रिलायंस ग्रुप द्वारा सहमति जताई गई। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन तथा अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता के बैठक कर वहां पर अपने प्लांट लगाने हेतु विस्तार से चर्चा की गई। इसके द्वारा कंप्रेस्ड बायोगैस प्रोडक्शन किया जाएगा,जिसमें लगभग 125 करोड़ की लागत का इंटेंट जनपद में किया गया। जिसके लिए प्रतिदिन 160 टन पराली सहित अन्य कृषि क्षेत्र के लिए वेस्ट मटेरियल की आवश्यकता होगी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अ0 अनुरक्षण खण्ड-3 (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांक :- 555/ई-टेण्डर/2024 **दिनॉक :- 04.03.2024**

अल्प कालीन ई-निविदा

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अ0 अनुरक्षण खण्ड-3 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा जनपद लखनऊ में निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास ''ए, बी, सी एवं डी'' भवन श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम-11 के अनुसार निविदा डालने योग्य होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तो का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरण-

क्र. सं.	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लखनऊ	टाईप-3 जेलरोड कालोनी लखनऊ में ब्लाक संख्या-15, 16, 17, 19, 20, 21, 22, 23, 24, एवं 25 तक के आवासों में दीमक रोधी उपचार का कार्य (ग्रुप-ए)।	23.50	2.35	Stationary Charges 2000.00+ Tender Cost 300.00+ GST 54.00	03 Months	अधिशासी अभियन्ता अ

जिला पंचायत का 456.95 लाख का बजट मंजूर

विभिन्न विभागों ने बताई उपलब्धि

चित्रकूट। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की अध्यक्षता में जिला पंचायत का 2024-25 की कार्य योजना 456.95 लाख रुपये अनुमोदित हुए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपलब्धि बाबत जानकारी सदन में रखी। बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की अनुमति से अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार ने बैठक शुरु कराई। एजेंडा बिन्दुवार प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि हुई। प्रस्ताव संख्या-2 अटल भू-जल योजना से आच्छादित विभागों से संचालित स्टेट सेक्टर/सेन्ट्रल सेक्टर योजनाओं की 2024-25 की कार्य योजना 456.95 लाख की मंजूरी हुई। प्रस्ताव संख्या-3 के तहत अटल भू-जल योजना से आच्छादित प्राप्त धनराशि के तालाबों की कार्य योजना 381.27 लाख की मंजूरी हुई। पंचायतीराज व्यवस्था व अन्य विभागों-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पेयजल, विकास, बेसिक शिक्षा, कृषि, सहकारिता, पशुधन, समाज कल्याण, ग्रामीण अभियंत्रण, युवा कल्याण, भूमि संरक्षण, उद्यान, पंचायतीराज, लघु सिचाई, बाल विकास, मत्स्य, माध्यमिक शिक्षा, नलकूप, दुग्ध विकास, जल निगम, सार्वजनिक निर्माण, जिला पूर्ति, नेडा अन्य जिला स्तरीय विभागों के कार्यो की समीक्षा व प्रगति पर चर्चा हुई।

बैठक में सांसद आरके सिंह पटेल, सदस्य जिला पंचायत विनीत द्विवेदी, अनिल कुमार, राजाराम पाल, अर्जुन प्रसाद शुक्ला, उमाकान्त त्रिपाठी, शिवऔतार त्रिपाठी, जगदीश यादव, श्रीमती प्रेमा सिंह, श्रीमती राजरानी, श्रीमती अनीता सिंह बघेल, मीरा भारती, संगीता देवी मौजूद रहे। ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, अरविन्द मिश्र, अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार, अभियंता भगत सिंह, वित्तीय परामर्श पंचानन वर्मा, मुख्य लिपिक इन्द्रपाल, अवर अभियंता राम सिंह, राकेश कुमार, लेखाकार अजय कुमार अवस्थी, कर अधिकारी संतोष कुमार सैनी समेत स्टाफ मौजूद रहा।

मारपीट के दोषियों को 3 वर्षों की सजा

कौशाम्बी। पुलिस व अभियोजन विभाग की मजबूत पैरवी पर अदालत ने मारपीट के दोषियों को दोष करार देते हुए 5 मार्च को दो अभियुक्तों को 3-3 वर्ष की कठोर कारावास व 2 2 हजार का अर्थ दंड से दंडित किया है। एसपी कार्यालय की मीडिया सेल ने बताया कि सैनी थाना क्षेत्र निवासी बुजुर्ग अम्बाई जनपद कौशाम्बी में 31/ 8 /2016 में दर्ज मुकदमे में मारपीट करने वाले अभियुक्त धूनेंद्र सिंह पुत्र शिवराम सिंह जुगराज सिंह पुत्र राम सिंह राकेश सिंह यादव पुत्र शिवराम निवासी अम्बाई बुजुर्ग के खिलाफ विवेचक ने साक्ष्यों के साथ चार्ज सीट दाखिल की थी। ट्रायल के दौरान सुनवाई पूरी हुई। न्यायालय एएसजे एफटीसी की अदालत में सुनवाई पूरी हुई। अदालत ने मंगलवार को दोषि करार देते हुए तीन तीन वर्ष कठोर कारावास के साथ 2,2 हजार के साथ दंडित किया गया है।

वार्षिक रिजल्ट तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रैंक के अनुसार छात्र-छात्राओं को दिये गये पुरूस्कार

बांदा। गुरूवार को अतर्रा के तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से नौवीं एवं ग्यारहवीं तक की कक्षाओं का वार्षिक रिजल्ट तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी छात्रों का रिजल्ट शत् प्रतिशत रहा। रिजल्ट वितरण के साथ-साथ पुरस्कार वितरण भी किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से नौवीं एवं ग्यारहवीं तक की कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंक के अनुसार जैसे प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी का पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार प्राप्त किए हुए बच्चे और उनके अभिभावक बहुत खुश दिखाई दिए। इस वार्षिक रिजल्ट तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघवेंद्र कुमार एसडीएम, अतर्रा तथा विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार गुप्ता एजीएम आर्यावर्त बैंक तथा विद्यालय के चेयरमैन शिवशरण कुशवाहा, प्रधानाचार्या प्रीथी, डायरेक्टर आरके वर्मा, अंकित कुशवाहा तथा अभिभावक बंधु और शिक्षक गण उपस्थित रहे। चेयरमैन शिवशरण कुशवाहा आए हुए मुख्य अतिथि राघवेंद्र कुमार (एसडीएम साहब) तथा विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार (एजीएम साहब) का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

संक्षिप्त आवाज

पांच बच्चों की मां प्रेमी संग फरार

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मलाक मोईनउद्दीनपुर गांव में पांच बच्चो की मां इस कदर प्रेम के नसे में चूर हो गई कि उसने अपने पति और बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग फरार हो गई। पीड़ित पति ने इसकी सूचना संदीपन घाट थाना प्रभारी को देकर बताया कि उसकी पत्नी 6 मार्च को करीब 1 बजे रात्रि को तीन बच्चे दो लड़के व एक लड़की को लेकर प्रेमी के साथ कही चली गई। पीड़ित पति ने कहा की मुझे शक है कि मेरे गांव के ही कल्लू पुत्र प्यारे लाल के साथ वह भाग गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

जमीनी विवाद में युवक से मारपीट, शिकायत

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत भैरों भीटी गांव के रहने वाले ज्ञान चंद्र पुत्र स्व कंधई लाल ने संदीपन घाट थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके भाई से उसका जमीनी विवाद है। जिसको लेकर अक्सर वह उसे गाली गलौज मारपीट करता है। इस बार की घटना 5 मार्च को समय करीब 3 बजे की है । ज्ञान चंद्र का भाई गुड्डू इसी विवाद को लेकर खुन्नस में गाली गलौज कर लात घूसा से बुरी तरह से मारपीट की है। जान से मारने की धमकी दी है।?ज्ञान चंद्र ने बताया कि इस विवाद में गुड्डू को फरहान और मान नाम के दो व्यक्ति सह दे रहे हैं। जिनके बलबूते पर गुड्डू ने इस घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

पुरानी रंजिश के चलते घर में लगाई आग

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक दबंग युवक ने अपने पड़ोसी के घर में रात के अंधेरे में आग लगा दी। 5 मार्च को शाम को मेरे घर पर चढ़कर गाली गलौज बलराम और इंद्रपाल कर रहे हैं। कह रहे हैं की रात्रि में इनको जिंदा जला देंगे। पीड़ित धारा सिंह पुत्र स्व सूरजपाल निवासी ग्राम गौसपुर ने इसकी शिकायत संदीपन घाट थाना प्रभारी को दी है। बताया कि उसके गांव के ही रहने वाले बलराम पुत्र इंद्रपाल ने मेरे घर में आग लगा दी। जिससे मेरे घर में रखे कपड़े चारपाई आदि जल गए। हम लोगों ने किसी तरह जान बचाई , तथा घर के अन्दर बंधी हुई बकरियों की भी जान किसी तरह से बचाई। पीड़ित की शिकायत दर्ज कर ली गई है, और मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन जनपद का भ्रमण करके मतदाताओं को करेंगी जागरूक

कौशाम्बी। भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन 8 मार्च 2024 को जनपद का भ्रमण कर अधिकाधिक मतदाताओं को आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अवश्य मतदान करने के लिए जागरूक करेगी। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन जनपद की ग्राम पंचायत गिरिया खालसा, तिल्हापुर मोड, ग्राम पंचायत बसुहार, म्योहर, अषाढा, दानपुर, टेवा, सेलरहा पूरब व पश्चिम, सयारां मीठेपुर एवं अलीपुर जीता का भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करेंगी।

ट्रांसफार्मर की तार व तेल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय

कौशाम्बी। जनपद में आए दिन ट्रांसफार्मर के उपकरण पर चोर हाथ साफ कर रहे है। आए दिन घटनाएं घटती रहती है। जैसा सराय अकिल क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव में बिजली विभाग का एक गजब कारनामा सामने आया है। अजब चोरों की गजब चोरी के चलते बिजली के ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर तार ही चोर चोरी कर ले गए है। जहां चोरों ने चलते हुए बिजली के ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर तार की चोरी कर ली और ट्रांसफार्मर के खाली डब्बे को छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर लाइनमैन ने उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी,सूचना पर पहुंचे जेई ने पुलिस को लिखित शिकायत की है सराय अकिल थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद में नहर के पास लगा हुआ 250 केवीए के ट्रांसफार्मर के अंदर का तेल और कॉपर की तार को चोरों ने चोरी कर लिया है।तेल और कॉपर की तार चोरी कर उसका खाली डब्बा छोड़कर फरार हो गए।

कर्मचारी शिक्षक मोर्चा ने किया धरना प्रदर्शन

कौशाम्बी। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष मोतीलाल सिंह कर्मचारी शिक्षक मोर्चा ने बुधवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर में अपने तमाम शिक्षक कर्मचारियों के साथ धरना प्रदर्शन सत्याग्रह आंदोलन कर विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा है। धरना प्रदर्शन सत्याग्रह आंदोलन के दौरान कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारी ने कहा कि कर्मचारियों को कैशलेस इलाज का लाभ नहीं मिला है, कैशलेस इलाज का लाभ दिया जाए, एवं रिक्त पदों के सापेक्ष नियमित नियुक्तियों की जाए। कार्यरत कर्मियों को समायोजित किया जाए संविदा आउटसोर्सिंग व अन्य माध्यम से कार्यरत कर्मियों को समान कार्य समान वेतन दिया जाए। 50 वर्ष की सेवा कर चुके कर्मियों को जबरन सेवानिवृत्त ना किए जाए। 50 वर्ष की उम्र पार कर चुके कर्मियों को जबरन सेवानिवृत्त करने की प्रथा को बंद किए जाए। ऐसे संवर्ग जिनमे छटे आयोग की वेतन विसंगतियां अभी भी व्याप्त है। उन्हे दूर कर तदनुसार सातवें वेतन आयोग का लाभ प्रदान किया जाए। परिवहन निगम के कर्मचारियों को लंबित निम्नलिखित मांगों का समाधान कराया जाए सहित विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा गया है।

पति दे रहा धमकी, पत्नी ने लगाया आरोप

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के बालीपुर टाटा का मामला है। जहां शादी कुछ दिन बाद पति ताराचंद साहू पुत्र सांवर दास साहू और दामाद धर्मेंद्र साहू आए दिन धमकी दे रहे हैं। ऐसा आरोप पत्नी ने लगाया है कि पति कहता है कि अपने माता-पिता से पैसा ले आओ नहीं मैं तुमको झूठा इल्जाम लगा कर छोड़ दूंगा। और आए दिन पति ताराचंद साहू पत्नी को मारपीट करता था। जब पत्नी सह नहीं गया वह अपने भाई को बुलाके अपने मायके चली गई। तो पति द्वारा झूठा इल्जाम लगाया गया और झूठा मुकदमा लिखाया गया कि मेरी पत्नी पूरा गहने और रू.50000 उठा ले गई।

महिला सशक्तिकरण बिना देश का विकास सम्भव नहीं : जिला पंचायत अध्यक्ष

महोबा (स्पष्ट आवाज)। कबरई कस्बे के गहोई गेस्ट हाउस में शक्ति वंदन अभियान के समापन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी, मण्डल अध्यक्ष हुकुम सिंह उपस्थित रहे। शक्ति वंदन अभियान के समापन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया, जिसको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा की महिला सशक्तिकरण के बिना देश का विकास संभव नहीं है पहले की सरकारों में महिलाओं की सशक्तिकरण की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता था लेकिन जबसे केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी सरकार आई है तबसे हमारी सरकारों ने सबसे अच्छा कार्य किया है तो वह महिलाओं के लिए किया है चाहे महिला आरक्षण बिल लाना हो, महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से नौकरी देना हो या एनजीओ के माध्यम से महिलाओं को आगे लाना है यह सभी कार्य भाजपा की सरकार में ही हुए है आज महिला आगे आकर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा तुरंत ही लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को विधायक ने सहायता राशि प्रदान की

उरई (जालौन)। आज अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि बेमौसम बारिश से हुई फसल क्षति का ओलावृष्टि से प्रभावित कृषक1352कृषकों की फसल का जायजा लिया गया और उनका आनलाइन पंजीकरण कराया गया जिसमें 1352कृषकों की धनराशि उपलब्ध कराकर विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा के द्वारा चेक देकर धनराशि प्रदान की गई।जनपद जालौन में दिनांक 20.2.2024, 27.02.2024, 01.03.2024, 02.03.2024 व 03.03.2024 को हुई बेमौसम वर्षा/ओलावृष्टि से तहसीलवार प्राप्त विवरण के अनुसार जनपद में कुल 323 ग्रामों के 6753 कृषकों की 10406.3770हे0 कृषि भूमि प्रभावित हुई है।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 को

कौशाम्बी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय, कौशाम्बी में 9 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, एन0आई0 एक्ट, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी व अन्य प्रकार से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेगा।

हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव में बच्चों ने लूटी वाहवाही

बच्चे-शिक्षक हुए सम्मानित

मऊ/चित्रकूट। रामनगर ब्लाक में हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव भव्य समारोह में हुआ। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बुधवार को बीईओ रामनगर एनपी सिंह, उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने विचार व्यक्त किये। समापन पर बच्चों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। रामनगर के परिषदीय विद्यालयों के छात्रों ने सीपी गौतम महाविद्यालय देउंधा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दिशा-निर्देश में बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक अंक दक्षता पाने को प्राथमिक शिक्षा व जनसमुदाय को निपुण लक्ष्यों की जरूरत पर जोर दिया। खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने कहा कि उद्देश्य गहरे हैं, शिक्षा क्यों चाहिए। ये बात अभिभावकों के मन में शिक्षक पहुंचा पाने में नाकाम रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि गर्व होता है कि निजी स्कूलों के सापेक्ष बेसिक स्कूल के बच्चे शिक्षकों की अगुवाई में नैतिक मूल्य पाते हैं। सर्वांगीण विकास के साथ समेकित विकास की भी आवश्यकता है, इसे समाहित करें। प्राथमिक विद्यालय बांधी की प्रधानाध्यापिका पूनम श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को भी खुलापन चाहिए, केवल किताबी ज्ञान तक उन्हें सीमित न रखें, ताकि भविष्य में व्यक्तित्व निर्माण में सकारात्मकता ला सकें। इस मौके पर शिक्षक परामर्शदाता छोटा प्रसाद, शिक्षक राजू यादव, रामेश्वर सिंह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, साधना वर्मा, एकता जायसवाल ज्योति सिंह ने भी विचार रखे। ब्लाक क्षेत्र के 13 निपुण विद्यालय से आये प्राथमिक व जूनियर स्तर के बच्चों व आंगनवाड़ी के बच्चों को ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा, बीडीओ शैलेन्द्र सिंह आदि ने प्रमाण पत्र व कापियां देकर सम्मानित किया। आदर्श शिक्षकों में शिवकृपाल सिंह, दीपक पाण्डेय, आदर्श आंगनवाड़ी में अरुंधती, शोभा सेन सम्मानित हुए। नोडल संकुल शिक्षकों समेत निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी प्रमाण पत्र मिले। बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर पुष्पा सिंह ने आभार जताया। संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया।

आयोग के निर्देशानुसार कराना है लोस चुनाव : डीएम

लोस चुनाव बाबत डीएम ने सौंपी जिम्मेदारी

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने लोकसभा चुनाव की विभिन्न व्यवस्थाओं में लगाये नोडल अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की जारी गाइडलाइन अनुसार चुनाव संपन्न कराना है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करना है। स्वीप बहुत महत्वपूर्ण है, ये कार्य अच्छे से किया जाये। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने एडीएम से कहा कि प्राप्त निर्वाचन सामग्री संबंधित अधिकारियों को दें। बीडीओ व ईओ मतदान केंद्रों पर छाया-पानी, दिव्यांगजन अधिकारी मतदान केंद्र पर दिव्यांग मतदाताओं की सूची, व्हीलचेयर की व्यवस्था करें। सीडीओ से कहा कि सभी बीडीओ व ईओ की बैठक कर मतदान केंद्रों का भ्रमण कर देखें कि कहीं कोई समस्या तो नहीं है, तत्काल निराकरण करें। मतदाता प्रतिशत बढ़ाना है, स्वीप से मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ायें। बूथ लेवल ऑफिसर क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करें। शहर व जिन मतदान केंद्रों में 60 फीसदी से कम मतदान पिछले चुनाव में हुआ है, अधिक फोकस करें।

पीड़िता लगा रही है पुलिस का चक्कर

कौशाम्बी। महेबा घाट थाना क्षेत्र के एक गांव की एक विवाहिता अपने पति के साथ खेत की तरफ चारा काटने के लिए एक हफ्ते पहले गई थी। पीड़िता का पति खेत से कुछ दूर पर महुआ के बगीचे में अपना एक वर्ष बच्चा लेकर बैठा था। विवाहिता अपने खेत में चारा काट रही थी। तभी गांव का रोहित सिंह पुत्र हरनाम सिंह आकर पीडिता को चारा काटते अकेला देख पास आया और पीछे से उसको पकड़कर शरीर के अगले हिस्से को बैंड टच करने लगा। जब पीड़िता चिल्लाने लगी तो आरोपी ने पीड़िता का गर्दन पकड़ कर दबा लिया। पीडिता के कपड़े खोलने लगा।

प्रधान संगठन ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

महोबा (स्पष्ट आवाज)। जैतपुर विकास खंड के सैकड़ों प्रधानों ने अपनी मांगों को लेकर डीएम से संबंधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। प्रधान संगठन के द्वारा ब्लॉक सभागार के मीटिंग कक्ष में संगठन के कार्यकारी मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गई द्य जिसमें ग्राम प्रधान संगठन के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया द्य जिसमें प्रथम बिंदु में उल्लेख किया गया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत श्रमिकों का भुगतान समय से नहीं किया जाता है जिससे श्रमिकों के द्वारा कार्य करने से मना किया जाता है जिससे हम लोगों को प्रतिदिन इसका सामना करना पड़ रहा है द्वितीय बिंदु पर स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत 60 अनुपात 40 के सापेक्ष 65 अनुपात 35 से भुगतान करने की बात कही जा रही है जिससे कई कार्यो के भुगतान नही हो पायेंगे द्य तृतीय बिंदु पर उन्होंने मांग की है कि गौशाला संचालन के लिए अप्रैल से सितंबर माह का भूसे का भुगतान नहीं दिया गया है जिससे गौशाला संचालन कां कार्य बाधित हो रहा है। तीनों मांगों के पूर्ण करने के लिए बुधवार को आधा सैकड़ा ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौपा।

न्यायालय सूचना

परिशिष्ट ए-संख्यांक 3
स्वयं उपसंजात होने के लिये समन
(आदेश 5 का नियम 3)
न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सं. 2, सीतापुर
वैवाहिक वाद : 625/2023,
पेशी तारीख : 26.04.2024

शालिनी दीक्षित

बनाम

अंकुल शुक्ला

अंकुल शुक्ला पुत्र ओमप्रकाश निवासी मोहल्ला सोनारन टोला कस्बा पोस्ट बेनीगंज थाना बेनीगंज तहसील सण्डीला थाना कोतवाली बेनीगंज जनपद हरदोई, उ.प्र.। शालिनी दीक्षित ने आपके विरूद्ध के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 26.04.2024 को 10:30 बजे सुबह दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आपको निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन उन सब दस्तावेजों को पेश करें जिन पर अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 26.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से: न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सं. 2, सीतापुर

कार्यालय उपजिलाधिकारी, कप्तानगंज, जनपद- कुशीनगर

संख्या : 4596/रा0नि0 (कार्या0)-2024 **दिनांक : 24 फरवरी, 2024**

मत्स्य पालन पट्टा शिविर/नीलामी की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील कप्तानगंज मे निम्नलिखित विवरण के अनुसार दस वर्षीय मत्स्य पालन हेतु 05 एकड़ से ऊपर तथा 50 डि0 से ऊपर तालाब/पोखरी की नीलामी पात्र व्यक्तियों में की जायेगी।

क्र0 सं0	ग्राम का नाम	तालाब/पोखरी का विवरण		धनराशि प्रति हे0 न्यूनतम धनराशि प्रति 10 वर्ष भाटक	नीलामी की तिथि व समय	बोली बोले जाने के लिए जमानत धनराशि न्यूनतम 10%	नीलामी का स्थान
		गाटा संख्या	क्षेत्रफल				
1	2	3	4	5	6	7	8
1	बनकटा	429	0.368	14720		1742	तह. कप्तानगंज
2	बनकटा	553	0.397	15880		1588	
3	डोमबरवा	114क	0.405	16200		1620	
4	सुधियानी	368	0.466	18640		1864	
5	सेखपुरवा	131	0.615	24600		2460	
6	सेखपुरवा	150	0.308	12320		1232	
7	अमडीहा	362	0.210	8400		840	
8	खोखिया मुबारकपुर	366	0.478	19120		1912	
9	इन्दरपुर	261	0.979	39160		3916	
10	इन्दरपुर	277	0.470	18800		1880	
11	महुअवा बुजुर्ग	20	0.478	19120		1912	
12	वेलभद्दर छपरा	161	0.591	23640		2340	
13	महुई	191	0.652	26080		2608	
14	कुसुम्हा	5061	0.871	34840		3484	
15	पड़ौली	12	0.445	17800		1780	
16	मलुकही	614मि	0.231	9240		924	
17	कुसुम्ही	670	3.650	146000		1460	
18	धौरा	287	0.218	8720		872	
	योग-	18 पोखरिया	11.832 हे0				

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता व शर्ते :-

1. नीलामी प्रक्रिया में उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 व उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2016 तथा शासनादेश संख्या-R- 544 /जी0-5-9डी/2022 (3) मत्स्य पालन के अन्तर्गत होगा। 2. यदि किसी कारण वश निर्धारित तिथि को नीलामी नही हो पाती है तो अगले कार्य दिवस नीलामी की जायेगी। 3. पट्टे की शर्त एवं नीलामी से सम्बन्धित कोई अन्य जानकारी नीलामी तिथि से पूर्व कार्यालय तहसीलदार कप्तानगंज से किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है। 4. नीलामी में भाग लेने के समय पात्र व्यक्ति के द्वारा आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जो छः माह से अधिक समय का न हो। 5. वार्षिक लगान की कुल धनराशि का 1/4 भाग आवंटन के समय तथा 3/4 भाग 15 दिवस के अन्दर जमा करना होगा, अन्यथा की स्थिति में जमा धनराशि ग्रामसभा के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी। 6. बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी को नीलामी स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। 7. यानि की एक चौथाई धनराशि तत्काल तथा अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि की तीन चौथाई धनराशि 15 दिवस के अन्दर जमा कोष कराना अनिवार्य होगा। 8. यदि किसी व्यक्ति का पूर्व में प्राप्त पोखरी आवंटन की धनराशि बकाया होगी तो वह नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु पात्र नहीं होगा।

उप जिलाधिकारी
कप्तानगंज - कुशीनगर

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कार्य मण्डल पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड गोरखपुर

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

इस मण्डल के अधिनस्थ विद्युत माध्यमिक कार्य खण्ड-गोरखपुर के अन्तर्गत निविदा के माध्यम से कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा दिनांक 26.03.2024 को अपरान्ह 16.00 बजे तक आनलाइन आमन्त्रित की जाती है, जिसका प्रथम भाग (टेक्निकल बिड) दिनांक 27.03.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे के पश्चात् खोला जायेगा। इस निविदा हेतु धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है तथा अप्रतिदेय अद्योहस्ताक्षरी के भारतीय स्टेट बैंक, गोरखपुर के Account No. 10490682045 IFS Code SBIN0005608 में RTGS/ NEFT द्वारा जमा की जायेगी। कृपया पूर्ण निविदा प्रपत्र का विवरण डाउन लोडिंग एवं स्पष्टीकरण/विस्तारीकरण/संशोधन, शुद्धीकरण सम्बन्धित सूचनाओं हेतु वेबसाइट www.etender.up. nic.in पर देखें। अल्प0 ई - निविदा संख्या : 42/ वि0 का0 मं0 (गो0)/2023-24 : जमा योजना के अन्तर्गत शहर गोरखपुर के अन्तर्गत असुरन चौराहे से शाहपुर विद्युत उपकेन्द्र जनपद गोरखपुर तक 33 के0वी0, 11 के0वी0 एल0टी0 लाईन एवं वितरण परिवर्तकों की शिफ्टिंग का कार्य टर्नकी आधार पर। अल्प0 ई - निविदा संख्या : 43 / वि0 का0 मं0 (गो0)/2023-24 : जमा योजना के अन्तर्गत शाहपुर विद्युत उपकेन्द्र से पादरी बाजार चौराहे जनपद गोरखपुर तक 33 के0वी0, 11 के0वी0, एल0टी0 लाईन एवं वितरण परिवर्तकों की शिफ्टिंग का कार्य टर्नकी आधार पर। अल्प0 ई-निविदा संख्या : 44/वि0का0मं0 (गो0)/2023-24 : जमा योजना के अन्तर्गत शहर गोरखपुर के अन्तर्गत पादरी बाजार चौराहे से नवरतन लॉन जनपद गोरखपुर तक 33 के0वी0, 11 के0वी0, एल0टी0 लाईन एवं वितरण परिवर्तकों की शिफ्टिंग का कार्य टर्नकी आधार पर। अल्प0 ई-निविदा संख्या : 45/वि0का0मं0 (गो0)/2023-24 : जमा योजना के अन्तर्गत शहर गोरखपुर के अन्तर्गत नवरतन लॉन से पिपराईच तक जनपद गोरखपुर तक 33 के0वी0, 11 के0वी0 एल0टी0 लाईन एवं वितरण परिवर्तकों की शिफ्टिंग का कार्य टर्नकी आधार पर। अल्प0 ई-निविदा संख्याः 46 /वि0का0मं0(गो0)/2023-24 : जमा योजना के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र रेलवे, गोरखपुर पर ए0बी0टी0 मीटर की स्थापना का कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। अल्प0 ई-निविदा संख्या : 47/वि0का0मं0(गो0) /2023-24 : जमा योजना के अन्तर्गत रावत भीटी (132/33 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र गीडा रोड, गोरखपुर) के पास ओवर ब्रिज निर्माण के अन्तर्गत बाधक बन रही 33 के0वी0, 11 के0वी0 एल0टी0 लाइन एवं वितरण परिवर्तकों की शिफ्टिंग का कार्य टर्नकी आधार पर।

अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य मण्डल, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, 14-श्रीरामपुरम, मोहद्दीपुर, गोरखपुर
पत्रांक : 222/वि.का.मं.(गो.)/ निविदा, दिनांक : 06.03.2024

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

इंग्लैंड ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों पर लगाया दांव

धर्मशाला। इंग्लैंड ने पिच का मिजाज पढ़ने का प्रयास करते हुए गुरुवार को भारत के खिलाफ होने वाले पांचवें टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ स्पिनरों को टीम में तरजीह दी है।

इंग्लैंड की टीम और प्रबंधन ने बुधवार को धर्मशाला की पिच का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद उन्होंने पिच मिजाज भांपने का प्रयास करते हुए पिछले चौथे टेस्ट वाली टीम में केवल एक बदलाव करते हुए एक अतिरिक्त तेज गेंदबाजों को कल होने वाले मैच में खिलाने के लिए ओली रॉबिन्सन की जगह मार्क वुड प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। इंग्लैंड ने कल के टेस्ट के लिए स्पिनर टॉम हार्टले और शोएब बशीर को टीम में बरकरार रखने का फैसला किया।

हालांकि चौथे टेस्ट में 70 ओवर के दौरान बशीर की उंगली में चोटिल हो गई थी। लेकिन इंग्लैंड को नहीं लगता कि इससे उन्हें अनावश्यक रूप से कोई परेशानी होगी। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि यह एक ऐसा विकेट लग रहा है जिसमें गति हो सकती है। कल के मैच में हम एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज और दो स्पिनरों के साथ मैदान में उतरेंगे।

माना जा रहा है कि तीसरे सीमर की अनुपस्थिति इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स गेंदबाजी कर सकते है। इंग्लैंड की गेंदबाजी के आक्रमण का नेतृत्व एक बार फिर जेम्स एंडरसन करेंगे। वह अपना लगातार चौथा मैच खेलेंगे और इस मैच में वह अपने 700 पूरे कर सकते है। जिससे वह अभी दो विकेट पीछे है।

कल के टेस्ट के लिए इंग्लैंड की संभावित टीमः- जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फॉक्स (विकेटकीपर), टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर।

बिहार प्राचीन गौरव को प्राप्त करने को अग्रसर : पीएम मोदी

गोरखपुर/बेतिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के पश्चिम चम्पारण जिले के बेतिया में लगभग 12,800 करोड़ रुपये की रेल, सड़क और पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस से जुड़ी विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं का शिलान्यास किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया।, प्रधानमंत्री ने कहा कि बेतिया की भूमि ने स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने की फिर से अलख जगाई और लोगों में नई चेतना का संचार किया। प्रधानमंत्री ने कहा '' इसी भूमि ने मोहन दास जी में से महात्मा गांधी का सृजन किया। उन्होंने रेखांकित किया कि विकसित बिहार और विकसित भारत का संकल्प लेने के लिए चम्पारण के बेतिया के अतिरिक्त कोई और बेहतर स्थान नहीं हो सकता।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''बिहार की भूमि ने सदियों से देश के लिए असीम नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित की है और देश के कई महान व्यक्तित्वों को जन्म दिया है। '' उन्होंने बताया कि जब कभी भी बिहार समृद्ध हुआ है, भारत समृद्ध होता रहा है। इसलिए, बिहार का विकास विकसित भारत के लक्ष्य को अर्जित करने के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि विकसित बिहार से संबंधित विकास कार्यों को राज्य में डबल इंजन की सरकार के गठन से नई गति प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री ने बिहार की एक सबसे प्रमुख समस्या अर्थात निम्न कानून व्यवस्था की स्थिति तथा परिवारवादी राजनीति के कारण राज्य से होने वाले युवाओं के पलायन का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, '' डबल इंजन की सरकार का प्रयास राज्य के युवाओं को बिहार में ही रोजगार उपलब्ध कराने का है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश में बिछाई जाने वाली सभी रेल लाइनों या आरंभ की जाने वाली सभी नई रेलगाड़ियों का निर्माण भारत में ही हुआ है इसलिए वे नागरिकों के लिए रोजगार का सृजन भी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में आधुनिक रेल इंजन विनिर्माण फैक्टरियों की पहल खुद वर्तमान सरकार ने ही की है। उन्होंने डिजिटल भारत पहल का उल्लेख किया और बताया कि कई विकसित देशों के पास भी ऐसी डिजिटल सुविधाएं नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने भारत में हर घर को सूर्य घर बनाने पर सरकार के जोर पर प्रकाश डाला जहां छतों पर सौर संयंत्रों के माध्यम से बिजली का उत्पादन किया जा सकता है और उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को सरकार को वापस बेचा जा सकता है जिससे नागरिकों के लिए अतिरिक्त आय पैदा हो सकती है।

प्रधानमंत्री ने गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के लिए सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला और मुफ्त राशन योजना, आयुष्मान भारत योजना, पक्के घर, शौचालय, बिजली, गैस और नल के पानी के कनेक्शन, रिकॉर्ड संख्या में एम्स आईआईटी, आईआईएम और अन्य मेडिकल कॉलेज के निर्माण,, किसानों को ऊर्जादाता और उर्वरकदाता बनाने और गन्ना और धान किसानों द्वारा उपोत्पादों का उपयोग करने के लिए इथेनॉल संयंत्र स्थापित करने का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल ही में गन्ने का खरीद मूल्य बढ़ाकर 340 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है और दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना शुरू की गई है, जहां देश और बिहार में हजारों गोदाम बनाए जाएंगे।

संक्षिप्त आवाज़

गोरखपुर-हटिया-सम्बलपुर एक्सप्रेस का समय परिवर्तित

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 15028/15027 गोरखपुर-हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार सम्बलपुर तक किया गया था। इस गाड़ी के हटिया, राउरकेला, झारसुगुडा, रंगाली एवं सम्बलपुर स्टेशनों के समय में परिवर्तन किया गया है। शेष स्टेशनों पर इस गाड़ी के ठहराव एवं समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। परिवर्तित समयानुसार विस्तारित मार्ग पर 15028 गोरखपुर-हटिया-सम्बलपुर एक्सप्रेस हटिया स्टेशन पर 07.25 बजे पहुंचकर 07.35 बजे छूटेगी, राउरकेला स्टेशन पर 10.50 बजे पहुंचकर 10.58 बजे छूटेगी, झारसुगुडा स्टेशन पर 13.25 बजे पहुंचकर 13.30 बजे छूटेगी तथा रेंगाली स्टेशन पर 13.55 बजे पहुंचकर 13.57 बजे छूटकर सम्बलपुर 14.40 बजे पहुंचेगी।

नई साप्ताहिक ट्रेन का नौ से संचालन

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल के टनकपुर स्टेशन से देहरादून के लिये 15020/15019 टनकपुर-देहरादून-टनकपुर नई साप्ताहिक एक्सप्रेस टेऊन का संचलन किया जायेगा जिसका उद्घाटन 09 मार्च, को टनकपुर से किया जायेगा।

किशनगंज स्टेशन पर 2 मिनट का अस्थाई ठहराव

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 04653/04654 न्यू जलपाई गुड़ी-अमृतसर-न्यू जलपाई गुड़ी विशेष गाड़ी एवं 15933/15934 न्यू तिनसुकिया-अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस का पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के कटिहार मण्डल के किशनगंज स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर 02 मिनट का अस्थाई ठहराव अगली सूचना तक प्रदान किया जायेगा।

कटिहार-दिल्ली-कटिहार एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 15705/15706 कटिहार-दिल्ली-कटिहार एक्सप्रेस का 02 मिनट का प्रायोगिक ठहराव पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल पर सिसवा बाजार स्टेशन पर अगली सूचना तक प्रदान किया जायेगा।

नवनिर्मित बीजीरेल खंड का निरीक्षण किया

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास का क्रम निरन्तर जारी है। इसी क्रम में मऊ- ताड़ीघाट नई लाइन परियोजना के अन्तर्गत गाजीपुर घाट- ताड़ीघाट (Excluding) (07.86 किमी) स्टेशनों के मध्य नई बड़ी लाइन का निर्माण का कार्य विद्युतीकरण पूर्ण होने के उपरांत आज 06 मार्च को रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर सर्किल प्रणजीव सक्सेना ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण एस. सी श्रीवास्तव एवं रेल विकास निगम लिमिटेड के अधिकारियों के साथ इस नवनिर्मित बी जी रेल खंड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (रेल विकास निगम लिमिटेड) कमल नयन ,मुख्य विद्युत डिज़ाइन इंजीनियर सुरेश कुमार, मुख्य सिगनल इंजीनियर आर के सिंह, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी आशीष पाण्डेय, महाप्रबंधक(विद्युत रेल विकास निगम लिमिटेड) एस पी एस यादव, मुख्य परियोजना प्रबन्धक (रेल विकास निगम लिमिटेड) श्री विकास चंद्रा,अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) श्री रोशन लाल यादव, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय श्री राकेश रंजन, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक ए पी सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वितीय श्री सत्यम सिंह कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी बलेंद्र पॉल, वरिष्ठ मंडलविद्युत इंजीनियर (कर्षण) आर एन सिंह, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री यशवीर सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) श्री पंकज केशवानी, अपर महाप्रबंधक आशुतोष शुक्ला सहित मुख्यालय तथा वाराणसी मंडल के सम्बंधित शाखा अधिकारी एवं रेल विकास निगम लिमिटेड वरिष्ठ इंजीनियर उपस्थित थे।

सांसद ने पैदलउपरगामी पुल का उद्घाटन किया

वाराणसी। यात्रियों की सुविधा विस्तार के क्रम में महेन्द्रनाथ हाल्ट रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल द्वारा एकमां- चैनवां रेल खण्ड पर पडने वाले महेन्द्रनाथ हाल्ट रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित पैदल उपरिगामी पुल का फीता काटकर कर एवं हाल्ट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के प्रावधान कार्यों का फलक अनावरण कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर सम्मानित जन प्रतिनिधियों के साथ मुख्य परियोजना प्रबंधक वाराणसी कौशलेश सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक पुष्कर सिंह रावत, सहायक मंडल इंजीनयर सीवान राजेश कुमार मिश्रा सहित महेन्द्रनाथ हाल्ट के जनप्रतिनिधि, भाजपा के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ करने के पश्चात सांसद सिग्रीवाल ने अपने संबोधन में बताया की भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी के कार्य काल मे भारतीय रेलवे विकास की बुलंदियों को छू रहा है। इसी का परिणाम है की महेन्द्रनाथ हाल्ट स्टेशन जहाँ चार साल पहले तक कुछ नहीं था वहाँ धीरे-धीरे कई सुविधाओं का विकास हुआ। इसी क्रम में महेन्द्रनाथ हाल्ट स्टेशन पर क्षेत्रीय नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए नये पैदल उपरिगामी पुल का निर्माण किया गया है।

अपहरण मामले में धनंजय सिंह समेत दो को सात-सात साल की सजा

जौनपुर। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मांगने, धमकाने और आपराधिक साजिश के मामले में एडीजे चतुर्थ / विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत ने बुधवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उसके सहयोगी संतोष विक्रम सिंह को सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि इस मामले में अभियुक्तगण द्वारा जेल में बिताई गई अवधि सजा की अवधि में समायोजित की जाएगी। अदलत के आदेश से दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। इसके साथ ही यह भी तय हो गया कि अब धनंजय सिंह लोकसभा और विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाएगा। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामले में यह सिद्ध हुआ है कि अभियुक्तगण द्वारा वादी मुकदमा को उसके कार्यक्षेत्र से जबरन अपने घर बुलवाकर पिस्तौल दिखाकर उसे व उसकी कंपनी के लोगों को डराया व धमकाया गया।

आदिवासियों को वनवासी कहना उनका अपमान

बदनावर (धार)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज आदिवासियों के बीच बिना किसी का नाम लिए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है और ये आदिवासियों का सबसे बड़ा अपमान है। श्री गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत मध्यप्रदेश के धार जिले के बदनावर में आमसभा को संबोधित किया।

सभा में बड़ी संख्या में मौजूद आदिवासियों को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत राज्य के सीधी कांड का संदर्भ देते हुए की। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा ऐसी ही है। भाजपा सिर्फ आदिवासियों के साथ नहीं, दलितों और गरीब पिछड़ों के साथ भी ऐसा ही व्यवहार करती है। भाजपा के लोग सभी जगह कमजोरों का अपमान करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने अब आदिवासियों को वनवासी कहना शुरु कर दिया है।

इसके साथ ही उन्होंने दोनों शब्दों का अर्थ समझाते हुए कहा कि आदिवासी का मतलब वो व्यक्ति, जो जमीन का सबसे पहला मालिक था, वहीं वनवासी का अर्थ उन लोगों से है, जो जंगलों में रहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आदिवासी को आदिवासी कहेंगे तो सरकार को उन्हें जल-जंगल-जमीन का हक देना पड़ेगा। आदिवासियों को वनवासी कहने से बड़ा अपमान उनका कोई और नहीं सकता। उन्होंने कहा कि ये लोग एक दिन आपसे जंगल भी छीन लेंगे और कहेंगे कि आप वनवासी हो, पर वन तो अब है नहीं।

तब आदिवासियों से कहा जाएगा कि वे मजदूरी करें, भीख मांगें या भूखे मरें। यही इन दो शब्दों का फर्क है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में आदिवासियों की आठ फीसदी और मध्यप्रदेश में 24 फीसदी आबादी है, लेकिन देश भर में बड़ी-बड़ी कंपनियों के मालिकों में से कोई आदिवासी नहीं मिलेगा। देश में आदिवासियों के साथ जो हो रहा है, वो ही दलितों, पिछड़ों और सामान्य वर्ग के गरीबों के साथ भी हो रहा है।

मध्यस्थता में स्वतंत्रता-निष्पक्षता अहम : प्रधान न्यायाधीश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बीते कुछ वर्षों में अदालतों में लंबित मामलों को तेजी से निपटाने के लिए कई अहम उपाय किए हैं। मुकदमे के निपटारे के अलावा मध्यस्थता की प्रक्रिया भी अहम भूमिका निभा रही है। देश की सबसे बड़ी अदालत में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक बार फिर मध्यस्थ की भूमिका और निष्पक्षता पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता में विविधता और समावेशन के लिए सक्रिय रूप से प्रयास करने की जरूरत है।

विवाद समाधान तंत्र के रूप में मध्यस्थता ने दुनिया भर में काफी लोकप्रियता हासिल की है। सीमा पार विवादों को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता को प्राथमिकता दी जा रही है। दिल्ली मध्यस्थता सप्ताहांत के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि सीजेआई ने कहा, 90 फीसदी से अधिक अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक अनुबंधों में मध्यस्थता समझौते होते हैं।